

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 115 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 03 फरवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 03 रुपया


# भारतीय शेयर बाजार में बंपर उछाल, सेंसेक्स 1,000 अंक के करीब मजबूत



नोएडा / समाज जागरणः भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में जोरदार तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 943.52 अंक या 1.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,666.46 पर और निफ्टी 262.95 अंक या 1.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,088.40 पर बंद हुआ। बाजार में तेजी का नेतृत्व इन्फ्रास्ट्रक्चर और ऑटो सेक्टर ने किया। निफ्टी इन्फ्रा 2.26 प्रतिशत, निफ्टी ऑटो 2.13 प्रतिशत, निफ्टी पीएसई 2.04 प्रतिशत, निफ्टी ऑयल एंड गैस 2.04 प्रतिशत, निफ्टी मेटल 1.88 प्रतिशत और निफ्टी कमोडिटीज 1.87 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए। वहीं, निफ्टी आईटी (0.47 प्रतिशत) और निफ्टी हेल्थकेयर (0.08 प्रतिशत) में मामूली कमजोरी रही।

लार्ज कैप शेयरों के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी मजबूत बढ़त देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 546.80 अंक या 0.96 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,667.60 पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 105.20 अंक या 0.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,523.35 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, बीईएल, एमएंडएम, एलएंडटी, इंडिगो, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक और मारुति सुजुकी प्रमुख गेनर्स रहे। वहीं, एक्सिस बैंक, इन्फोसिस, टीसीएस, ट्रेंट, टाइटन और कोटक महिंद्रा बैंक लूजर्स रहे।

एलकेपी सिक्योरिटीज के सीनियर टेक्निकल एनालिस्ट रूपक डे ने कहा कि बड़ी गिरावट के बाद निफ्टी में मजबूत उछाल देखने को मिला है, लेकिन व्यापक ट्रेंड अभी भी कमजोर है। उन्होंने निवेशकों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी तेजी का लाभ लेने के बाद लीवरेज पोसिशन कम करें और शॉर्ट पोसिशन बनाने पर विचार करें। निफ्टी के लिए प्रमुख रुकावट का स्तर 25,200 और सपोर्ट 24,900 के आसपास है।

वैश्विक संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुला, जहां बीएसई सेंसेक्स 167.26 अंक या 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,555.68 पर और एनएसई निफ्टी 28.95 अंक या 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,796.50 पर खुला। हालांकि, कुछ ही मिनटों में बाजार तेजी के साथ हरे निशान में आ गया।

## सेंसेक्स 1,000 अंक के करीब मजबूत, निफ्टी 25,000 पार

### प्रमुख आंकड़े (बढ़त/घटत)

| इंडेक्स | अंक में बदलाव | प्रतिशत |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | +943.52 | +1.17% |
| निफ्टी | +262.95 | +1.06% |
| निफ्टी मिडकैप 100 | +546.80 | +0.96% |
| निफ्टी स्मॉलकैप 100 | +105.20 | +0.64% |

**सबसे तेज बढ़ने वाले सेक्टर्स**

इन्फ्राः +2.26%
ऑटोः +2.13%
पीएसईः +2.04%
ऑयल एंड गैसः +2.04%
मेटलः +1.88%
कमोडिटीजः +1.87%
केवल ক্ক और हेल्थकेयर सेक्टर में मामूली कमजोरी रही।

**प्रमुख गेनर्स (सेंसेक्स पैक)**

पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, बीईएल, एमएंडएम, एलएंडटी, इंडिगो, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, मारुति सुजुकी

**प्रमुख लूजर्स**

एक्सिस बैंक, इन्फोसिस, टीसीएस, ट्रेंट, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक

### विशेषज्ञ की राय

"बड़ी गिरावट के बाद निफ्टी में मजबूत उछाल देखने को मिला है। हालांकि, व्यापक ट्रेंड अभी भी कमजोर है।
किसी भी तेजी का लाभ लेने के बाद लीवरेज पोसिशन कम करें और शॉर्ट पोसिशन बनाने पर विचार करें। निफ्टी का रुकावट स्तरः 25,200 सपोर्टः 24,900"

**रूपक डे, एलकेपी सिक्योरिटीज**

### शेयर मार्केट मंगलवार को रहेगा बम- बम

नई दिल्ली. एक ही दिन में 3 बड़ी पॉजिटिव खबरों से मंगलवार को शेयर बाजार में बड़ी तेजी दिखने की उम्मीद नजर आ रही है. सबसे पहले ईरान और अमेरिका के बीच समझौते पर बातचात शुरू हो गई. दूसरी पॉजिटिव न्यूज तब सामने आई जब पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बातचात हुई.

## 'जयचंद हटाओ, नहीं तो 25 से जीरो पर आ जाएगी RJD',

पटना. आरजेडी नेता तेज प्रताप यादव ने एक बार फिर इशारों-इशारों में अपनी ही पार्टी पर बड़ा हमला बोलते हुए तीखी राजनीतिक टिप्पणी की है. पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि "जयचंदों" की वजह से आरजेडी पिछली बार सिर्फ 25 सीटों पर सिमट गई और अगर अब भी ऐसे लोगों को नहीं हटाया गया तो अगली बार पार्टी शून्य पर भी आ सकती है. हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके बयान के राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं.

**UGC बिल और केंद्रीय बजट पर समर्थन**

तेज प्रताप यादव ने बातचीत की शुरूआत UGC बिल से जुड़े सवाल के जवाब से की. उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस बिल का समर्थन करती है. वहीं केंद्रीय बजट पर भी उन्होंने सकारात्मक रुख दिखाया और कहा कि वे बजट का समर्थन करते हैं. उन्होंने कहा, "अगर मैं सत्ता में रहता तो उद्योग लगवाता." जब विपक्ष के उस आरोप पर सवाल हुआ कि बजट में बिहार को कुछ खास नहीं मिला, तो तेज प्रताप ने पलटवार करते हुए फिर "जयचंद" वाला बयान दोहराया.

## राहुल गांधी हवा में बात करते हैं, FM निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को



नेटवर्क18 के एडिटर-इन-चीफ राहुल जोशी के साथ एक इंटरव्यू में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की यूनियन बजट 2026-27 की आलोचना पर पलटवार करते हुए कहा कि वह अक्सर बिना किसी ठोस आधार के बोलते हैं. गांधी के विपक्ष के नेता के पद को मानते हुए, सीतारमण ने कहा कि वह अक्सर ऐसे बड़े-बड़े बयान देते हैं जिनमें "अच्छे बुनियादी डेटा" की कमी होती है.

सीतारामन ने कहा, "वह विपक्ष के नेता हैं. लेकिन मुझे लगता है कि ज्यादातर वह बिना सोचे-समझे बोलते हैं. वह अपनी बात कहने के लिए अच्छे बुनियादी डेटा का इस्तेमाल नहीं करते हैं." उन्होंने गांधी की "डेड इकोनॉमी" वाली पिछली टिप्पणी को याद करते हुए कहा कि जल्दबाजी में की गई उस टिप्पणी ने उनकी अपनी विश्वसनीयता को कम कर दिया.

# यूपी के हर जनपद में बनेगा एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन, सीएम योगी ने दिए निर्देश

नोएडा / समाज जागरणः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में औद्योगिक विकास को रोजगार से सीधे जोड़ने के उद्देश्य से ह्यसरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन' योजना की घोषणा की है। इसके तहत प्रदेश के सभी जनपदों में उपयुक्त भूमि शीघ्र चिन्हित करने के निर्देश दिए गए हैं।



**औद्योगिक नीति का लक्ष्य**

एक ही परिसर में कौशल, रोजगार और उद्यमिता के अवसर सुलभ हों। स्थानीय आवश्यकताओं और क्षेत्रीय संभावनाओं के अनुरूप योजना का प्रभावी क्रियान्वयन।

**विभागों का एकीकरण**

उद्योग, कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार और उद्योग-सहायता से जुड़े विभागों व सुविधाओं का एकीकृत नेटवर्क।
एमएसएमई, सेवा आधारित उद्योग और नवाचार क्षेत्रों को प्लग-एंड-प्ले यूनिट और फ्लैटेड फैक्ट्री जैसी सुविधाओं के माध्यम से बढ़ावा।

**सुविधाएँ और प्रशिक्षण**

कॉमन फैसिलिटी सेंटर, टेस्टिंग फैसिलिटी, डिस्प्ले एवं डिजाइन सेंटर, टूल रूम, ईटीपी/सीईटीपी। युवाओं के कौशल उन्नयन के लिए उद्यमिता प्रशिक्षण, मेंटरिंग, ऋण योजनाओं की जानकारी और हैंडहोल्डिंग।

**जनपद स्तर पर विकास**

प्रत्येक जनपद में न्यूनतम 50 एकड़ क्षेत्रफल में जोन विकसित। संतुलित लेआउटः औद्योगिक क्षेत्र, फ्लैटेड फैक्ट्री, वाणिज्यिक क्षेत्र, सड़क, कॉमन फैसिलिटी, सर्विस सेक्टर, ग्रीन एरिया और कार्यालय स्पेस।

**एम्प्लॉयमेंट एंड स्किल डेवलपमेंट सेंटर**

प्रशिक्षण हॉल, कॉन्फ्रेंस रूम, एक्सटेंशन काउंटर और उद्योग-सहायता से जुड़ी सुविधाएँ। स्वरोजगार एवं उद्यमिता प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप और वेतन आधारित रोजगार।

**मुख्यमंत्री की राय**

"सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन' प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और उद्यमिता का सशक्त केंद्र बनेगा। संभावित स्थलों की शीघ्र पहचान कर परियोजना को तेजी से लागू किया जाए, ताकि यह औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन का प्रभावी मॉडल बने।"
— सीएम योगी आदित्यनाथ

# पाकिस्तान, बांग्लादेश से भी कम टैरिफ, मोदी- ट्रंप के दांव से पड़ोसियों की बत्ती हो गई गुल

समाज जागरण

नई दिल्ली. पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक ट्रेड डील तय होने का ऐलान किया है. अमेरिका ने भारत पर 18 फीसदी टैरिफ करने का फैसला किया है. जबकि अमेरिका ने पाकिस्तान पर 19 फीसदी और बांग्लादेश पर 20 फीसदी टैरिफ लगाने का फैसला किया था. पीएम मोदी और ट्रंप के इस फैसले से भारत के पड़ोसियों की बत्ती गुल हो गई है. क्योंकि इससे भारत से अमेरिका को भेजे जाने वाले सामान दोनों पड़ोसियों की तुलना में सस्ते हो जाएंगे. इससे भारत के निर्यातकों को लाभ मिलेगा.

टैरिफ में भारत को मिला फायदा

अमेरिका के ताजा फैसले के अनुसार पाकिस्तान से आने वाले सामान पर 19 फीसदी और बांग्लादेश से आने वाले उत्पादों पर 20 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा. इसके मुकाबले भारत पर 18 फीसदी टैरिफ तय होना बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है. कम टैरिफ का सीधा मतलब है कि भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में सस्ते पड़ेंगे. इससे भारत की प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ेगी और निर्यातकों को नए ऑर्डर मिलने की संभावना मजबूत होगी.



**निर्यातकों के लिए खुलेंगे नए मौके**

विशेषज्ञों का मानना है कि इस टैरिफ एडवांटेज का सबसे ज्यादा फायदा टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग गुड्स, केमिकल, फार्मा और आा-ईटी हार्डवेयर सेक्टर को मिल सकता है. जब एक ही तरह के उत्पाद भारत से सस्ते दाम पर उपलब्ध होंगे, तो अमेरिकी कंपनियां भारतीय सप्लायर्स को प्राथमिकता दे सकती हैं. इससे भारत के निर्यात में बढ़ोतरी के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा होने की उम्मीद है.

# असम सरकार का बड़ा कदमः कर्मचारियों को मिलेगी एडवांस सैलरी की सुविधा



गुवाहाटी / समाज जागरणः असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी कदम की घोषणा की है। अब कर्मचारी अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एडवांस सैलरी (अग्रिम वेतन) ले सकेंगे।

**घोषणा का अवसर**

दिसपुर स्थित लोक सेवा भवन में 'स्वागत सतीर्थ पोर्टल 2.0' के शुभारंभ के दौरान की गई।
यह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म सरकारी कर्मचारियों के तबादले की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाएगा।

**एडवांस सैलरी की नई व्यवस्था**

कर्मचारी अग्रिम वेतन एकमुश्त या किश्तों में लौटा सकते हैं।
ब्याज दर तय की जाएगीः
तुरंत चुकाने पर कम ब्याज
किश्तों में चुकाने पर थोड़ा अधिक ब्याज

*मुख्य उद्देश्यः आपात स्थितियों में कर्मचारियों को समय पर आर्थिक सहायता और निजी साहूकारों पर निर्भरता कम करना।*

**प्रशासनिक पारदर्शिता**

प्रक्रिया पूरी तरह प्रशासनिक है,

**स्वागत सतीर्थ ट्रांसफर पोर्टल**

पोर्टल साल में दो बार खोला जाएगा, ताकि पारदर्शी और कर्मचारी-हितैषी तबादले सुनिश्चित हो सकें।
पहले लाभ लेने वाले 9,000 कर्मचारी दोबारा आवेदन नहीं कर सकेंगे।
जो पहले वंचित रहे, वे अपनी पसंदीदा जगह पर आवेदन कर सकते हैं।
इस बार की प्रक्रिया 7 मार्च तक पूरी करने का लक्ष्य।

कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं।
जानकारी चुनाव आयोग को भी दी जाएगी।
कर्मचारियों से 15 दिनों में आवेदन करने का आग्रह।

**मुख्यमंत्री का संदेश**

"ये पहलें कर्मचारी कल्याण, पारदर्शिता और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं।"
— मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा

# राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर संसद में चर्चा शुरू, चार फरवरी को पीएम मोदी देंगे जवाब

समाज जागरण

नई दिल्लीः संसद के दोनों सदनों में आज सोमवार से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार फरवरी को लोकसभा में चर्चा का उत्तर देंगे। यह जानकारी संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने दी।



**राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर तीन दिनों तक होगी चर्चा**

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने पत्रकारों से बताया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर तीन दिनों तक चर्चा होगी। इसके लिए कुल 18 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी 04 फरवरी को लोकसभा में चर्चा का जवाब देंगे।

**इससे पहले लोकसभा में कल वित्तमंत्री ने केंद्रीय बजट किया था पेश**

उन्होंने बताया लोकसभा में आज सोमवार को केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल धन्यवाद प्रस्ताव पेश करेंगे, जिसका समर्थन सांसद तेजस्वी सूर्या करेंगे। इसके बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी चर्चा की शुरूआत करेंगे। उल्लेखनीय है कि लोकसभा में कल वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट पेश किया था। (इनपुट-एजेंसी)

# खो-खो प्रतिभा निखारने के साथ व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम

अश्विनी वालिया कुरुक्षेत्रः केशव पार्क, कुरुक्षेत्र में आयोजित 35वीं सब जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप में देशभर के 28 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों की 35 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन गर्ल्स और बॉयज वर्ग की टीमों के बीच क्वार्टर फाइनल में प्रवेश के लिए जोरदार मुकाबले देखने को मिले।

तीसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि इंटरनेशनल जाट धर्मशाला के प्रधान कृष्ण श्योकंद कार्यक्रम में पहुंचे। हरियाणा स्पोर्ट्स खो-खो एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव महेंद्र कम्बोज और जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कृष्ण श्योकंद ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल और खिलाड़ी देश का गौरव हैं तथा हरियाणा की ग्रामीण प्रतिभाएं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं।

# एक पर एक फ्री साहित्य का पैकेज ऑफर

आजकल साहित्य जगत में साहित्य नहीं, स्कीम चल रही है। रचना नहीं, रिलेशन मैनेजमेंट लिखा जा रहा है और कवि? कवि अब व्यक्ति नहीं, ब्रांड है
जिसके साथ कॉम्बो ऑफर अनिवार्य है। मेरे एक मित्र ने भोलेपन में एक साहित्यिक आयोजन कर डाला। भोले थे इसलिए कि उन्होंने सोचा मुख्य अतिथि साहित्य जगत से ही आएगा,बाकी लोग अपनी-अपनी कुर्सी लेकर खुद आ जाएँगे। उन्होंने एक तथाकथित बड़े साहित्यकार को फोन किया। उधर से आवाज आई आइडिया अच्छा है पर पहले शर्तें समझ लीजिए,मित्र सतर्क हो गए, साहित्य में शर्तें वही होती हैं जो प्रेम में शादी करने का झूठा वायदा और राजनीति में घोषणा पत्र। साहित्यकार बोले यदि मैं मुख्य अतिथि बन कर आऊँ, तो मेरे साथ चार लोग फ्री आएँगे, फ्री?ह्व मित्र ने पूछा।
हाँ, साहित्य में अब एक पर एक नहीं, एक पर चार चल रहा है। सूची पढ़ी गई एक अध्यक्ष (जो हर जगह अध्यक्ष ही होते हैं),
एक विशिष्ट अतिथि (जो विशिष्ट इसलिए हैं क्योंकि हर मंच पर दिखते हैं),
एक मित्र जो तालियाँ गिनता है।और एक ऐसा व्यक्ति जिसे कोई नहीं जानता,पर हर फोटो में सबसे आगे दिखता है।
मित्र ने डरते-डरते कहा सर, अध्यक्ष और विशिष्ट अतिथि तो तय हैं।
उधर से आवाज अचानक गंभीर हो गई
तो फिर मुझे क्यों बुला रहे हैं?
मैं अकेला आकर साहित्य को क्या मुँह दिखाऊँगा?

फिर शर्तें और स्पष्ट की गई ,माला फूलों की नहीं, प्रतिष्ठा की होनी चाहिए। परिचय में वरिष्ठ, महान और युगद्रष्टा शब्द न्यूनतम तीन बार बोला जाना होगा।
कविता के बाद तालियाँ इतनी देर चलें कि आत्मा पूरी तरह तर हो जाए,और हाँ मंच से उतरते समय कोई बोले महोदय आज का कार्यक्रम आपके बिना अधूरा रहता।
मित्र का सिर घूम गया।
उन्होंने विनम्रता से कहा सर, आप मुख्य अतिथि बन जाइए बस, बाकी पद हम सम्हाल लेंगे।
साहित्यकार ने अंतिम निर्णय सुनाया नहीं। आजकल साहित्य खुदरा नहीं बिकता या तो पूरा पैकेज लीजिए, या फिर मुझे मत बुलाइए।
फोन कट गया।
मित्र देर तक फोन को देखते रहे, जैसे कविता ने अचानक अनुबंध माँग लिया हो।
कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि नहीं आए। पर आश्चर्य यह कि पूरा का पूरा साहित्य आ गया।
बिना टीम, बिना शर्त, बिना पैकेज। कविता ठीक से सुनी गई।तालियाँ मन से बजीं और मंच पर बैठे लोग घर जाकर भी वही रहे जो मुख्य अतिथि बने थे। पीछे से किसी ने कहा आज बड़े लोग नहीं आए।
मित्र मुस्कुराए कहा हाँ, आज साहित्य ऑफर में नहीं था। इसलिए शायद वह पूरी ईमानदारी से मौजूद था।

**संजीव ठाकुर व्यंगकार,लेखक,**
**रायपुर छत्तीसगढ़,**
**9009 415 415,**

# संघीय संतुलन, राज्यों की हिस्सेदारी और राजकोषीय अनुशासन की कठिन कसौटी

सोलहवें वित्त आयोग ने बांटे जा सकने वाले कर पूल में राज्यों का हिस्सा 41 फीसदी बनाए रखा है, जो पिछले वित्त आयोग द्वारा तय स्तर के बराबर ही है
सोलहवें वित्त आयोग को अपना काम उल्लेखनीय निगरानी के बीच करना पड़ा। बीते दशक में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच के रिश्तों में गिरावट आई है और इसकी वजह केवल दलगत राजनीति नहीं रही है। इसके लिए व्यापक मुद्दे जिम्मेदार रहे हैं। राज्यपालों की भूमिका से लेकर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन तक के व्यापक मुद्दों ने देश की संघीय संरचना को ऐसे दबाव में डाल दिया है, जैसा उसने पिछले चार दशकों में नहीं देखा था। इसलिए आयोग के सामने यह कठिन कार्य था कि सरकार के राजस्व के विभाजन से इन प्रवृत्तियों को और बढ़ावा न मिले।

संसद में रविवार को प्रस्तुत इसका प्रतिवेदन स्वागत योग्य है, क्योंकि ऐसा लगता है कि उसने इस उद्देश्य को हासिल कर लिया है। आयोग ने उस सूत्र की पुनः समीक्षा की है जिसके आधार पर बांटे जा सकने लायक कोष के तहत कर की गणना की जाती है, और इसमें ह्यसकल घरेलू उत्पाद में योगदानह्ल को एक कारक के रूप में शामिल किया है। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि कुछ दक्षिणी राज्यों, जिनमें कर्नाटक शामिल है, तथा पश्चिमी तट के अधिक विकसित राज्यों, जैसे गुजरात, का हिस्सा वास्तव में बढ़े।





राज्य सरकारें लंबे समय से यह तर्क देती रही हैं कि उनके लिए नीतिगत प्रयोग और स्वायत्तता की गुंजाइश लगातार कम होती जा रही है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) एक आवश्यक सुधार था, लेकिन इसने निस्संदेह उनकी राजकोषीय स्वायत्तता को कम कर दिया। इस बीच, जो राजस्व उनके पास उपलब्ध रहा, उसका बड़ा हिस्सा उन योजनाओं के वित्तपोषण और क्रियान्वयन में खर्च हुआ जो केंद्र सरकार द्वारा तैयार और चुनी गई थीं और जिनका राजनीतिक श्रेय स्थानीय नेताओं को नहीं मिलता। इस समय उनके संसाधनों में कमी करना इसलिए एक खतरनाक कदम होता।

सोलहवें वित्त आयोग ने बांटे जा सकने वाले कर पूल में राज्यों का हिस्सा 41 फीसदी बनाए रखा है, जो पिछले वित्त आयोग द्वारा तय स्तर के बराबर ही है। लेकिन यह ध्यान देने योग्य है कि यह हिस्सा उस कोष से लिया जाता है जो वास्तव में जितना होना चाहिए उससे छोटा है, क्योंकि केंद्र सरकार अब ज्यादा से ज्यादा विभिन्न उप करों का सहारा लेती है, जो कर माने जाते हैं लेकिन जिन्हें वह पूरी तरह अपने पास रख सकती है। इस प्रकार आयोग की सिफारिशें राज्यों की ज्यादा हिस्सेदारी की मांगों को खत्म नहीं करेंगी, लेकिन इससे शायद नाइंसाफी की शिकायतों को रोका जा सकेगा।

राज्यों की सीमित नीतिगत स्वतंत्रता शायद उन कारणों में से एक है जिसकी वजह से राज्य ऋण फिर से व्यापक स्तर पर चिंता का विषय बनने लगा है। आयोग ने राज्य सरकारों द्वारा बजट से इतर ऋण लेने की प्रवृत्ति को रोकने का आग्रह किया है। राजकोषीय घाटे को सकल राज्य घरेलू उत्पाद यानी जीएसडीपी के लगभग 3 फीसदी पर नियंत्रित करना एक बड़ा सुधार था, और इससे बचने के लिए किसी भी प्रकार के शॉर्टकट को अपनाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। बजट से बाहर उधार लेने से और भी जटिलताएं उत्पन्न होती हैं। एक ओर, इससे कई सरकारों की वास्तविक देनदारियों के बारे में पारदर्शिता में काफी कमी आई है। दूसरी ओर, यह व्यापक बॉन्ड बाजार पर बोझ डालता है।
स्वयं राज्यों के लिए, भारी ऋण देनदारी चुकाना एक बड़ा कारण हो सकता है कि वे ऐसी नई नीतियां लागू करने में असमर्थ महसूस करते हैं, जिनमें व्यय शामिल होता है। आयोग ने राजस्व घाटा अनुदान को समाप्त करने की सिफारिश करके भी अच्छा किया है, जिससे राजकोषीय अनुशासन में सुधार होगा। अर्थशास्त्री अरविंद पानगड़िया की अध्यक्षता वाले सोलहवें वित्त आयोग की सराहना की जानी चाहिए कि उसने राजनीतिक धारा के विपरीत जाकर यह सुनिश्चित किया कि अधिक उत्पादक राज्यों के पास संसाधन हों, और राजकोषीय ईमानदारी तथा विकासोन्मुख नीतियों वाले राज्यों को प्रोत्साहन मिले।

# चुनौतीपूर्ण समय का बजट — संतुलित घाटा और सर्विस सेक्टर से विकास की उम्मीद

इसका मतलब है कि सरकार ने अपने खर्च और कर्ज (घाटे) को बहुत ज्यादा न बढ़ाकर एक संतुलित और अनुशासित रास्ता चुना है
वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट असाधारण भूराजनीतिक उथल-पुथल के बीच प्रस्तुत किया गया। भारत की वृद्धि दर 7.4 फीसदी के साथ मजबूत बनी रही लेकिन आगे इसे बनाए रखना चुनौतीपूर्ण होगा। बीते कई सालों से सरकार का रुख सार्वजनिक निवेश को वृद्धि को बढ़ावा देने में प्रयोग करने का रहा है। इस वर्ष बुनियादी ढांचे पर होने वाला व्यय बढ़कर 12.2 लाख करोड़ रुपये होने जा रहा है जो काफी अधिक है। इसके साथ ही नई और बड़ी अधोसंरचना परियोजनाओं के लिए दृष्टिकोण में भी विस्तार किया गया है।



इसमें शामिल हैं: दक्षिण भारत में विशेष रूप से विभिन्न विकास केंद्रों को जोड़ने वाली नई उच्च गति की रेल लिंक श्रृंखला, पूर्व-पश्चिम धुरी पर नए समर्पित मालवाहक गलियारे, तटीय माल परिवहन, जिससे रेल और राजमार्गों पर दबाव कम हो सके और 20 नए राष्ट्रीय जलमार्ग, जिनका उद्देश्य आंतरिक क्षेत्रों से खनिज संपदा को आसानी से बंदरगाहों तक पहुंचाना है। यह बात ध्यान देने लायक है कि अतिरिक्त पूंजीगत व्यय का बड़ा हिस्सा ब्याज रहित ऋण में इजाफे के रूप में है जो राज्यों को उनके ही निवेश के लिए दिया जाता है।

बहरहाल, फैक्टरियों और परियोजनाओं में निजी निवेश ने सरकारी निवेश को लेकर प्रतिक्रिया नहीं दी और रोजगार वृद्धि सीमित बनी रही। सरकार ने विनिर्माण पर जो जोर दिया उसे निस्संदेह कुछ कामयाबी मिली। केंद्रीय वित्त मंत्री ने घोषणा की है कि इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन का दूसरा दौर शुरू किया जाएगा और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम के आवंटन को 23,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 40,000 करोड़ रुपये किया जाएगा। मेक इन इंडिया को प्रतिकूल हालात का सामना करते रहना होगा। इसमें मौजूदा कारोबारी तनाव भी शामिल हैं। Budget 2026 में सेवा क्षेत्र पर बहुत अधिक ध्यान दिया गया है।

यह भी पढ़ें: रटए को चैंपियन बनाने के लिए 10,000 करोड़ का फंड, छोटे उद्योगों की किस्मत बदलेगी सरकार

एक उच्चस्तरीय समिति का प्रस्ताव रखा गया है जो सेवा क्षेत्र में शिक्षा से रोजगार और उद्यमिता तक रोजगार और उत्पादन पर ध्यान देगी। आईटी सक्षम सेवाओं, पर्यटन, स्वास्थ्य और पशु चिकित्सा, सामाजिक देखभाल और रचनात्मक क्षेत्रों तक कई सेवा क्षेत्रों की सहायता के लिए बजट समर्थन की घोषणा की गई। इसमें नए उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना से लेकर नए संस्थानों के लिए सब्सिडी सहायता तक शामिल हैं। यह परिवर्तन सरकार की व्यापक चिंता को दर्शा सकता है। यह चिंता नई विनिर्माण इकाइयों में निजी निवेश की कमी, नए कारखानों की बढ़ती पूंजीगत लागत और भारतीय वस्तुओं के लिए वैश्विक बाजार तक पहुंच और शुल्क तथा गैर शुल्क बाधाओं से संबंधित है। सेवा क्षेत्र को इन समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता।

हालांकि, इसमें कार्यबल में उच्च कौशल की आवश्यकता होती है। इस कमी को दूर करना ही इन नई पहलों का मूलभूत विषय प्रतीत होता है। फिर भी यह उचित प्रश्न है कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की क्रांति इन क्षेत्रों में रोजगार सृजन पर कितना प्रभाव डालेगी क्योंकि अब सरकार अपना ध्यान इन पर केंद्रित कर रही है।

मौजूदा सरकार की आर्थिक नीति का दूसरा प्रमुख स्तंभ, पूंजीगत व्यय के अलावा राजकोषीय संयम भी रहा है। इ४ॉ३ 2026 पर्यवेक्षकों को अपेक्षाकृत विरोधाभासी संकेत देता है। यह पहला साल है जब औपचारिक लक्ष्य अगले वर्ष के राजकोषीय घाटे से हटकर ऋण-जीडीपी अनुपात पर केंद्रित किया गया है, जिसे अब ह्यऋण लक्ष्य निर्धारण के लिए परिचालन साधनह्ल के रूप में पुनः परिभाषित किया गया है। इससे विश्लेषण कुछ जटिल हो जाता है, क्योंकि अब भविष्य में जीडीपी की दिशा और भी महत्त्वपूर्ण हो गई है। बजट अगले वर्ष के लिए 10 प्रतिशत नॉमिनल वृद्धि मानकर चलता है, जो इस वर्ष से थोड़ी अधिक है ।इसमें यह भाव निहित है कि उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति इस वर्ष कुछ अधिक होगी।

इसका नतीजा यह हुआ कि वित्त मंत्री यह वादा कर सकती हैं कि ऋण-जीडीपी अनुपात को मौजूदा वर्ष के 56.1 फीसदी से कम करके 2026-27 में 55.6 फीसदी किया जाएगा। यह अपेक्षा से धीमा है। राजकोषीय घाटा भी जीडीपी के 4.4 फीसदी से घटकर 4.3 फीसदी हो जाएगा। ये बहुत छोटे बदलाव हैं और राजकोषीय एकीकरण के प्रति गत दृष्टिकोण से एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन को दशार्ते हैं।

यह भी पढ़ें: Railway Budget 2026: रेलवे को मिले 2.92 लाख करोड़, बनेंगे 7 नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर

इस वर्ष एक ओर, वैश्विक दबाव काफी अधिक हैं और वित्त मंत्री शायद प्रणाली को झटका देना पसंद न करें, खासकर तब जबकि कुछ प्रणालियां, जैसे जीएसटी प्राप्तियां, संकट का संकेत दे रही हों। दूसरी ओर, ऋण का गणित प्रतिकूल है क्योंकि पिछले उधार की कई किश्तें इस वर्ष परिपक्व होंगी। शुद्ध उधारी केवल मामूली रूप से बढ़ेगी, सकल बाजार उधारी तेजी से बढ़कर 17.2 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी, जो 14.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इससे स्वाभाविक रूप से बॉन्ड बाजार पर काफी दबाव पड़ेगा और यील्ड तथा दरों पर बोझ बनेगा।

जहां तक सामान्य निवेशक, छोटे व्यवसायी और उपभोक्ताओं का सवाल है, सरकार की कार्रवाई का ध्यान तंत्र और शासन को आसान बनाने पर केंद्रित है। यह स्वागत योग्य है। बजट में जो वादे किए गए हैं उनमें छोटे उद्यमों के लिए ट्रेड्स प्रणाली के उपयोग का विस्तार, कई कर अपराधों को अपराध मुक्त बनाना और कुछ चूकों (जैसे विदेशी संपत्तियों के लिए) पर प्रतिरक्षा प्रदान करना, भरोसे पर आधारित कस्टम्स के लिए नए दृष्टिकोण का वादा और व्यक्तिगत यात्रा के लिए शुल्क मुक्त भत्तों का संशोधन शामिल हैं।
एक चीज जिसे सख्त किया गया है, वह है वायदा एवं विकल्प कारोबार पर प्रतिभूति लेनदेन कर। कुछ बड़े बाजार प्रतिभागी चिंतित हैं कि इससे नकदी कम होगी लेकिन तथ्य यह है कि खुदरा व्यापारी इन जटिल लेन-देन में अत्यधिक शामिल हो रहे थे, और वायदा एवं विकल्प में लग रही तिकड़मों को रोकने के लिए कुछ कदम उठाना आवश्यक था। कुल मिलाकर, Budget 2026 इस दांव पर आधारित है कि धीमा राजकोषीय एकीकरण, राज्य का पूंजीगत व्यय और सेवाओं को बढ़ावा देना विकास को जारी रखेगा।

# उपनिषद

ब्राह्मणों की रचना ब्राह्मण पुरोहितों ने की थी, लेकिन उपनिषदों की दार्शनिक परिकल्पनाओं के सृजन में क्षत्रियों का भी महत्त्वपूर्ण भाग था। उपनिषद उस काल के द्योतक हैं जब विभिन्न वर्णों का उदय हो रहा था और कबीलों को संगठित करके राज्यों का निर्माण किया जा रहा था। राज्यों के निर्माण में क्षत्रियों ने प्रमुख भूमिका अदा की थी, हालांकि उन्हें इस काम में ब्राह्मणों का भी समर्थन प्राप्त था। डॉ. राधाकृष्णन के अनुसार उपनिषद शब्द की व्युत्पत्ति उप (निकट), नि (नीचे), और षद (बैठो) से है। इस संसार के बारे में सत्य को जानने के लिए शिष्यों के दल अपने गुरु के निकट बैठते थे। उपनिषदों का दर्शन वेदान्त भी कहलाता है, जिसका अर्थ है वेदों का अन्त, उनकी परिपूर्ति। इनमें मुख्यतः ज्ञान से सम्बन्धित समस्याऔं पर विचार किया गया है।
इन ग्रन्थों में परमतत्व के लिए सामान्य रूप से जिस शब्द का प्रयोग किया जाता है, वह है ब्रह्मन्। यद्यपि ऐसा माना जाता है कि ह्ययहह्ल अथवा वह जैसी ऐहिक अभिव्यंजनाओं वाली शब्दावली में यह वर्णनातीत है और इसीलिए इसे बहुधा अनिर्वचनीय कहा है, तथापि किसी भांति इसका तादात्म्य आत्मा अथवा स्व से स्थापित किया जाता है। उपनिषदों में इसके लिए आत्मन् शब्द का प्रयोग किया गया है। अतः औपनिषदिक आदर्शवाद को, संक्षेप में, ब्रह्मन् से आत्मन् का समीकरण कहा जाता है। औपनिषदिक आदर्शवादियों ने इस आत्मन् को कभी ह्यचेतना-पुंज मात्र (विज्ञान-घन) और कभी ह्यपरम चेतनाह्ल के रूप में स्वीकार किया है। इसे आनंद और सत के रूप में भी स्वीकार किया गया है।
स्वयं उपनिषदों की अपनी व्याख्या भी इस दुर्भाग्य का शिकार होने से न बच सकी। पश्चिमी देशों के व्याख्याकारों ने भी एक न एक भाष्यकार का अनुसरण किया। गफ शंकर की व्याख्या का अनुसरण करता है। अपनी पुस्तक फि लासफी ऑफ उपनिषद्स की प्रस्तावना में वह लिखता है, ह्यउपनिषदों के दार्शनिक तत्त्व का सबसे बड़ा भाष्यकार शंकर, अर्थात शंकराचार्य है। शंकर का अपना उपदेश भी स्वाभाविक और उपनिषदों के दार्शनिक तत्त्व की युक्तियुक्त व्याख्या है।
मैक्समूलर ने भी इसी मत का समर्थन किया है। ह्यहमें अवश्य स्मरण रखना चाहिए कि वेदान्त का सनातन मत वह नहीं है जिसे हम विकास कह सकते हैं बल्कि माया है। ब्रह्म का विकास अथवा परिणाम प्राचीन विचार से भिन्न है, माया अथवा विवर्त ही सनातन वेदान्त है।.....लाक्षणिक रूप में इसे यों कहेंगे कि सनातन वेदान्त के अनुसार यह जगत ब्रह्म से उन अर्थों में उद्भूत नहीं हुआ जिन अर्थों में बीज से वृक्ष उत्पन्न होता है, किन्तु जिस प्रकार सूर्य की किरणों से मृगमरीचिका की प्रतीति होती है, उसी प्रकार ब्रह्म से जगत की उत्पत्ति भी भ्रांतिवश प्रतीत होती है।ड्यूसन ने यही मत स्वीकार किया है।
वेद का वह भाग जिसमें विशुद्ध रीति से आध्यात्मिक चिन्तन को ही प्रधानता दी गयी है और फल सम्बन्धी कर्मों के दृढ़ानुराग को शिथिल करना सुझाया गया है, 'उपनिषद' कहलाता है। वेद का यह भाग उसकी सभी शाखाओं में है, परंतु यह बात स्पष्ट-रूप से समझ लेनी चाहिये कि वर्तमान में उपनिषद संज्ञा के नाम से जितने ग्रन्थ उपलब्ध हैं, उनमें से कुछ उपनिषदों (ईशावास्य, बृहदारण्यक, तैत्तिरीय, छान्दोग्य आदि)- को छोड़कर बाकी के सभी उपनिषदझभाग में उपलब्ध हों, ऐसी बात नहीं है। शाखागत उपनिषदों में से कुछ अंश को सामयिक, सामाजिक या वैयक्तिक आवश्यकता के आधार पर उपनिषद संज्ञा दे दी गयी है। इसीलिए इनकी संख्या एवं उपलब्धियों में विविधता मिलती है।
वेदों में जो उपनिषद-भाग हैं, वे अपनी शाखाओं में सर्वथा अक्षुण्ण हैं। उनको तथा उन्हीं शाखाओं के नाम से जो उपनिषद-संज्ञा के ग्रन्थ उपलब्ध हैं, दोनों को एक नहीं समझना चाहिये। उपलब्ध उपनिषद-ग्रन्थों की संख्या में से ईशादि 10 उपनिषद तो सर्वमान्य हैं। इनके अतिरिक्त 5 और उपनिषद (श्वेताश्वतरादि), जिन पर आचार्यों की टीकाएँ तथा प्रमाण-उद्धरण आदि मिलते हैं, सर्वसम्मत कहे जाते हैं। इन 15 के अतिरिक्त जो उपनिषद उपलब्ध हैं, उनकी शब्दगत ओजस्विता तथा प्रतिपादनशैली आदि की विभिन्नता होने पर भी यह अवश्य कहा जा सकता है कि इनका प्रतिपाद्य ब्रह्म या आत्मतत्त्व निश्चयपूर्वक अपौरुषेय, नित्य, स्वतःप्रमाण वेद-शब्द-राशि से सम्बद्ध है। उपनिषदों की कुल संख्या 108 है।

# सी. एन. अन्नादुराई

कान्जीवरम नटराजन अन्नादुराई (जन्म- 15 सितम्बर, 1909, तमिलनाडु, ब्रिटिश भारत; मृत्यु- 3 फरवरी, 1969, मद्रास) तमिलनाडु की राजनीति में काफी महत्त्वपूर्ण प्रभाव रखते थे। उन्हें 'अन्ना' अर्थात 'बड़ा भाई' कहकर सम्बोधित किया जाता था। सी. एन. अन्नादुराई तमिलनाडु के लोकप्रिय नेता, भारत के प्रथम गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री एवं 'द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम' दल के संस्थापक थे। तम्बाकू से रचे दाँत, खूँटीदार दाढ़ी और लुभावनी शुष्क आवाज वाले अन्नादुराई के साथ आधुनिक तमिलनाडु की कहानी जुड़ी हुई है। सी. एन अन्नादुराई ऐसे प्रथम नेता थे, जिनकी देश के स्वतंत्रता संग्राम में कोई भूमिका नहीं थी। अन्नादुराई भारतीय राजनीति के कभी भी खिलाफ नहीं रहे, किन्तु उन्होंने 'भारतीय संविधान' में अपने राज्य के लिए अधिक स्वायत्तता चाही थी।
सी. एन. अन्नादुराई का जन्म 15 सितम्बर, 1909 में ब्रिटिशकालीन मद्रास (वर्तमान चेन्नई) के निकट कांचीपुरम, तमिलनाडु में हुआ था। ये एक निम्न मध्यम वर्गीय हिन्दू परिवार से सम्बन्ध रखते थे। इनके पिता का नाम नटराजन एवं माता बांगरु अम्मल थीं। सी. एन. अन्नादुराई के पिता बुनकर का कार्य करते थे।

### शिक्षा तथा विवाह

अन्नादुराई ने अपनी शिक्षा-दीक्षा मद्रास तथां कांचीपुरम में पूर्ण की थी। 21 वर्ष की आयु में छात्र जीवन में ही सी. एन. अन्नादुराई का विवाह रानी अन्नादुराई से हुआ। उन्होंने सन 1934 में बी. ए. की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद 'मद्रास विश्वविद्यालय' से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। स्नातकोत्तर की परीक्षा के पश्चात उन्होंने लगभग एक वर्ष तक हाईस्कूल में अंग्रेजी अध्यापक के रूप में अध्यापन कार्य भी किया। तभी उनका रुखपत्रकारिता और राजनीति की ओर उन्मुख हुआ, जो कि उनके जीवन में प्रधान दिलचस्पी के रूप में था।

### संपादक तथा लेखक

तमिल जागरण में अन्नादुराई के निबंधों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने 'जस्टिस' नामक तमिल पत्र के सहायक संपादक एवं बाद में 'विदुघलाई' नामक पत्र के संपादक के पद पर कार्य किया था। सी. एन. अन्नादुराई ने सन 1942 में तमिल साप्ताहिक 'द्रविड़नाड़', सन 1957 में अंग्रेजी साप्ताहिक 'होमलैंड' तथा एक वर्ष पश्चात 'होमरूल' नामक पत्रिका निकाली थी। ये हिन्दी के प्रबल विरोधी तथा तमिल भाषा और साहित्य के पुनरुत्थानकर्ता थे। अन्नादुराई ने अनेक तमिल अखबारों, जैसे- 'विदुलहलाई', 'कुदी अरसु', 'देविनधन्दु', 'मैलई मनी' और 'कांची' इत्यादि को सहयोग दिया। उनकी साहित्य में भी गहरी दिलचस्पी थी तथा उन्होंने नाटककार एवं लेखक के रूप में लघु कथाएँ भी लिखी थीं।

### राजनीति में प्रवेश

सी. एन. अन्नादुराई ने अपने प्रारंभिक राजनीतिक कैरियर में 'जस्टीस पार्टी' को सहयोग दिया तथा कांग्रेस का विरोध किया। वे सन 1934 में पेरियार ई. वी. रामास्वामी के सम्पर्क में आये थे। 'जस्टिस पार्टी' का सन 1949 में 'द्रविड कड़गम' नाम से पुनः नामकरण किया गया। इसने अपने पूर्व ब्रिटिश दृष्टिकोण बदल दिया तथा यह पार्टी मानवीय मूल्यों पर आधारित पार्टी के रूप में उभर कर सामने आई।
1949 में ही 'द्रविड कड़गम' का विभाजन हो गया तथा अन्नादुराई ने 'द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम' नाम से पार्टी की शुरूआत की। 1957 में मद्रास विधान सभा का सदस्य निर्वाचित होने के साथ अन्नादुरई का सक्रिय राजनीतिक जीवन प्रारंभ हुआ। मद्रास में जल्दी ही 'डी.एम.के.' पार्टी मजबूत ताकत के रूप में उभरी। 1962 में वे राज्य सभा में गए और 1967 में आम चुनाव में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम को पूर्ण बहुमत मिला और अन्नादुरई मद्रास के गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री बने।

### अन्नादुराई पर जारी डाक टिकट

अन्नादुराई जी राजकाज में क्षेत्रीय भाषा के प्रयोग के पक्षपाती थे। इन्होंने अपने प्रदेश में तमिल भाषा के प्रयोग को पर्याप्त प्रोत्साहन दिया। मद्रास राज्य का नामकरण 'तमिलनाडु' करने का श्रेय भी अन्नादुराई को ही जाता है। तमिलनाडु का मुख्यमंत्रित्व ग्रहण करने के पूर्व राज्य सभा के सदस्य के रूप में भी इन्होंने ख्याति प्राप्त की थी। सन 1967 के महानिर्वाचन में तमिलनाडु में 'द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम' की अभूतपूर्व सफलता ने अन्नादुराई को अपने दल को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठापित करने की प्रेरणा प्रदान की थी। यदि असमय ही ये कालकवलित न हो गए होते तो संभवतः भविष्य में 'द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम' का स्थान 'भारत मुन्नेत्र कड़गम' ने ले लिया होता।

अन्नादुरई हिंदी भाषा के प्रबल विरोधी थे। जस्टिस पार्टी भी प्रारंभ से ही कांग्रेस की विरोधी थी। सी. राजगोपालाचारी के मुख्यमंत्रित्व काल में हिंदी का विरोध करने के कारण अन्नादुराई को जेल भी जाना पड़ा था। तमिल भाषा के प्रभावशाली लेखक के रूप में प्राप्त प्रतिष्ठा का उनको राजनीतिक लाभ मिला था। 1944 में जस्टिस पार्टी का नाम बदलकर द्रविड़ कड़गम रख लिया गया। नई पार्टी में अपनी नीति में भी परिवर्तन किया। पुराने नेता पेरीयार इस परिवर्तन के समर्थक नहीं थे। पेरीयार चाहते थे कि 15 अगस्त, 1947 को 'शोक दिवस' के रूप में मनाया जाए, पर अन्नादुराई इसके पक्ष में नहीं थे। इसी मतभेद के कारण 1949 में द्रविड़ मुनेत्र कड़गमनामक नया दल बना और जीवनपर्यंत वे उसके एकछत्र नेता रहे।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# सम्मानित मीडिया बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना

**समाज जागरण**

जनपद के सम्मानित मीडिया बन्धुओं को सादर अवगत कराना है कि वर्ल्ड वेटलैंड-डे के अवसर पर आज दिनांक 02 फरवरी, 2026 को प्रातः 10:00 बजे वेटलैंड सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में मुख्य अतिथि माननीय राज्य मंत्री, पर्यावरण, वन जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश श्री के.पी. मलिक जी की गरिमामयी उपस्थिति में बर्ड फेस्टिवल कार्यक्रम आयोजित होगा। कृपया निर्धारित समय एवं स्थान पर पहुंचकर हमें कृतार्थ करने का कष्ट करें।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# थाना दादरी पुलिस व नारकोटिक्स सेल की संयुक्त कार्रवाई, दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

## 19 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

नोएडा थाना दादरी पुलिस एवं नारकोटिक्स सेल ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी में संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मैनुअल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर की गई।




पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र के अंतर्गत अम्बेडकर कॉलोनी के पास से अभियुक्त रामबाबू पुत्र अनूपलाल तथा अंजे पर्वत पुत्र ललन पर्वत को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से कुल 19 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त रामबाबू (उम्र लगभग 55 वर्ष) मूल रूप से हरपुर जगन्नाथपुर, थाना महनार, जिला वैशाली (बिहार) का निवासी है तथा वर्तमान में गगन विहार कॉलोनी, कस्बा व थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर में रह रहा था। वहीं दूसरा अभियुक्त अंजे पर्वत (उम्र लगभग 24 वर्ष) मूल रूप से सीयाडी मठिया, थाना सिवान, जिला सिवान (बिहार) का निवासी है और वर्तमान में गगन विहार कॉलोनी, थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर में रह रहा था।

पुलिस ने बताया कि दोनों अभियुक्तों का काफी पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

बरामद गांजा को पुलिस ने कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# थाना सेक्टर-24 पुलिस ने 20 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त को किया गिरफ्तार

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित था अभियुक्त, मोरना बस स्टैंड के पास से दबोचा

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

नोएडा थाना सेक्टर-24 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 20,000 रुपये के इनामिया एवं गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त शाहिद पुत्र मुंशी खाँ को मोरना बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त वर्तमान में कस्बा व थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर में रह रहा था, जबकि उसका मूल निवास थाना जहाँगीराबाद, जिला बुलंदशहर बताया गया है। अभियुक्त की उम्र लगभग 31 वर्ष है।




पुलिस ने बताया कि अभियुक्त का काफी पुराना आपराधिक इतिहास रहा है तथा इसके विरुद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में पूर्व से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। लंबे समय से अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे, जिस पर पुलिस ने 20 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है तथा पुलिस अन्य मामलों में भी पूछताछ कर रही है।

# विश्व वेटलैंड दिवस पर सूरजपुर वेटलैंड में प्रकृति और पक्षियों का उत्सव

## बर्ड फेस्टिवल -2026 का भव्य आयोजन, संरक्षण और जागरूकता का दिया गया संदेश

**समाज जागरण**

**गौतमबुद्धनगर 02 फरवरी, 2026**

माननीय राज्य मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के0 पी0 मलिक की अध्यक्षता में विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर जैव विविधता संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण एवं इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूरजपुर वेटलैंड, ग्रेटर नोएडा में बर्ड फेस्टिवल 2026 का भव्य, प्रेरणादायी एवं जनभागीदारी से परिपूर्ण आयोजन किया गया।

इस अवसर पर माननीय जिला अध्यक्ष गौतमबुद्धनगर अभिषेक शर्मा, माननीय सदस्य सी0ई0सी0, माननीय उच्चतम न्यायालय चन्द्र प्रकाश गोयल, मुख्य वन संरक्षक पश्चिमी जोन उत्तर प्रदेश मेरठ डॉक्टर के इलंगो, वन संरक्षक मेरठ आदर्श कुमार, जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम, प्रभागीय वन अधिकारी रजनीकांत मित्तल, प्रभागीय निदेशक गाजियाबाद ईशा तिवारी, रिटायर्ड प्रभागीय वनाधिकारी प्रमोद कुमार, प्रभागीय निदेशक बुलन्दशहर हरेन्द्र सिंह, आर्किटेक्ट संजीव शर्मा, वन्यजीव एवं पक्षी प्रेमियों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया।

माननीय राज्य मंत्री ने सर्वप्रथम सूरजपुर वेटलैंड का भ्रमण किया, इस दौरान प्रभागीय वन अधिकारी रजनीकांत मित्तल ने बर्ड वॉचिंग टूर, गाइडेड नेचर वॉक एवं नेचर ट्रेल्स, प्रवासी एवं स्वदेशी पक्षियों, वनस्पतियों, कीटों एवं अन्य जीव-जंतुओं के जीवन और पारिस्थितिक महत्व की जानकारी माननीय मंत्री जी को दी।

वेटलैंड के स्थलीय भ्रमण के उपरांत मा0 राज्य मंत्री द्वारा बर्ड फेस्टिवल 2026 के आयोजन अवसर पर लगाई गई फोटो गैलरी का रिबन काटकर शुभारंभ किया गया तथा पर्यावरण, जैव विविधता एवं पक्षी संरक्षण से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात सामूहिक रूप से वृक्षारोपण



किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्रकृति, पर्यावरण और पक्षी संरक्षण का सुंदर संदेश निहित था। इस अवसर पर प्रभागीय वन अधिकारी रजनीकांत मित्तल द्वारा माननीय मंत्री, अति विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में माननीय राज्य मंत्री के0 पी0 मलिक ने कहा कि प्रतिवर्ष 02 फरवरी को विश्व वेटलैंड दिवस मनाने का उद्देश्य आमजन को आर्द्रभूमियों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे क्षेत्र में ऐसी समृद्ध प्राकृतिक धरोहर मौजूद है, जहां हजारों किलोमीटर दूर से आने वाले प्रवासी पक्षी अनुकूल वातावरण का लाभ उठाने आते हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भौतिक और तकनीकी विकास की दौड़ में प्रकृति को काफी क्षति पहुंची है और अनेक पक्षी प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। उन्होंने सभी से प्रकृति और पक्षियों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

जिलाधिकारी मेधा रूपम ने कहा कि सूरजपुर वेटलैंड न केवल जनपद बल्कि पूरे प्रदेश की अमूल्य प्राकृतिक धरोहर है। यह जैव विविधता का जीवंत उदाहरण है, जिसे संरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों, युवाओं और आम नागरिकों को प्रकृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं और जनसहभागिता से ही सतत विकास का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

प्रभागीय वन अधिकारी गौतमबुद्धनगर रजनीकांत मित्तल ने बताया कि बर्ड फेस्टिवल 2026 के अंतर्गत विशेषज्ञ प्रकृतिवादियों के नेतृत्व में निर्देशित बर्ड वॉचिंग टूर, गाइडेड नेचर वॉक एवं नेचर ट्रेल्स का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रवासी एवं स्वदेशी पक्षियों, वनस्पतियों, कीटों तथा अन्य जीव जंतुओं के पारिस्थितिक महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। महोत्सव में क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को भी विशेष स्थान दिया गया।

उन्होंने बताया कि लगभग 0.60 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला सूरजपुर वेटलैंड अंतरराष्ट्रीय महत्व का रामसर स्थल है, जो अनेक निवासी एवं प्रवासी पक्षी प्रजातियों का महत्वपूर्ण आवास है। यह आयोजन सभी आयु वर्ग के लिए निःशुल्क रहा और प्रकृति प्रेमियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी एवं अविस्मरणीय अनुभव सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम के अंत में उन्होंने मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथियों तथा उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

सौजन्य से सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

# जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

## ओपीडी सुधार, टेली कंसल्टेशन और टीकाकरण अभियान में सुधार के दिए निर्देश

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर 02 फरवरी, 2026

जिला विकास अधिकारी गौतमबुद्धनगर शिव प्रताप परमेश की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

ओपीडी एवं आईपीडी की समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बादलपुर की अपेक्षाकृत कम उपलब्धि पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ओपीडी सेवाओं में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

ई-संजीवनी टेली कंसल्टेशन की समीक्षा करते हुए समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रतिदिन न्यूनतम 10 टेली कंसल्टेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा में यह पाया गया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौला की चिकित्साधिकारी डॉ गुंजन द्वारा जनपद में सबसे कम टेली कंसल्टेशन किए गए हैं, जिस पर उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।

नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान सभी सत्रों पर आवश्यक लॉजिस्टिक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अद्यतन माइक्रो प्लान के अनुसार आशाओं के माध्यम से सभी लाभार्थियों को टीकाकरण सत्रों तक लाने पर जोर दिया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी



आईसीडीएस को निर्देशित किया गया कि सभी वीएचएनडी सत्रों पर बच्चों के वजन मापने की मशीन सहित आवश्यक उपकरण शत प्रतिशत उपलब्ध रहें।

नोएडा प्राधिकरण को निर्देशित किया गया कि शहरी क्षेत्रों में यूएचएनडी सत्रों के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराया जाए, जिससे गर्भवती माताओं की जांच सुचारु रूप से की जा सके।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत 10 फरवरी को 01 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जानी है। इस संबंध में नोडल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाए।

उन्होंने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा में लाभार्थियों को शत प्रतिशत आच्छादित करने तथा भुगतान समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

आयुष्मान भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस को सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों की ऑपरेटर आईडी बनवाने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा में निर्देशित किया गया कि 100% डीबीटी का भुगतान सुनिश्चित करें एवं ट्यूबरक्यूलर प्रीवेंटिव ट्रीटमेंट को सत प्रतिशत करें।

आयोजित बैठक का सफल संचालन डीपीएम डॉ मंजीत द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय राणा, एसीएमओ डॉ आर के सिरोहा, डिप्टी सीएमओ डॉ उबेद कुरैशी, डीटीओ डॉ आरपी सिंह, डीएमओ डॉ श्रुति कीर्ति वर्मा, समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी, सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर।

# फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री कृष्ण करुणेश से बैठक की

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग / नोएडाः आज फेडरेशन ऑफ नोएडा रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) के प्रतिनिधिमंडल की बैठक नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री कृष्ण करुणेश के साथ सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान विभिन्न सेक्टरों की आरडब्ल्यूए से संबंधित लंबे समय से लंबित विकास कार्यों की विस्तृत सूची उन्हें सौंपी गई। फोनरवा अध्यक्ष श्री योगेंद्र शर्मा एवं महासचिव श्री के. के. जैन ने अवगत कराया कि सेक्टरों में विकास कार्यों के लंबे समय से लंबित रहने के कारण नोएडा के समग्र विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अतः इन लंबित कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराया जाना आवश्यक है।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी निवेदन किया कि नोएडा आपके द्वार




कार्यक्रम को आरडब्ल्यूए के सहयोग से शीघ्र पुनः प्रारंभ किया जाए। इस कार्यक्रम के माध्यम से सेक्टरों में स्वच्छता, जन-जागरूकता एवं नागरिक सहभागिता को बढ़ावा मिलता है, जिससे स्थानीय स्तर पर समस्याओं के समाधान में गति आती है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री कृष्ण करुणेश ने अवगत कराया कि अनेक लंबित कार्यों के टेंडर की प्रक्रिया प्रगति पर है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शेष कार्यों पर भी शीघ्र प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

इस अवसर पर अध्यक्ष श्री योगेंद्र शर्मा, महासचिव श्री के. के. जैन, कोषाध्यक्ष श्री पवन यादव, श्री विजय कुमार भाटी, एडवोकेट लाटसाहब लोहिया, श्री संजय चौहान, श्री विनोद शर्मा, श्री जी. एस. सचदेवा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# वनवासी रक्षा फाउंडेशन द्वारा नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज, साकीपुर, ग्रेटर नोएडा में पाँचवें प्रतिभा विकास केंद्र का शुभारंभ

**समाज जागरण**

**ग्रेटर नोएडा 2 फरवरी 2026**

वनवासी रक्षा फाउंडेशन द्वारा आज सोमवार, 2 फरवरी 2026 को नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज, साकीपुर (ग्रेटर नोएडा) परिसर में पाँचवें प्रतिभा विकास केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आरंभ भारत माता की आराधना के साथ हुआ, जिससे पूरे वातावरण में देशभक्ति और संस्कारों की भावना व्याप्त हो गई।



इस अवसर पर अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. आर. के. यादव (महाप्रबंधक, प्रगति पावर कॉरपोरेशन), श्री श्यामबीर भाटी जी (अध्यक्ष, आरडब्ल्यूए साकीपुर), उप-प्रबंधक, नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज साकीपुर, संरक्षक श्री संदीप गोयल, निदेशक, कैलाश इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज, श्री भरत जी (पूर्वी संभाग संयोजक), श्री राजेश बिहारी जी, श्रीमती संगीता वर्मा (महिला संयोजिका), श्री राजेंद्र सोनी (उपाध्यक्ष), श्री किसलय कुमार (महामंत्री), प्रोफेसर विवेक कुमार, डॉ. आरती शर्मा, आचार्या भारती भाटी तथा सविता चौधरी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. आर. के. यादव ने कहा कि आने वाली पीढ़ी में संस्कारों का समावेश अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यही संस्कार एक सशक्त और जिम्मेदार समाज की नींव रखते हैं।

श्री श्यामवीर भाटी जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि अपनी सांस्कृतिक विरासत और मूल्यों को अगली पीढ़ी तक पहुँचाना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है।

कैलाश इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज के प्रबंध निदेशक संदीप गोयल ने अपने संबोधन में कहा–

ह्लयह हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम अपने मूल्यों का स्वयं पालन करें और यह सुनिश्चित करें कि वही मूल्य आज की युवा पीढ़ी में भी गहराई से विकसित हों। वर्तमान युवाओं में संस्कारों का समावेश ही एक सशक्त, संवेदनशील और जिम्मेदार समाज की आधारशिला है।

इस अवसर पर श्री भरत जी ने विद्यार्थियों तथा उनके परिवारजनों को संस्कार, जीवन-मूल्य, प्राणायाम एवं उनके महत्व के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी।

प्रोफेसर विवेक कुमार ने इस पीढ़ी के लिए संस्कारों की आवश्यकता पर विशेष बल देते हुए बताया कि वनवासी रक्षा फाउंडेशन निरंतर इस क्षेत्र में समाज के उत्थान हेतु कार्य कर रही है।

कार्यक्रम के अंत में श्री राजेश बिहारी जी ने सभी अतिथियों, आयोजकों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन समता द्वारा सभी के लिए वितरित किए गए जलपान के साथ हुआ।

यह प्रतिभा विकास केंद्र विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों और संस्कारों के संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

# "OPERATION SAFE STREET" के तहत व्यापक चेकिंग अभियान

## 67,480 वाहनों का चालान, 482 वाहन सीज, सैकड़ों नशे में वाहन चालकों पर कार्रवाई

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

नोएडा पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के अंतर्गत नोएडा, सेंट्रल नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा जोन में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान "OPERATION SAFE STREET" चलाया गया।

अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग की गई, जिसमें कुल 67,480 वाहनों का चालान किया गया। इनमें ई-चालान भी शामिल हैं। नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए 661 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की गई, जबकि 482 वाहनों को सीज किया गया।





**नोएडा जोन में कार्रवाई**

डीसीपी नोएडा जोन श्री यमुना प्रसाद के नेतृत्व में 438 स्थानों पर चेकिंग कर 30,818 वाहनों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले 9,955 वाहनों के विरुद्ध ई-चालान किए गए तथा 267 वाहन सीज किए गए।

इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 4,006 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 292 बीएनएस एवं 110 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

**सेंट्रल नोएडा जोन में कार्रवाई**

डीसीपी सेंट्रल नोएडा जोन श्री शक्ति मोहन अवस्थी के नेतृत्व में 445 स्थानों पर चेकिंग कर 16,871 वाहनों की जांच की गई। नियमों का पालन न करने वाले 2,947 वाहनों के विरुद्ध ई-चालान तथा 22 वाहन सीज किए गए।

सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 966 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 292 बीएनएस एवं 131 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत विधिक कार्रवाई की गई।

**ग्रेटर नोएडा जोन में कार्रवाई**

डीसीपी ग्रेटर नोएडा जोन श्री साद मिया खान के नेतृत्व में 378 स्थानों पर चेकिंग कर 17,333 वाहनों की जांच की गई। नियम उल्लंघन के मामलों में 3,820 वाहनों के ई-चालान किए गए तथा 75 वाहन सीज किए गए।

इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 512 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 292 बीएनएस एवं 19 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

**यातायात पुलिस की कार्रवाई**

डीसीपी यातायात श्रीमती मनीषा सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले 50,758 वाहनों के विरुद्ध ई-चालान की कार्रवाई की गई तथा 118 वाहन सीज किए गए। अभियान के दौरान नशे की अत्यधिक अवस्था में वाहन चलाते पाए गए 30 व्यक्तियों को सुरक्षा की दृष्टि से वाहन चलाने से रोका गया और उन्हें सुरक्षित रूप से उनके घर पहुँचाया गया।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) डॉ. राजीव नारायण मिश्र के पर्यवेक्षण में यह अभियान निरंतर जारी है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे नशीले पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाएँ और यातायात नियमों का पालन कर स्वयं व अन्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# पंचगव्य से ग्रामीण महिलाओं की बढ़ी आय, 2.5 लाख तक हो रही कमाई

- सीएम योगी से मिली प्रेरणा, गोमाता बन रहीं तरक्की का जरिया
- सामूहिक रूप से तैयार करती हैं मूर्तियां, दीपक, अगरबत्ती, दीवार घड़ी, चौकी, मोबाइल स्टैंड
- मार्केट के केमिकल वाले रंगों से बचाने के लिए बनाया हर्बल गुलाल

**समाज जागरण**

लखनऊ, 02 फरवरी। कभी घर की चौखट से बाहर निकलने में हिचकने वाली गांव बनियाखेड़ा, संभल की अनुपमा सिंह आज अपने प्रोडक्ट के जरिए जानी जाती हैं। मास्टर ऑफ सोशल वर्क की डिग्री लेने के बाद कहीं बाहर जाने के बजाय अनुपमा ने अपने गांव में ही अपनी किस्मत संवारी। जब उन्होंने जानकी महिला स्वयं सहायता समूह के साथ कदम बढ़ाया, तो पंचगव्य ने उनकी जिंदगी बदल दी। अब वे मूर्तियां, दीपक, अगरबत्ती, दीवार घड़ी, चौकी, मोबाइल स्टैंड और अन्य उत्पाद बनाकर सालाना करीब 2.5 लाख रुपये कमा रही हैं। साथ ही उन्होंने गांव की अन्य महिलाओं को भी रोजगार दिया, जो आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार का संबल बन रही हैं। इसके साथ ही वह हर्बल गुलाल बनाकर मार्केट के केमिकल वाले रंगों से बचाती भी हैं।

**समूह से जुड़ाव ने बदल दी तस्वीर**

अनुपमा जानकी स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं तो साप्ताहिक बैठकें शुरू हुईं। कम ब्याज पर ऋण मिलने लगा और समस्याएं साझा मंच पर सुलझने लगीं। समूह से पहली बार ऋण लेकर उन्होंने पंचगव्य उत्पादों का काम शुरू किया। समय पर ऋण चुकाया, नियमित बचत शुरू की और धीरे-धीरे यही कदम बड़े उद्यम की बुनियाद बन गया।

**गोमय उत्पादों से नई पहचान**

अनुपमा ने प्रशिक्षण के बाद घर पर ही गोबर की मूर्तियां, दीपक, अगरबत्ती, दीवार घड़ी, चौकी, मोबाइल स्टैंड और हर्बल गुलाल बनाना शुरू किया। देखते ही देखते गांव में इन उत्पादों की पहचान बनी। मेलों व स्थानीय बाजारों में ऑर्डर मिलने लगे। आज वे न सिर्फ खुद काम कर रही हैं, बल्कि अपने समूह की अन्य महिलाओं को भी रोजगार दे रही हैं, जिससे कई परिवारों की आय बढ़ी।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रशिक्षण से उन्हें प्रोसेसिंग व पैकेजिंग की तकनीक मिली। धीरे-धीरे गांव और आस-पास के कस्बों में इन उत्पादों की मांग बढ़ी।

# विरासत संजोने की जनजाति एवं लोक कला संस्कृति संस्थान की अनूठी पहल

**समाज जागरण**

लखनऊ, 02 फरवरी। उत्तर प्रदेश जनजाति एवं लोक कला संस्कृति संस्थान, प्रदेश की जनजातीय सांस्कृतिक विरासत को संजोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस दिशा में संस्थान जनजातियों के पारंपरिक आभूषणों व दुर्लभ बर्तनों के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार का उल्लेखनीय प्रयास कर रहा है। संस्थान का यह प्रयास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समावेशी विकास की अवधारणा को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस क्रम में प्रदेश की विभिन्न जनजातियों के पारंपरिक तरीके से बनाए गए 500 से अधिक आभूषणों व बर्तनों का न केवल संरक्षण किया जा रहा है, बल्कि इनकी प्रदर्शनी के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक धरोहर को जानने का अवसर भी प्रदान कर रहा है।

**जनजातीय परंपराओं और उनके कला-कौशल की पहचान हैं ये आभूषण**

उत्तर प्रदेश की थारू, बुक्सा, गोंड और बैगा जनजातियों के आभूषण न केवल सौंदर्य के प्रतीक हैं, बल्कि जनजातीय समाज की गहरी सांस्कृतिक जड़ों और परंपराओं को भी जीवंत बनाते हैं। इस उद्देश्य से जनजाति एवं लोक कला संस्कृति संस्थान इन जनजातियों के पारंपरिक तरीके से बने आभूषणों का संरक्षण कर रहा है।

# किसानों की आवाज को बुलंद करने वाले विजेंद्र सिंह यादव प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश बनाए गए

**समाज जागरण**
**संवाददाता प्रवेश यादव**



सम्भल/भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन के बिजेंद्र सिंह यादव प्रमुख महासचिव प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश संगठन में मेहनत लगन व ईमानदारी से उन्होंने संगठन में मैं किसानो की आवाज को आगे तक बढ़ाया इतना संघर्ष किया कि अधिकारियों ने किसानों के काम करने शुरू कर दिए गये भारत के राज्य उत्तर प्रदेश के सम्भल से तेज तर्रार निर्भीक विजेंद्र सिंह यादव पुत्र चुन्नीलाल यादव को प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश भारतीय किसान यूनियन टिकैत नियुक्त करता है आशा करता हूं कि विजेंद्र सिंह यादव पूरे भारत व प्रदेश एवं जनपद में संगठन के साथियों में भाईचारा व प्यार देते हुए संगठन के उत्थान के लिए अपनी पूर्ण जिम्मेदारी व कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करेंगे और संगठन को आगे बढ़ाने में अपना पूरा सहयोग प्रदान करेंगे

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राज्यपाल शर्मा प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश भाकियू

# चेयरमैन मुअज्जम इंजीनियर को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी जयंती के पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे आमंत्रित किया

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद नगर पालिका के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी जयंती के पावन अवसर पर कई गांवों में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।

गुरु रविदास जी की झांकी का शुभारंभ रिबन काटकर करते हुए चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने सभी को हार्दिक बधाई दी। गांव के सम्मानित एवं जिम्मेदार लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया तथा कार्यक्रम में शिरकत पर आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने महावतपुर, खलीलपुर, शेरपुर, शेरपुर अभी, सहसपुरी, आलम सराय, हरचंदपुर, गौसपुर, कामराजपुर, जालपुर, मंडावली, गाजीपुर, पूरनपुर गढ़ी एवं बिजौरी सहित विभिन्न गांवों में पहुंचकर झांकी का रिबन काटकर शुभारंभ किया।

# रविदास की जयंती के मौके पर छपे कार्ड पर मुख्य अतिथि पद को लेकर भाजपा व सपा के पुत्रों में हुई हाथापाई

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना । संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के मौके पर छपे कार्ड पर मुख्य अतिथि पद को लेकर भाजपा व सपा के पुत्रों में हाथापाई हो गई। संभ्रांत लोगों ने सीओ कार्यालय में पहुंच कर दोनों पक्षों में बैठाकर दोनों का समझौता कराया।

रविवार की दोपहर लगभग एक बजे मौहल्ला चौधराना स्थित संत रविदास धर्मशाला से संत शिरोमणि गुरु रविदास महासभा नगीना की कमेटी के अध्यक्ष संजय कुमार व कमेटी की देखरेख में शोभा यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए स्टेशन रोड स्थित अंबेडकर पार्क पहुंची। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी, एसडीएम विजय शंकर मिश्रा, नायब तहसीलदार अजब सिंह, जहां पर रविदास शोभा यात्रा के मुख्य अतिथि मनोज पारस का नाम छापा होने को लेकर पूर्व विधायक सतीश गौतम के छोटे पुत्र दीपक गौतम ने अनाप-शनाप टिप्पणियां और अपशब्दों का प्रयोग किया जिसको सुनकर थोड़ी दूर खड़े पूर्व मंत्री वर्तमान सपा विधायक मनोज पारस के पुत्र अक्षय उर्फ. चुनमुन पारस उत्तेजित हो गया और उसने दीपक गौतम से गाली देने को मना किया फिर दोनों में जमकर हाथापाई हुई मारपीट व हंगामा देखकर थाना प्रभारी अवनीश मान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दीपक गौतम ने थाना प्रभारी के सामने कहा कि मुझे सपा विधायक मनोज पारस के पुत्र व गनरो ने गिरा कर मारा जिससे मेरा पैर टूटा है। थाना प्रभारी अवनीत मान ने फोन करके सीओ अंजनी कुमार व एसडीएम नगीना विजय शंकर को घटना के सम्बन्ध में अवगत कराया तो वह तुरंत मौके पर पहुंचे। जहां पर पूर्व विधायक सतीश गौतम ने भाजपा के नेताओं को भी फोन करके घटना स्थल पर बुलाया। जहां पर थाना प्रभारी अवनीत मान ने सूझबूझ से काम लेते हुए अपने उच्चाधिकारियों को घटी घटना व दोनों विधायकों में परिवारिक एक दूसरे की रिश्तेदारी बताते हुए। दोनों सम्मानित पक्षो का आपस में बैठाकर समझौता कराने को कहा। दोनों पक्ष सीओ कार्यालय पहुंचे जहां पर एसडीएम व दोनों पक्षों के संभ्रांत लोग मौजूद थे। उन ही के बीच दो घंटे तक चली वार्ता के बाद सपा विधायक मनोज पारस ने परिवार व समाज की प्रतिष्ठा को बरकरार रखने के लिए अपने ससूर पूर्व भाजपा विधायक सतीश गौतम से बच्चों की तरफ से माफी मांगी और आगे को भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए

पूर्व भाजपा विधायक सतीश कुमार गौतम व उनके बड़े पुत्र भाजपा नेता न रोहित रवि ने सीओ अंजनी कुमार चतुवेर्दी व एसडीएम विजय शंकर से कहा कि जिन पुलिस के गनरों ने मेरे बेटे व भाई गिराकर पैर में चोट मार कर घायल किया है उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

दोनों अधिकारियों एवं थाना प्रभारी ने भाजपा विधायक व उनके पुत्र को आश्वासन देते हुए कहा कि इसकी जांच कराई जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने पर सपा विधायक के गनरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**समाज जागरण**




सम्भल। जिलाधिकारी के दिशानिदेशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म रक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत आज दिनांक 2.2.2026 को ग्राम आटा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, कस्तूरबा बालिका विद्यालय सरथल खेड़ा, नेहरू कंपोजिट जूनियर विद्यालय, विनोबा भावे विद्यालय व सरोजिनी नायडू की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें, प्रशिक्षक सुरेश कुमार, पूर्वी व संतराम, ब्रजेश व रितेश ने छात्राओं व लेग राइज, फ्रंट किक, साइड किक, अपर ब्लॉक्स व फेस पंच आदि की ट्रेनिंग दी, सुरेश कुमार ने बताया कि सभी छात्राएं सेल्फ डिफेंस सीखने के लिए काफी उत्साहित हैं, तथा रोजाना अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो रही हैं आत्मरक्षा के प्रशिक्षण से छात्राओं के आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई है ये उनकी किक व पंच की ताकत देखकर साफ पता चलता है। जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के जूनियर हाई स्कूल व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ' छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृति , मुख्यमंत्री बाल सेवा आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया, जिससे बालिकाओं/ महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी और पात्र महिलाओं/बालिकाओं को योजनाओं का लाभ मिल सके '

# पीएमजेवीके के तहत सिख, जैन, बौद्ध, मुस्लिम समुदायों के समग्र विकास के लिए परियोजनाओं को मिली स्वीकृति

**समाज जागरण**

लखनऊ, 2 फरवरी। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के माध्यम से उत्तर प्रदेश में अल्पसंख्यकों के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश के सिख, जैन, बौद्ध व मुस्लिम जैसे अल्पसंख्यक समुदायों के विकास के लिए लगभग 364 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। ये परिजोजनाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, खेल, महिला एवं बाल कल्याण तथा नगर विकास जैसे क्षेत्रों से संबंधित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समावेशी विकास की अवधारणा के अनुसार, उत्तर प्रदेश में समाज के कमजोर वर्गों को बुनियादी सुविधाओं के साथ विकास के बेहतर अवसर प्रदान करने का उल्लेखनीय प्रयास किया जा रहा है।

**शिक्षा व स्वास्थ्य पर सबसे ज्यादा जोर**

प्रदेश में पीएमजेवीके कार्यक्रम के माध्यम से अल्पसंख्यकों के समग्र विकास के लिए विभिन्न विकास योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके तहत सबसे ज्यादा ध्यान अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर दिया गया है। इस क्रम में स्वास्थ्य विभाग की 10 विभिन्न परियोजनाओं के लिए 114.14 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसी क्रम में माध्यमिक शिक्षा के लिए 12.78 करोड़ रुपये, प्राविधिक शिक्षा के लिए 42.53 करोड़, चिकित्सा शिक्षा के लिए 27.88 करोड़ और व्यवसायिक शिक्षा के लिए 25.02 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। जबकि यूनानी विभाग की परियोजना के लिए 24.98 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

**अल्पसंख्यक युवाओं के कौशल विकास के लिए 5.92 करोड़ रुपये स्वीकृत**

प्रदेश के अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं के कौशल विकास के लिए पीएमजेवीके के तहत 5.92 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जबकि शारीरिक व खेल क्षमता के विकास के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग की 64.22 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

# नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज मे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत एनसएस द्वारा कार्यक्रम संपन्न हुआ

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**




जनपद बिजनौर नजीबाबाद नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज नजीबाबाद जिला बिजनौर को प्रथम दिवस आयोजित कार्यक्रम स्वच्छता अभियान के अंतर्गत एनएसएस द्वारा एक प्रेरणादायक कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सोहैल-उर-रहमान तथा इब्राहिम सर उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय की प्राचार्या शबाना परवीन , पर्यवेक्षक सुनील सर भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

एनएसएस की स्वयंसेविकाओं ने सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं और रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरूआत एनएसएस के महत्व से की उन्होंने साफ-सफाई अपनाने, कचरा सही स्थान पर डालने तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी गजाला मुमताज तथा शिक्षिकाएँ कैफुलवरा, मंताशा, शगुफ़्ता, मेहरीन, नसरीन, समीना, रिहाना खातून और उम्मुल वरा का विशेष योगदान रहा। इसके साथ ही समस्त स्टाफ ने भी पूरे उत्साह और सहयोग के साथ भाग लिया।

यह स्वच्छता अभियान सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा और समाज में साफ-सफाई के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। सभी उपस्थित अतिथियों ने स्वयंसेविकाओं के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और भंडारे का किया आयोजन

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद मुख्य रूप से वाराणसी (उत्तर प्रदेश) स्थित उनके जन्मस्थान सीर गोवर्धनपुर में विशेष आयोजन होते हैं, जहाँ श्रद्धालु देश-विदेश से आते हैं।

महत्वः इस दिन भक्त नदी में स्नान करते हैं, रविदास मंदिरों और गुरुद्वारों में पाठ, कीर्तन और शोभायात्रा निकालते हैं।

यह जयंती भक्ति आंदोलन के प्रमुख संत को श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक महत्वपूर्ण दिन है, जिन्होंने जाति भेद के विरुद्ध आवाज उठाई।

इसी उपलक्ष में सत्य विहार कॉलोनी में पूर्व वर्षों की भांति एकता का परिचय देते हुए संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649 वे जन्म उत्सव को बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ विचार गोष्ठी में बच्चों ने समाज में फैली कुरीतियों, समाज में योगदान और धार्मिक जीवन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा प्रस्तुति पेश की।

संत शिरोमणि गुरु रविदास संगीत मंडली ने भजनों से कार्यक्रम में उपस्थित सभी का मन मोह लिया । समिति के कार्यकताओं ने रविदास जी के जीवन से संबंधित उनके द्वारा किए कार्यो को नाटक द्वारा प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध किया।

नरेन्द्र सिंह पत्रकार ने अपने वक्तव्य में सभी को आपस में मिलकर अपने महापुरुषों के कार्यक्रम करने चाहिए जिससे समाज में एकता कायम रहे। रविदास जी के दोहे जीवन, भक्ति और समानता का संदेश देते हैं, जैसे "रविदास जन्म के कारनै, होत न कोउ नीच" (जन्म से कोई नीच नहीं होता, कर्म नीच बनाते हैं), "जाति-जाति में जाति हैं, जो केतन के पात" (जाति-पाति का भेदभाव व्यर्थ है, सब एक ईश्वर की संतान हैं), और "मन चंगा तो कठौती में गंगा" (मन शुद्ध है तो घर में ही गंगा है)। उनके दोहे हमें अहंकार त्यागकर, सच्चाई और ईश्वर के प्रति निष्ठा रखने की प्रेरणा देते हैं। इसी क्रम में बेसिक शिक्षा अध्यक्ष रामनाथ , डॉ जितेंद्र जी ने गुरु के विषय पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम समापन समिति अध्यक्ष द्वारा किया गया और भंडारे का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भंडारा ग्रहण कर धर्म का लाभ उठाया।

कार्यक्रम का शुभ शुभारंभ हवन कीर्तन कर प्रारंभ किया गया । अंजुषा बौद्ध ने भजन प्रस्तुत किया।

सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल उपस्थित रहा ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वेदपाल फौजी व संचालन योगेंद्र और विमल ने किया। वर्तमान और निवर्तमान प्रधान पति पारेंद्र , नितेश,सी पी, हरीराज, ज्ञान सिंह,हरगोविंद , अरविंद , जयराम, केवल , समसपाल , जितेन्द्र , गोविंद बौद्ध,बिल्लू , प्रीतम, आरके सागर , मनमोहन , संजीव , दिलेराम, भीम, संतराम, के पी, रामगोपाल, अवधेश, रणधीर, राजेश, वीरेंद्र फौजी, सहदेव, महिपाल फौजी, चंद्र किरण फौजी,सुनीता , सुमेत देवी, शशि बाला, विदेश, शोभा रानी , अंजू बौद्ध, रीता भुईयार आदि रहे और आयोजक समिति ने पुलिस प्रशासन और सभी उपस्थित श्रद्धालुओ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम व भंडारे में भारी संख्या में बच्चे महिला पुरुष सम्मिलित हुए।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर स्योहारा। महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए स्योहारा थाना पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए पॉक्सो एक्ट के तहत वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस सराहनीय कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर आमजन में विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना स्योहारा पर वादी द्वारा तहरीर दी गई थी कि अभियुक्त विशाल उर्फ फैजान पुत्र साबिर, निवासी मोहल्ला मंसूर सराय पित्थापुर, कस्बा व थाना स्योहारा, जनपद बिजनौर ने वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाया और जंगल की ओर ले जाकर जबरदस्ती गलत कृत्य किया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना स्योहारा पर तत्काल पॉक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश एवं प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के कुशल नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर अभियुक्त की तलाश की गई, जिसके परिणामस्वरूप अभियुक्त को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा नजीबाबाद तहसील क्षेत्र अंतर्गत अंबेडकर छात्रावासों का किया गया औचक रूप से निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर आज शाम तहसील बिजनौर क्षेत्र अंतर्गत दो अम्बेडकर छात्रावासों का औचक रूप से निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम उन्होंने ग्राम तिमरपुर स्थित अंबेडकर छात्रावास का निरीक्षण किया, जहां सफाई व्यवस्था समुचित न पाए जाने पर उन्होंने तत्काल वहां



पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नियमित रूप से साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। तदुपरांत उनके द्वारा ग्राम रशीदपुर गढ़ी के पास स्थित छात्रावास का भी निरीक्षण किया गया तथा यहां भी सफाई व्यवस्था सुचारु न पाए जाने पर उन्होंने संचालक को निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था पर विशेष रूप से ध्यान रखें और नियमित रूप से छात्रावासों की सफाई का बंदोबस्त करें। इसके अलावा उन्होंने दोनों छात्रावासों में फर्नीचर सही न पाए जाने पर निर्देशित किया कि छात्रावास में मानक के अनुरूप फर्नीचर की व्यवस्था करें ताकि यहां प्रवास करने वाले छात्रों को कोई दिक्कत न होने पाए।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने निरीक्षण करते हुए यह भी निर्देश दिए कि सुरक्षा के दृष्टिगत दोनों छात्रावास में पीआरडी के जवानों को तैनात करें ताकि अवांछित तत्व छात्रावास में किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों को अंजाम न दे सकें। प्रवासी छात्रों द्वारा जिलाधिकारी से विद्युत व्यवस्था की शिकायत करने पर उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रावास में बिजली की कोई समस्या उत्पन्न न होने पाए तथा गर्मी में यथासंभव इनवर्टर की भी व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

# ओवरलोड डंपर की टक्कर में बाइक चालक युवक की मौके पर ही मौत

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। बाइक और ओवरलोड डंपर की आमने-सामने की हुई टक्कर में बाइक चालक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पीछे बैठी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों को 112 पुलिस वे एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए सीएचसी लाया गया चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया तथा युवती को प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक हालत में तुरंत जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

शेरकोट थाना क्षेत्र के ग्राम नागपुर निवासी रंजीत सिंह के 18 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार व 17 वर्षीय पुत्री कु सोनू हरिद्वार बेचल फैक्ट्री में काम करते हैं रोहित व सोनू दोनों भाई बहन छुट्टी में घर आए हुए थे । सोमवार को रोहित व सोनू दोनों भाई बहन बाइक द्वारा वापस ड्यूटी के लिए हरिद्वार जा रहे थे। जब वह रायपुर बुंदकी तिराहा नर्सरी के निकट पहुंचे तभी सामने से आ रहे रेत बजरी से भरे एक डंपर से आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई जिसमें दोनों भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर 112 पुलिस सहायता टीम एवं 108 एंबुलेंस सेवा मौके पर पहुंचे और उपचार के लिए दोनों को सीएचसी पहुंचा जहां पर चिकित्सकों ने रोहित 18 वर्ष को मृत घोषित कर दिया जबकि कुमारी सोनू के सिर में नाजुक चोट आई है उसको प्राथमिक उपचार के बाद चिंता जनक हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। घटना के बाद डंपर चालक डंपर मौके पर छोड़कर फरार हो गया पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में कर लिया।

घटना की सूचना पुलिस ने मृतक के परिजनो को दी सूचना पाते ही परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

# जिलाधिकारी व एसपी ने किया पुलिस व्यवस्था का निरीक्षण

**समाज जागरण अजमल अंसारी**

जनपद बिजनौर किरतपुर।संत शिरोमणि रविदास जयंती आयोजन को शांतिपूर्वक एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न करने के उद्देश्य से प्रशासनिक अधिकारी पैनी नजर रखे हुए रहे। जिलाधिकारी जसजीत कौर व एसपी अभिषेक झा ने थाना क्षेत्र के गांव शेखपुरा लाला में पुलिस व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान



अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था यातायात प्रबंधन एवं कानून व्यवस्था की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। इस मौके पर तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा गया कि जनपद में शांति सौहार्द एवं भाईचारा बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# गीता के निष्काम कर्म के सिद्धांत को जीवन में करें आत्मसात: डॉ. कोठारी

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के आईकेएस सेंटर की ओर से उद्देश्य, अवसर और व्यावसायिक जीवनः श्रीमद्भगवद्गीता से सीख पर 12वीं राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में प्रतिष्ठित भगवदाचार्य और ज्योतिषाचार्य डॉ. जगदीश कोठारी ने बतौर मुख्य वक्ता की शिरकत

**गीता के कर्मयोग से युवा करें लक्ष्य की प्राप्तिः प्रो. मंजुला जैन**
**तनाव प्रबंधन में गीता के सिद्धांत प्रासंगिकः डॉ. उपमा अवस्थी**
**श्री अरविंदाक्ष माधव ने युवाओं को दिलाई नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा**
**व्यावसायिक जीवन में भी हो नैतिक मूल्यों का समावेशः अरुणोदय**
**श्रीमद्भगवद्गीता जीवन प्रबंधन की सशक्त मार्गदर्शिकाः डॉ. अलका**

**समाज जागरण**

प्रतिष्ठित भगवदाचार्य और ज्योतिषाचार्य डॉ. जगदीश कोठारी ने श्रीमद्भगवद्गीता के चयनित श्लोकों के जरिए जीवन के उद्देश्य, आत्मज्ञान और निष्काम कर्म के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमें निष्काम कर्म के सिद्धांत को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इससे न केवल व्यावसायिक सफलता प्राप्त की जा सकती है, बल्कि आंतरिक संतोष और मानसिक शांति भी मिलती है। डॉ. कोठारी तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम- आईकेएस की ओर से उद्देश्य, अवसर और व्यावसायिक जीवनः श्रीमद्भगवद्गीता से सीख पर टिमिट के सभागार में आयोजित 12वीं राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पूर्व ज्योतिषाचार्य डॉ. जगदीश कोठारी, आई स्पेशलिस्ट डॉ. उपमा अवस्थी, यूथ मेंटर श्री अरविंदाक्ष माधव दास, इस्कॉन के प्रतिनिधि श्री अरुणोदय कीर्तन दास आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कॉन्क्लेव का शुभारम्भ किया। इस मौके पर डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। प्रो. मंजुला जैन ने यूनिवर्सिटी की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए कहा कि गीता का कर्मयोग युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति निष्ठावान रहने, परिणाम की चिंता किए बिना निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आत्मविकास, अनुशासन और सकारात्मक सोच को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए ऐसे आयोजनों को भारतीय ज्ञान परंपरा के पुनर्जागरण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कॉन्क्लेव के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने वक्ताओं से जीवन, करियर, नेतृत्व और मूल्य-आधारित शिक्षा से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।



आई स्पेशलिस्ट डॉ. उपमा अवस्थी ने मानसिक स्वास्थ्य, संतुलित जीवनशैली और आंतरिक शांति के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कह, गीता के सिद्धांत आज भी तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और भावनात्मक संतुलन के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। यूथ मेंटर श्री अरविंदाक्ष माधव दास ने युवाओं से कहा, जुनून और स्पष्ट उद्देश्य के बिना सफलता अधूरी रहती है। उन्होंने गीता के जरिए नेतृत्व क्षमता, आत्मअनुशासन और सशक्त निर्णय लेने की कला पर बल दिया। उन्होंने युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ प्रतिबद्ध और नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा दिलवाई। इस्कॉन के प्रतिनिधि श्री अरुणोदय कीर्तन दास ने कहा, जब व्यावसायिक जीवन में आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों का समावेश हो जाता है, तब व्यक्ति न केवल सफलता प्राप्त करता है, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत बनता है। टीएमयू आईकेएस सेंटर की कोऑर्डिनेटर डॉ. अलका अग्रवाल ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन, नेतृत्व, कर्मयोग और नैतिक मूल्यों की एक सशक्त और व्यावहारिक मार्गदर्शिका है। इस अवसर पर डॉ. मनोज अग्रवाल, डॉ. चंचल चावला, डॉ. विभोर जैन, डॉ. विवेक पाठक, डॉ. अमीषा सिंह आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। संचालन डॉ. माधव शर्मा ने किया।

# दो दिवसीय रोजगार मेलों का आयोजन

**समाज जागरण**
**शामली। (फुरकान जंग)**

जनपद शामली के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी विकास खंडों में दो दिवसीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने बताया कि रोजगार मेलों के माध्यम से सिक्योरिटी गार्ड एवं सिक्योरिटी सुपरवाइजर पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेलों का आयोजन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। 2 से 3 फरवरी को खंड विकास कार्यालय थानाभवन, 4 से 5 फरवरी को खंड विकास कार्यालय कांधला, 6 से 7 फरवरी को खंड विकास कार्यालय कैराना, 9 से 10 फरवरी को खंड विकास कार्यालय ऊन तथा 16 से 17 फरवरी को खंड विकास कार्यालय शामली में रोजगार मेले आयोजित होंगे।रोजगार मेलों में राहुल दीक्षित, कमांडेंट, एसआईएस, दिल्ली द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। सीडीओ ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया के सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।सिक्योरिटी गार्ड पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की आयु 19 से 40 वर्ष, ऊंचाई 167.5 सेमी तथा वजन 56 से 90 किलो ग्राम के मध्य होना चाहिए। किसी भी जनपद अथवा ब्लॉक के अभ्यर्थी संबंधित विकास खंड कार्यालय में आयोजित रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि अभ्यर्थियों का विभागीय वेब साइट पर पंजीकरण अनिवार्य है। सभी रोजगार मेलों में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# आसमान में घना कोहरा सर्दी का बढ़ा सितम जनजीवन प्रभावित

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग )सोमवार को एक बार फिर आसमान में घना कोहरा छाए रहने से सर्दी का सितम बढ़ गया। दिनभर ठंडी हवाओं और कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। मौसम में आए बदलाव के चलते तापमान में करीब तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जिससे ठंड और बढ़ गई।
सोमवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय जब लोग अपने घरों से बाहर निकले तो चारों ओर घना कोहरा फैला हुआ था। कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम हो गई, जिससे हाईवे और मुख्य सड़कों पर हालात बेहद खराब नजर आए। हाईवे पर स्थिति यह रही कि कुछ ही कदम की दूरी पर भी रास्ता साफ दिखाई नहीं दे रहा था। घने कोहरे के चलते वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने को मजबूर होना पड़ा। कई स्थानों पर वाहन चालकों ने एहतियातन वाहनों की लाइटें जलाकर आवागमन किया। कोहरे के कारण सुबह के समय स्कूल जाने वाले बच्चों, दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और यात्रियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरे का असर सड़क यातायात पर ही नहीं, बल्कि आम जनजीवन पर भी साफ दिखाई दिया। ठंड बढ़ने से लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेते नजर आए। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर सुबह के समय लोगों की आवाजाही कम रही। वही दोपहर करीब एक बजे मौसम साफ हुआ तो धूप खिली। धूप खिलने से लोगों को राहत मिल सकी। धूप में बैठकर लोगों ने ठंड से निजात पाई। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में भी सुबह और देर रात को कोहरा छाए रहने की संभावना बनी हुई है। ऐसे में वाहन चालकों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। प्रशासन की ओर से भी कोहरे के दौरान सावधानीपूर्वक वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

# एडीआरएम ने किया रेलवे स्टेशन के नवीन कार्यों का निरीक्षण

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) एडीआरएम ने सोमवार को शामली रेलवे स्टेशन के नवीन कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हे मिली खामियों को जल्द से जल्द दूर करने और निर्माण कार्यो को पूरा कर लोकार्पण कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होने महिला यात्रियों को हो रही असुविधाओं को देखते हुए महिला शौचालय शुरू करने के भी निर्देश दिये। शामली रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत मेट्रो स्टेशन की तर्ज पर लिफ्टयुक्त फुट ओवरब्रिज, सुंदर प्लेटफार्म, विस्तारित टिन शेड, बैठने की बेहतर व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल सुविधा, अप्रोच रोड एवं बागवानी जैसे विकास कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जा रहे है। निर्माण कार्य समय से पूरा न होने के कारण अभी भी शामली रेलवे स्टेशन के नव निर्माण कार्यो का शुभारंभ नही हो सका। सोमवार को एडीआरएम नेमचंद बघेव ने शामली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। जहां उन्होने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म, रैंप आदि का निरीक्षण किया। उन्होने सीसीटीवी कैमरों को चेक दिया, जो सभी चलते पाये गए। वही महिला यात्रियों को बंद शौचालय के कारण हो रही परेशानियों की शिकायत मिलने पर उन्होने एक महिला शौचालय खोलने के निर्देश दिये। उन्होने रेलवे अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जो कार्य अभी अधूरा है उनको जल्द पूरा करे। कमरों की साफ सफाई कराई जाये ताकि आगामी समय में रेलवे स्टेशन का लोकार्पण किया जा सके। एडीआरएम ने कांधला, जलालाबाद, हींड सहित कई रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया, जहां दो कैमरे बंद पाये जाने पर उन्होने नाराजगी जाहिर की और कैमरों को चालू करने के निर्देश दिये।

# पूर्व सैनिकों की समस्यायों का प्राथमिकता के आधार पर होगा समाधान, डीएम

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शहर के दिल्ली रोड स्थित एक बारातघर में पश्चिमी उत्तर प्रदेश सब एरिया मेरठ द्वारा पूर्व सैनिक रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिकों, सैनिक जीवन साथियों, वीर नारियों तथा शहीद सैनिकों के परिजनों ने प्रतिभाग किया। रैली के मुख्य अतिथि पश्चिमी उत्तर प्रदेश सब एरिया मेरठ के जीओसी मेजर जनरल सुमित राणा रहे। कार्यक्रम में विधायक प्रसन्न चौधरी, मिलेट्री हॉस्पिटल से ब्रिगेडियर विक्रम पत्रा, ब्रिगेडियर महेन्द्र कुमार, डीएम अरविन्द कुमार चौहान, एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह, कर्नल एएस अन्तल, कर्नल एके सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने आश्वस्त किया कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने जनपद शामली के सभी भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों का अभिनंदन भी किया। रैली के दौरान जनपद शामली के भूतपूर्व सैनिकों, सैनिक जीवन साथियों, वीरगति प्राप्त सैनिकों के परिजन, वीर नारियों तथा 1962, 1965 और 1971 के युद्धों में योगदान देने वाले सैनिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अभिलेख कार्यालय, ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक, कैंटीन तथा आयुष्मान अस्पताल के स्टॉल लगाए गए, जहां शुगर और बीपी की जांच सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। रैली में पूर्व सैनिकों को पेंशन संबंधी समस्याओं, स्पर्श सहायता, शिकायत पंजीकरण, सेवा अभिलेखों के अद्यतन तथा अन्य प्रशासनिक विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। अलग-अलग आर्म्स और सर्विसेज के सहायता केंद्रों के माध्यम से मौके पर ही समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग प्रदान किया गया। पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक चिकित्सीय शिविर भी लगाया गया, जिसमें सामान्य चिकित्सा, दंत चिकित्सा, नेत्र एवं ईएनटी जांच के साथ दवाइयों की सुविधा उपलब्ध रही। बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने इन सेवाओं का लाभ उठाया।

# एमएलसी किरणपाल कश्यप ने किया सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) क्षेत्र के गांव हिण्ड में सोमवार को एमएलसी योजना के अंतर्गत आरसीसी सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन एमएलसी व मुख्य सचेतक किरणपाल कश्यप द्वारा किया गया। लंबे समय से जर्जर अवस्था में पड़े इस मार्ग के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। किरणपाल कश्यप ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं का मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है। आरसीसी सड़क के निर्माण से न केवल ग्रामीणों को रोजमर्रा के आवागमन में सुविधा मिलेगी, बल्कि बरसात के मौसम में कीचड़ और जलभराव जैसी समस्याओं से भी निजात मिलेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे भी गांव में विकास कार्य लगातार कराए जाएंगे। इस दौरान किरणपाल कश्यप ने ग्रामीणों से मतदाता सूची को लेकर भी अपील की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से कट गए हैं, वे अपने वोट दोबारा बनवाएं और वर्ष 2027 तक अपने मताधिकार को मजबूत करें। इस अवसर पर गौरव कश्यप, जमील प्रधान, ममरेज राणा, लुकमान प्रधान, चौधरी यूनूस, जावेद प्रधान, डॉ. उमर, जाकिर पुंडीर, ऋषिपाल, संजीव राठी, धीरज प्रधान, भारत कश्यप आदि मौजूद रहे।

# पाकिस्तानी नंबर से धमकी, साइबर पुलिस से की शिकायत

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी युवक को पाकिस्तानी मोबाइल नंबर से जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार में भय और दहशत का माहौल है। गांव सुन्ना निवासी युवक अभय पुत्र रविचंद्र ने बताया कि विगत 27 जनवरी की सुबह करीब 11:05 बजे पीडित के मोबाइल पर एक अज्ञात विदेशी नंबर +9230 97821960 से कॉल आया। कॉल उठाते ही दूसरी ओर से अज्ञात व्यक्ति ने अभद्र और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए पहले बदतमीजी की और फिर अभय हुड्डा तथा उनके पूरे परिवार को जान से मारने की सीधी धमकी दे डाली। धमकी भरे शब्दों से परिवार गहरे मानसिक दबाव में आ गया।पीड़ित अभय हुड्डा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सोमवार को साइबर सेल और पुलिस प्रशासन को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। उन्होंने शिकायत में बताया कि कॉल करने वाला नंबर पाकिस्तान के कंट्री कोड से जुड़ा हुआ है, जिससे किसी सीमा पार से संचालित साजिश या संदिग्ध गतिविधि की आशंका जताई जा रही है।युवक ने पुलिस को धमकी भरे कॉल से जुड़े सभी साक्ष्य और स्क्रीनशॉट उपलब्ध कराए हैं। साइबर सेल पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# विद्यालय के द्वारा चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महा विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना ,एनएसएस इकाई द्वारा तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ एनएसएस के लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठें-उठें, जगे स्वराष्ट्र के लिए जगे-जगे के साथ हुआ। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं द्वारा शिविर स्थल के आसपास पेड़-पौधों की कटाई-छंटाई की गई तथा स्वच्छता जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात मिशन शक्ति फेज 5.0 पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाने की महिला कांस्टेबल प्रियंका एवं उपनिरीक्षक सुनील त्यागी ने मिशन शक्ति की जानकारी देते हुए महिलाओं की सुरक्षा के लिए संचालित विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया।उन्होंने वीमेन पावर लाइन (1090),साइबर हेल्पलाइन (19 30), मुख्यमंत्री हेल्प लाइन (10 76), महिला हेल्प लाइन (181), गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन (102), एम्बुलेंस सेवा (108), चाइल्ड लाइन (1098), अग्नि शमन सेवा (101) तथा पुलिस आपातकालीन सेवा (112) के उपयोग की जानकारी दी। साथ ही बताया कि आवश्यकता पड़ने पर महिलाएं रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक भी 112 पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकती हैं। अंत में एंटी रोमियो स्क्वॉड के बारे में जानकारी दी गई।शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# प्लॉट बेचने के नाम पर पांच लाख की ठगी, विरोध करने पर दांत तोड़ने का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**



थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी अब्दुल्ला पुत्र अब्बास ने थाने पर तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित के अनुसार वह प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य करता है और उसने अपने साथ गांव के ही अनीस पुत्र गुलजार को काम पर रखा हुआ था। आरोप है कि अनीस ने प्लॉट बेचने के नाम पर किसी व्यक्ति से धोखाधड़ी करते हुए पांच लाख रुपये अपने खाते में डलवा लिए। जब इस बात की जानकारी पीड़ित अब्दुल्ला को हुई तो उसने इसका विरोध किया। विरोध करने पर आरोपी अनीस ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की, जिसमें पीड़ित के दांत टूट गए।घटना के बाद पीड़ित ने अपना चिकित्सीय परीक्षण कराया और थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने विश्वासघात करते हुए न केवल आर्थिक धोखाधड़ी की, बल्कि जानलेवा हमला भी किया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है और शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस का कहना है कि दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मौसम परिवर्तन सरकारी अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर के सरकारी अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही अस्पताल परिसर में महिला, पुरुष एवं बच्चों की लंबी कतारें लगी रहीं। अधिकांश मरीज खांसी, जुकाम, बुखार, सिर दर्द, बदन दर्द व वायरल संक्रमण जैसी मौसमी बीमारियों की शिकायत लेकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे।अस्पताल में बढ़ती भीड़ को देखते हुए चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मरीजों का क्रमवार उपचार किया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इन दिनों दिन-रात के तापमान में लगातार बदलाव हो रहा है, जिसकेकारण सर्दी-जुकाम, वायरल फीवर और अन्य संक्रमण तेजी से फैल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों व बुजुर्गों को इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।चिकित्सा प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कहा, मौसम में हो रहे बदलाव का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। ऐसे में लोगों को ठंडी-गर्म चीजों से परहेज करना चाहिए, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और पर्याप्त मात्रा में गर्म पानी का सेवन करें। किसी भी प्रकार के लक्षण दिखने पर लापरवाही न करें और तुरंत अस्पताल आकर जांच कराएं।उन्होंने यह भी बताया कि सरकारी अस्पताल में सभी आवश्यक दवाइयों का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है और मरीजों को निःशुल्क उपचार व दवाइयां दी जा रही हैं।



# सरकारी अस्पताल में टीकाकरण व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



नगर के सरकारी अस्पताल में टीकाकरण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से टीकाकरण अधिकारी डॉ. गुंजन सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में संचालित टीकाकरण केंद्र की व्यवस्थाओं, वैक्सीन भंडारण, रजिस्टर संधारण तथा लाभार्थियों को दी जा रही सुविधाओं का विस्तार से जायजा लिया।निरीक्षण उपरांत डॉ. गुंजन सिंह ने अस्पताल में तैनात एएनएम एवं आशा कार्यकताओं के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान उन्होंने टीकाकरण कार्यक्रम को शासन की मंशा के अनुरूप प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया तथा शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही नियमित टीकाकरण के साथ-साथ छूटे हुए लाभार्थियों को चिह्नित कर समयबद्ध रूप से टीकाकरण कराने के भी निर्देश जारी किए।डॉ. गुंजन सिंह ने कहा कि टीकाकरण बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने टीकाकरण कार्य में तेजी लाने, जन-जागरूकता बढ़ाने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की।इस दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह द्वारा अस्पताल में टीकाकरण से संबंधित सभी व्यवस्थाएं पूर्ण एवं संतोषजनक पाए जाने पर टीकाकरण अधिकारी ने उनकी प्रशंसा करते हुए पीठ थपथपाई। इस दौरान सरकारी अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# दारूल उलूम हुसैनिया में सालाना जलसा आयोजित, चार बच्चों की हुई दस्तारबंदी

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**




कस्बे में स्थित मदरसा दारूल उलूम हुसैनिया गढ़ी मियाँ में सोमवार को सालाना जलसे का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर चार होनहार बच्चों की दस्तारबंदी की रस्म अदा की गई। जलसे में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। जलसे को खिताब करते हुए मौलाना सलमान बिजनोरी, मुफ्ती इमरान देवबंद, मौलाना आफताब, मौलाना इमरानुल्लाह, हजरत मौलाना अकील साहब(गढ़ी दौलत), मौलाना कुरबान(दिल्ली) एवं मौलाना वासिल साहब ने इस्लामी तालीम और सामाजिक सुधार पर रोशनी डाली। हजरत मौलाना आकिल साहब ने अपने संबोधन में कहा कि आज का मुसलमान शादियों में फिजूलखर्ची कर रहा है और दहेज जैसी कुरीति समाज में बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि निकाह को आसान बनाना और फिजूलखर्ची से बचना समय की जरूरत है। उन्होंने आगे फरमाया कि इस्लाम के बताए हुए रास्ते पर चलने में ही भलाई है। इस्लाम में हिंसा करने वालों की कोई जगह नहीं है, क्योंकि इस्लाम अमन, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है। उन्होंने देश में अमन-चैन, आपसी सौहार्द और भाईचारे के लिए विशेष दुआ कराई। दुआ के दौरान पूरा माहौल रूहानी हो गया और मौजूद लोगों ने आमीन कहकर दुआ में शिरकत की। उलेमाओ ने कहा कि कुरआन की हिफाजत करने वाले बच्चे समाज की अमानत हैं और उनकी दस्तारबंदी माता-पिता व उस्तादों की मेहनत का नतीजा है। इस दौरान मुस्लिम समाजके सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# छात्र हत्याकांड प्रकरण, गिरफ्तारी की मांग पर अड़े परिजन

## --हत्या आरोपियों के पुलिस हिरासत के फोटो दिखाने के बाद हुआ दफन

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में दिन दहाड़े कक्षा 12 के छात्र की चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या किए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव पहुंचा तो परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तक शव को दफनाने से मना कर दिया। इस दौरान पुलिस और कैराना विधायक नाहिद हसन के बीच घंटों तक वार्ता चली। बाद में थाना प्रभारी द्वारा मुख्य आरोपी के हिरासत में लिए जाने के फोटो दिखाए जाने पर परिजन माने और शव को सपुर्द-ए-खाक किया गया। गांव इस्सोपुरटील निवासी सलीम का 18 वर्षीय पुत्र अरशद गांव के मुरली मनोहर इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र था। गत रविवार को अरशद को उसके दोस्त विराट का फोन आया, जिसके बाद विराट उसे बाइक पर बैठाकर अपने साथ ले गया। करीब आधे घंटे बाद बोड्डा रोड पर एक दुकान के बाहर अरशद का खून से लथपथ शव पड़ा मिलने की सूचना मिली। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि अरशद की चाकुओं से गोदकर हत्या की गई थी। शव के पास ही एक तमंचा भी पड़ा मिला।घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी सतीश कुमार मौके पर पहुंचे और डायल 112 पुलिस की मदद से शव को कस्बे के सरकारी अस्पताल भिजवाया। वहीं सीओ कैराना हेमंत कुमार व एएसपी सुमित शुक्ला ने भी घटना स्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। छात्र की हत्या की सूचना पर सपा विधायक नाहिद हसन भी थाने पहुंचे और पुलिस के उच्चाधिकारियों से वार्ता कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।मृतक के पिता सलीम ने गांव के ही हिमांशु, कार्तिक, विराट व लगन सहित दो अज्ञात युवकों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने देर रात मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। सोमवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा। शव को देखते ही महिलाओं में कोहराम मच गया और रो-रोकर उनका बुरा हाल हो गया। परिजन और ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़ गए और शव दफनाने से इनकार कर दिया। सूचना पर विधायक नाहिद हसन भी गांव पहुंचे। काफी देर तक पुलिस और विधायक के बीच वार्ता चलती रही, लेकिन भीड़ मानने को तैयार नहीं हुई। इसके बाद थाना प्रभारी सतीश कुमार ने मुख्य आरोपी के हिरासत में लिए जाने के फोटो भीड़ और विधायक को दिखाए। तब जाकर परिजन शांत हुए और शव को कब्रिस्तान ले जाकर सपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सपा विधायक नाहिद हसन का कहना है कि वह मामला विधानसभा में उठाएंगे।थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि मुख्य आरोपी हिमांशु सहित तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। अन्य आरोपियों की तलाश भी जारी है।

# मामौर झील पर मनाया गया बर्ड फेस्टिवल

**समाज जागरण**

शामली कैराना।(फुरकान जंग) विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर मामौर झील पर बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों, मामौर स्थित मदरसे के छात्रों तथा पक्षी प्रेमियों को झील में आने वाले प्रवासी पक्षियों का दीदार कराया गया। सोमवार को विश्व आर्द्रभूमि दिवस मनाने के लिए मामौर झील पर बर्ड फेस्टिवल का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जिला गंगा समिति के नामित सदस्य मुस्तकीम मल्लाह विशेष रूप से पहुंचे। उन्होंने बच्चों को पक्षियों की देखभाल और संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। सुबह के समय पूरे इलाके में घना कोहरा छाया हुआ था। ठंडी हवा और धुंध के बीच झील का प्राकृतिक दृश्य बेहद शांत और मनमोहक लग रहा था। हालांकि, कोहरे की अधिकता के कारण पक्षियों की गतिविधियां स्पष्ट रूप से नहीं दिख पाईं, जिससे पक्षी प्रेमियों को कुछ निराशा हाथ लगी। जो पक्षी सामान्यतः खुले पानी या झील के किनारों पर दिखते हैं, वे या तो झाड़ियों में छिपे रहे या दूर-दराज के हिस्सों में चले गए। कुछ स्थानीय पक्षियों की झलक जरूर मिली, लेकिन प्रवासी पक्षी बहुत कम नजर आए। फिर भी मामौर झील का प्राकृतिक वातावरण और पक्षियों की हल्की-हल्की आवाजें मन को सुकून देने वाली थीं। मौसम में थोड़ा-सा बदलाव भी पक्षियों की मौजूदगी और उनके व्यवहार को प्रभावित कर देता है।इस अवसर पर प्रभागीय वन अधिकारी जगदेव सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी कैराना राजेश कुमार व क्षेत्रीय वन अधिकारी ऊन कृष्णकांत चक्रवर्ती आदि मौजूद रहे।



# अब्बासी समाज की बैठक में शिक्षा पर जोर दिया



**समाज जागरण**

बागपत। सोमवार को अब्बासी समाज की बैठक हुई। जिसमें समाज को शिक्षित करने के साथ सामाजिक बुराइयों को दूर करने पर जोर दिया गया तथा सरकार से अति पिछड़ी जाति में शामिल करने की मांग की गई। कारी जावेद अब्बासी सरपंच बरनावा के आवास पर बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर अब्बासी समाज के 360 गांव के चौधरी तजुर्मान अब्बासी ने कहा कि वर्तमान में समाज को बच्चों को अच्छे शिक्षा की जरूरत है। आज के समय में बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त नहीं हो पा रही है। हमारे बच्चे शिक्षित होंगे तो आने वाली नई पीढ़ी भी शिक्षित रहेगी। हमारे समाज में आज बहुत ज्यादा बुराइयां पनप रही है। उनको बुजुर्ग को देखकर दूर करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हम अपने खर्चे से अपने समाज की बेटियों की शादी कराने का काम भी किया जाएगा। उन्होंने केंद्र प्रदेश सरकार से बिरादरी को अति पिछड़ा जाति में शामिल करने की मांग की। इस अवसर पर कुरान पाक पूरा करने वाली कारी जावेद की पुत्री जैनब प्रवीण 9 वर्षीय को तजुर्मान अब्बासी द्वारा 11 हजार की माला पहना कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर इरशाद चौधरी, सफीक मुनसब, रमजानी अब्बासी सदर बरनावा, हाजी जमीरुद्दीन अब्बासी अखिल भारतीय अब्बासी समाज सदर, जरीफ पूर्व प्रधान बरनावा, कारी जावेद सरपंच अब्बासी समाज, फैजान एडवोकेट, कलीम खान एडवोकेट, यासीन अब्बासी, शौकत अब्बासी आदि मौजूद रहे।

# ब्रिजेश कुमार शर्मा बने चौधरी सर्व खाप ब्राह्मण समाज 360 के प्रभारी

**समाज जागरण बागपत।**

जनपद बागपत के सुप्रसिद्ध समाज सेवी, ब्राह्मण समाज के गौरव व एमएम डिग्री कॉलेज खेकड़ा के अध्यक्ष ब्रिजेश कुमार शर्मा को खेकड़ा में आयोजित सर्वखाप सम्मान समारोह उत्सव के अवसर पर चौधरी सर्व खाप ब्राह्मण समाज 360 के चौधरी पंडित नरेश शर्मा ने चौधरी सर्व खाप ब्राह्मण समाज 360 का प्रभारी नियुक्त किया गया। ब्रिजेश कुमार शर्मा को चौरासी देशखाप के चौधरी पंडित सुभाष शर्मा की अध्यक्षता में एवम जिलाधिकारी बागपत अस्मिता लाल, डा सुरेशचन्द कौशिक और चौधरी सर्व खाप ब्राह्मण समाज 360 के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में चौधरी पंडित नरेश शर्मा ने पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया जिसमें ब्रिजेश कुमार शर्मा ने शपथ ग्रहण की। ब्रिजेश कुमार शर्मा ने कहा कि समाज ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका वह पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पालन करेंगे और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का प्रयास करेंगे। चौधरी सर्व खाप ब्राह्मण समाज 360 का प्रभारी नियुक्त किये जाने पर लोगों ने ब्रिजेश कुमार शर्मा का फूलमाला पहनाकर व मुहं मीठा कराकर अभिनन्दन किया और उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर सुनील कुमार शर्मा कैबिनेट मिनिस्टर उत्तर प्रदेश सरकार, एसडीएम खेकड़ा, थांबा चौधरी पट्टी बारू ओमकार भारद्वाज, थांबा चौधरी बामडोली हरिओम शर्मा, देशखाप ब्लॉक अध्यक्ष



राममेहर शर्मा (बीडीसी), थांबा चौधरी बावली सुभाष शर्मा, समाज सेवी राधेश्याम शर्मा, चौधरी चौरासी देशखाप पं. सुभाष शर्मा, गठवाल खाप बत्तीससा पं. जय भगवान शास्त्री, उप-चौधरी पं. वेद प्रकाश शर्मा, थांबा चौधरी पट्टी मेहर हरि भजन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष बिनौली जगदीश शर्मा, चौधरी थांबा बावली नीतिश शर्मा, चौधरी थांबा किशनपुर बिराल ऋषिपाल शर्मा, चौधरी थांबा मलकपुर त्रिलोकी नाथ शर्मा, चौधरी थांबा हलवाड़ी ब्रह्मपाल शर्मा, चौधरी थांबा बामडोली हरि ओम शर्मा, चौधरी थांबा बिजरोल पं. शिवकुमार शर्मा, छपरौली चौबीस चौधरी अनिल शर्मा, बृजेश शर्मा, चौधरी चौगामा खाप कृष्ण कुमार शर्मा, आदेश निरपदा, चौधरी चौहान खाप पं. महेंद्र दत्त शर्मा, चौधरी उज्ज्वल खाप पं. ओंकार शर्मा, चौधरी पंडित बारू दत्त शर्मा, दागी खाप से धर्मवीर शर्मा, थांबा चौधरी पट्टी बारू ओमकार भारद्वाज, थांबा चौधरी बामडोली हरिओम शर्मा, देशखाप ब्लॉक अध्यक्ष राममेहर शर्मा (बीडीसी), थांबा चौधरी बावली सुभाष शर्मा, समाजसेवी राधेश्याम शर्मा, चौधरी चौरासी देशखाप पं. सुभाष शर्मा, गठवाल खाप बत्तीससा पं. जय भगवान शास्त्री, उप-चौधरी पं. वेद प्रकाश शर्मा, थांबा चौधरी पट्टी मेहर हरि भजन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष बिनौली जगदीश शर्मा, चौधरी थांबा बावली नीतिश शर्मा, चौधरी थांबा किशनपुर बिराल ऋषिपाल शर्मा, चौधरी थांबा मलकपुर त्रिलोकी नाथ शर्मा, चौधरी थांबा हलवाड़ी ब्रह्मपाल शर्मा, चौधरी थांबा बामडोली हरिओम शर्मा, चौधरी थांबा बिजरोल पं. शिवकुमार शर्मा, छपरौली चौबीस चौधरी अनिल शर्मा, चौधरी चौगामा खाप कृष्ण कुमार शर्मा, आदेश निरपदा, चौधरी चौहान खाप पं. महेंद्र दत्त शर्मा, चौधरी उज्ज्वल खाप पं. ओंकार शर्मा, चौधरी पंडित बारू दत्त शर्मा, दागी खाप से धर्मवीर शर्मा सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

# छपरौली में किन्नरों के दो गुटों में मारपीट का मामला, नेग लेने के दौरान हमला, जान से मारने की धमकी का आरोप, मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण बागपत।**



छपरौली थाना क्षेत्र में किन्नरों के दो गुटों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। इस संबंध में चांदनी किन्नर ने थाने में तहरीर देकर कुछ लोगों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित चांदनी किन्नर ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ दोपहर करीब 11 बजे छपरौली में नेग लेने आई थी। दोपहर लगभग दो से तीन बजे के बीच जब वह घर लौटने के लिए एक ठेके के पास खड़ी थी तभी गाड़ियों में सवार होकर आए कुछ किन्नरों ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी डंडे से मारपीट की, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। चांदनी किन्नर का कहना है कि आरोपी पूर्व में भी कई बार उन पर हमला कर चुके है और जान से मारने की धमकी दे चुके है। किसी तरह जान बचाकर वे छपरौली थाने पहुंची और मामले की शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि तहरीर के आधार पर सरफराज, रुस्तम, फुरकान और इरशाद नामक आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बैंक से करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले पूर्व प्रधान पर मुकदमा दर्ज

**एसबीआई शाखा प्रबंधक की शिकायत पर तीन नामजद आरोपी बेनकाब**
**लोन चुकाए बिना प्लाट बेचा**
**पुलिस निष्क्रियता पर भी गंभीर सवाल**
**अदालत से एफआईआर आदेश पर ही कारवाई**

**समाज जागरण बागपत।**
बागपत में भारतीय स्टेट बैंक के साथ बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी का गंभीर मामला सामने आया है। बैंक से लाखों रुपये का ऋण लेने के बाद गिरवी रखी गई संपत्ति को नियमों के खिलाफ बेच देने और बैंक को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप पूर्व प्रधान सहित तीन लोगों पर लगा है। पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने के बाद अब मामला मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत तक पहुंच गया गया था। बता दें कि भारतीय स्टेट बैंक की शौकत मार्केट शाखा में तैनात उप शाखा प्रबंधक साधना सिंह ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल कर बताया था, कि 13 फरवरी 2015 को पूर्व ग्राम प्रधान हरेन्द्र सिंह और नगेन्द्र पाल, निवासी ग्राम फैजपुर निनाना, ने बैंक से 29 लाख 20 हजार रुपये का ऋण लिया था। ऋण के बदले मेरठ रोड स्थित 200 वर्ग गज का प्लाट बैंक के पास गिरवी रखा गया था। बैंक नियमों के अनुसार, ऋण पूरा चुकाए बिना संपत्ति को बेचना पूरी तरह गैरकानूनी है। इसके बावजूद सह-ऋणी नगेन्द्र पाल ने गिरवी रखे गए प्लाट में से 100 वर्ग गज भूमि को 29 नवंबर 2016 को डोली चौहान, निवासी आर्य नगर बागपत, को बेच दिया। यह बैनामा सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में विधिवत दर्ज भी कराया गया, जबकि बैंक का ऋण आज तक अदा नहीं किया गया। बैंक का आरोप था कि तीनों आरोपियों ने आपसी साजिश के तहत बैंक के साथ छल और धोखाधड़ी की, जिससे बैंक को भारी आर्थिक क्षति हुई। इस मामले में पहले जन शिकायत प्रकोष्ठ, कोतवाली बागपत और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दी गई, लेकिन कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। पुलिस की निष्क्रियता से आहत बैंक अधिकारी ने अब अदालत से थाना बागपत को एफआईआर दर्ज करने के आदेश देने की मांग की है। जिसके बाद न्यायालय के आदेश के बाद आरोपियों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला सामने आने के बाद बैंकिंग व्यवस्था की सुरक्षा और पुलिस की कार्य प्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए है।

# आठ को क्रांतिकारी शहीद बाबा शाहमल की जयंती मनाई जाएगी

**समाज जागरण**

बड़ौत। बिजरौल गांव मे 8 फरवरी को 1857 की क्रांतिकारी शहीद बाबा शाहमल जन्मस्थली पर 229 जन्म जयंती समारोह बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसमें रविवार को सुबह दस बजे हवन पूजन होगा। यह कार्यक्रम बिजरौल गांव के शाहमल स्मारक इंटर कॉलेज में आयोजित होगा यह जानकारी मीडिया को देते हुए शहीद बाबा शाहमल के वंशज पूर्व रमेश फौजी ने समस्त परिवार की तरफ से यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि



क्रांतिकारी बिजरौल निवासी बाबा शाहमल स्मारक पर यह जयंती हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग आकर भाग लेते है। इसी दिन इस कार्यक्रम में सभी समाज के लोगों को भी सम्मानित किया जाता है। बाबा शाहमल जन्मस्थली पर देश भर के लोग इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बिजरौल गांव में आते है। बाबा शाहमल परिवार किसान परिवार है उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लेते हुए अपने प्राण न्योछावर किए थे। इसी को मध्य नजर रखते हुए उनकी जन्मस्थली पर यह कार्यक्रम हर वर्ष मनाया जाता है।

# रक्षा मंत्री ने यंत्र इंडिया लिमिटेड को 'मिनीरत्न' श्रेणी-कका दर्जा देने की मंजूरी दी

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने यंत्र इंडिया लिमिटेड (वाईआईएल) को 'मिनीरत्न' श्रेणी-क का दर्जा देने की मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री ने रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (डीपीएसयू) को मात्र चार वर्षों के कम समय में सरकारी संगठन से लाभ कमाने वाली कंपनी में परिवर्तित होने पर बधाई दी। उन्होंने कंपनी के कारोबार को बढ़ाने, स्वदेशीकरण को अधिकतम करने और मिनीरत्न (श्रेणी-क) का दर्जा प्राप्त करने के लिए अन्य निष्पादन मानकों को पूरा करने के लिए वाईआईएल प्रबंधन द्वारा उठाए गए कदमों पर संतोष व्यक्त किया। वाईआईएल ने स्थापना के बाद से कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की हैं, जिनमें 2021-22 (दूसरी छमाही) में 956.32 करोड़ रुपये की बिक्री से वित्त वर्ष 2024-25 में 3,108.79 करोड़ रुपये तक की उल्लेखनीय वृद्धि शामिल है। निर्यात के मोर्चे पर, इसने वित्त वर्ष 2021-22 (दूसरी छमाही) में शून्य से वित्त वर्ष 2024-25 में 321.77 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की है। वाईआईएल के प्रमुख उत्पादों में कार्बन फाइबर कंपोजिट, मध्यम और बड़े कैलिबर गोला-बारूद के लिए असेंबली उत्पाद, बख्तरबंद वाहनों के लिए असेंबली उत्पाद, तोपखाने और मुख्य युद्धक टैंकों (एमबीटी) के लिए असेंबली उत्पाद, ग्लास कंपोजिट, एल्युमीनियम मिश्र धातु आदि शामिल हैं। मिनीरत्न (श्रेणी-क) का दर्जा मिलने से वाईआईएल के बोर्ड को सरकार की मंजूरी के बिना नए प्रोजेक्ट, आधुनिकीकरण, उपकरण खरीद आदि पर 500 करोड़ रुपये तक का पूंजीगत व्यय करने का अधिकार प्राप्त हो गया है। इससे कंपनी को रक्षा उत्पादन और निर्यात में तेज विकास तथा नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने में और अधिक सहायता मिलेगी। रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में कार्यात्मक स्वायत्तता, दक्षता बढ़ाने और नवाचार एवं विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार ने पूर्ववर्ती आयुध कारखाना बोर्ड (ओएफबी) का निगमीकरण करके सात नए रक्षा उपक्रमों (डीपीएसयू) का गठन किया था। वाईआईएल नवगठित अनुसूची 'ए' के डीपीएसयू में से एक है, जो रक्षा उत्पादन विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत है। मई 2025 में रक्षा मंत्री ने इन सात डीपीएसयू में से तीन-मुनिशन्स इंडिया लिमिटेड, आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड और इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड को मिनीरत्न-क का दर्जा देने की मंजूरी दी थी। यह निर्णय आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के प्रति सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जिसमें रक्षा विनिर्माण, अनुसंधान और रणनीतिक प्रौद्योगिकियों में स्वदेशी क्षमताओं के निर्माण पर विशेष जोर दिया गया है। यह व्यापक रक्षा सुधारों के अनुरूप है, जिनका उद्देश्य आयात पर निर्भरता कम करना, घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना, भारतीय उद्योग की भागीदारी को प्रोत्साहित करना और भारत को वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

# भूजल संदूषण के लिए उपचारात्मक कार्य योजनाएँ

केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) अपने भूजल गुणवत्ता निगरानी कार्यक्रम और विभिन्न वैज्ञानिक अध्ययनों के अंतर्गत अपनी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार पूरे देश में क्षेत्रीय स्तर पर भूजल गुणवत्ता डेटा उत्पन्न करता है। वर्ष 2024 के दौरान, भूजल गुणवत्ता हॉटस्पॉट निगरानी का कार्य सीजीडब्ल्यूबी द्वारा संदूषकों के वितरण और स्थानिक फैलाव का आकलन करने के लिए किया गया था। इस अभ्यास का उद्देश्य स्थानीय संदूषण क्षेत्रों का सीमांकन करना और आसपास के क्षेत्रों में संदूषकों के प्रसार की सीमा को समझना था। सीजीडब्ल्यूबी ने विभिन्न प्रकार के प्रदूषकों से होने वाले भूजल प्रदूषण के निवारण के लिए कई उपाय सुझाए हैं, जिनका प्रसार वार्षिक भूजल गुणवत्ता रिपोर्ट, नैक्यूम अध्ययन रिपोर्ट, राज्य/जिला प्रशासनों को जारी ऐड्वाइजरी और अपने प्रशिक्षण एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से किया जाता है। सीजीडब्ल्यूबी ने आर्सेनिक और फ्लोराइड मुक्त कुओं के निर्माण की तकनीक भी विकसित की है, जिसे राज्य सरकारों के साथ साझा किया गया है ताकि वे इसे दोहरा सकें और आगे बढ़ा सकें।

भारत सरकार द्वारा राज्यों के सहयोग से वर्ष 2019 से जल जीवन मिशन का कार्यान्वयन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। यह योजना पूरे देश को कवर करती है, न कि केवल गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्रों को। हालांकि, गुणवत्ता प्रभावित बस्तियों को पीने योग्य पानी उपलब्ध कराना जल जीवन मिशन की प्राथमिकताओं में से एक है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सलाह दी गई है कि वे जल गुणवत्ता संबंधी समस्याओं से ग्रस्त गांवों के लिए सतही जल स्रोतों या वैकल्पिक सुरक्षित भूजल स्रोतों जैसे सुरक्षित जल स्रोतों पर आधारित पाइपयुक्त जल आपूर्ति स्कीमों की योजना बनाएं और उन्हें कार्यान्वित करें।

जल प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए सरकार और अन्य हितधारकों के सामूहिक प्रयासों के परिणामस्वरूप, आर्सेनिक और फ्लोराइड जैसे दो प्रमुख प्रदूषकों से प्रभावित बस्तियों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। राज्यों द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार, अगस्त 2019 से जनवरी 2026 तक देश में आर्सेनिक और फ्लोराइड से प्रभावित बस्तियों की संख्या क्रमशः 14,020 से घटकर 314 और 7,996 से घटकर 245 हो गई है। इन शेष बस्तियों को सामुदायिक जल शोधक संयंत्रों (सीडब्ल्यूपीपी) के माध्यम से स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया गया है।

भूजल में नाइट्रेट की उपस्थिति आमतौर पर भूमि की सतह पर या उसके आस-पास स्थित नाइट्रोजन स्रोतों से उत्पन्न होती है, जहाँ नाइट्रोजन युक्त अपशिष्ट जमा होते हैं। कई मामलों में, कृषि क्षेत्रों में उपयोग किए जाने वाले उर्वरकों, पशु अपशिष्टों या अन्य नाइट्रोजनयुक्त अवशेषों के रिसाव के कारण नाइट्रेट की सांद्रता बढ़ जाती है।

तदनुसार, सीजीडब्ल्यूबी ने सिफारिश की है कि भूजल पुनर्भरण में वृद्धि, डाइल्यूशन प्रभाव के माध्यम से नाइट्रेट संदूषण को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, साथ ही ऊपरी मृदा परतों में नाइट्रेट उत्सर्जन को कम करने के उपाय भी आवश्यक हैं। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार मृदा स्वास्थ्य कार्ड आधारित अनुशंसाओं के आधार पर उर्वरकों के संतुलित और विवेकपूर्ण उपयोग की अवधारणा का समर्थन कर रही है। राष्ट्रीय मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना के अंतर्गत, मृदा स्वास्थ्य कार्ड (एसएचसी) का उपयोग मृदा स्वास्थ्य में सुधार और उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। सरकार (पूर्वोत्तर राज्यों को छोड़कर) सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) और पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए विशेष रूप से जैविक मूल्य श्रृंखला विकास मिशन ऑर्गेनिक

वैल्यू चेन डेवलपमेंट (एमओ वीसीडीए नईआर) के माध्यम से देश में जैविक खेती को बढ़ावा दे रही है।

# पड़ोसी पर छज्जा निकालने का आरोप

**समाज जागरण**

बागपत। नगर के देशराज मोहल्ले की भावना गुप्ता पत्नी सत्यनारायण गुप्ता ने पड़ोसी पर छज्जा निकालने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि उसने इस संबंध में नगर पालिका में भी शिकायत की थी, मगर कोई कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने ईओ से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। भावना ने बताया कि वर्ष 2023 में हमने मकान खरीदा था। उसके बाद हम उसमें रहने लग गए।आरोप है कि पड़ोसी एक युवक अपना मकान बना रहा है। वह गली में 4 फीट का छज्जा निकल रहा है। हमारा मकान पीछे है तो भविष्य में



हमें अपने मकान बनाने में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। पड़ोसी छज्जा निकल रहा है वह मानको के अनुसार नहीं है। पीड़ित महिला ने अधिकारियों से कई बार शिकायत भी की परंतु कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। आरोप है कि पीड़ित महिला को और उसके परिवार को पड़ोसी एक जान से मारने और घर खाली करने की धमकी भी देता है। उन्हें डर है कि उसके परिवार के साथ कभी भी कोई हादसा हो सकता है। उन्होंने ईओ से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से पिछले पांच वर्षों में 10 लाख रुपये तक की परियोजना लागत वाली विनिर्माण क्षेत्र की 63 प्रतिशत इकाईयों और सेवा क्षेत्र की 93 प्रतिशत इकाईयों को सहायता मिली

सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने उत्पादन और राष्ट्रीय शक्ति बढ़ाने के उद्देश्य से क्रिएशन एंड हार्मोनियस एप्लीकेशन ऑफ मॉडर्न प्रोसेसेज फॉर इंक्रीजिंग द आउटपुट एंड नेशनल स्ट्रेंथ - चैंपियंस नामक एकीकृत पोर्टल स्थापित किया है, जिसका लक्ष्य शिकायतों का प्रभावी निवारण है प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पीएमईजीपी, केंद्रीय योजना है जो संभावित लाभार्थियों को मुख्य रूप से कम परियोजना लागत वाली नए सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने में छोटे ऋण उपलब्ध कराकर सहायता प्रदान करती है। वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2024-25 तक की पिछली पांच वर्ष की अवधि में 10 लाख रुपये तक परियोजना लागत वाली विनिर्माण क्षेत्र की लगभग 63 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र की 93 प्रतिशत इकाईयों को सहायता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, पीएमईजीपी के अंतर्गत लघु परियोजनाओं के लिए ऋण और सब्सिडी सुगम बनाने के निम्नलिखित उपाय किए गए हैं: जिन लाभार्थियों की परियोजना लागत 10 लाख रुपये से कम है, उन आवेदकों को प्राथमिकता दी जा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, 10 लाख रुपये तक के ऋण वाली परियोजनाओं के लिए बैंकों द्वारा किसी भी प्रकार की जमानत राशि की मांग नहीं की जाती। मंत्रालय ने सभी प्रमुख बैंकों को इस प्रावधान का कड़ाई से अनुपालन करने को कहा है। विनिर्माण क्षेत्र में 10 लाख रुपये तक और सेवा क्षेत्र में 5 लाख रुपये तक की लागत वाली परियोजनाएं स्थापित करने के लिए किसी शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, उत्पादन और राष्ट्रीय शक्ति बढ़ाने के लिए आधुनिक प्रक्रियाओं के निर्माण और सामंजस्यपूर्ण अनुप्रयोग झ्र चैंपियंस नाम का एकीकृत पोर्टल संचालित कर रहा है, जिसका उद्देश्य पीएमईजीपी सहित मंत्रालय की योजनाओं से संबंधित शिकायतों का त्वरित, सुगम और प्रभावी निवारण करना, एमएसएमई को विभिन्न सरकारी योजनाओं/नीतियों को समझने में सहायता प्रदान करना, मार्गदर्शन और परामर्श सेवाएं प्रदान करना और एमएसएमई को मंत्रालय, राज्य सरकारों, ऋण संस्थानों और सरकारी एजेंसियों के प्रमुख अधि कारियों से जोड़ना है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक द्वारा दी जाने वाली अग्रिम राशि को ब्याज दर नियंत्रण मुक्त कर दिया है। अतः पीएमईजीपी ऋणों पर ब्याज दरें रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित नियामक ढांचे के अंतर्गत बैंकों की व्यक्तिगत ऋण और ऋण नीति के आधार पर तय की जाती हैं। हालांकि शीर्ष बैंक ने सभी विनियमित संस्थाओं को पारदर्शिता, निष्पक्षता और ऋण शर्तों का पर्याप्त खुलासा सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं,

जिससे पीएमईजीपी लाभार्थियों को सूचित निर्णय लेने में सहायता मिलेगी और अधिक ब्याज वसूली रोकी जा सकेगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को पीएमईजीपी परियोजनाओं को मंजूरी देने में प्राथमिकता देने के दिशानिर्देश भी जारी किए हैं।

# बजट 2026 में आयुष भारत के समेकित स्वास्थ्य देखभाल के केंद्र में

## केंद्रीय आयुष मंत्री श्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आयुष ने अभूतपूर्व संस्थागत विकास और वैश्विक पहचान हासिल की

केंद्रीय बजट 2026-27 में आयुष पारितंत्र सुदृढ़ करने की घोषणाओं के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री प्रतापराव जाधव ने इन्हें भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को बड़ा समर्थन बताया। आयुष मंत्री ने बजट को दूरदर्शी और भविष्योन्मुखी बताते हुए कहा कि ये उपाय समग्र, समावेशी और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली उन्नत बनाने की सरकार की अटूट प्रतिबद्धता दशार्ते हैं, जिनमें आयुष एकीकृत स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण स्तंभ है। वित्त मंत्री ने बजट भाषण में, आयुष में शिक्षा, अनुसंधान, गुणवत्ता आश्वासन, वैश्विक नेतृत्व, गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा पर्यटन और कुशल कार्यबल बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की घोषणा की है। ये उपाय पारंपरिक चिकित्सा को निवारक स्वास्थ्य सेवा, आर्थिक विकास और कल्याण में वैश्विक नेतृत्व के मुख्य चालक के रूप में स्थापित करने की भारत की आकांक्षा मजबूत करते हैं। बजट में ऐतिहासिक रूप से उच्च-गुणवत्तापूर्ण स्नातक और परास्नातक शिक्षा, उच्च अनुसंधान और आधुनिक उन्नत



स्वास्थ्य सेवाएं विस्तारित करने के लिए तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव है। मौजूदा राष्ट्रीय संस्थानों की सफलता के आधार पर इन संस्थानों से देश भर में शैक्षणिक मानक और समुन्नत होने तथा साक्ष्य-आधारित समेकित स्वास्थ्य सेवा सुदृढ़ होने की संभावना है। बजट में आयुष फार्मेसियों और औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं को उच्च प्रमाणन मानकों के अनुरूप उन्नत बनाने का भी प्रस्ताव है। इस कदम से उत्पाद गुणवत्ता, उपभोक्ता विश्वास और निर्यात तैयारी बढ़ेगी, साथ ही औषधीय पौधे उगाने वाले किसानों और प्रसंस्करण और विनिर्माण में लगे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को भी मदद मिलेगी। भारत के वैश्विक नेतृत्व को और सुदृढ़ बनाते हुए, जामनगर स्थित विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैश्विक पारंपरिक औषधि केंद्र को समुन्नत बनाया जाएगा, ताकि अनुसंधान सहयोग, अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण और नीतिगत संवाद को सघन बनाया जा सके और भारत पारंपरिक चिकित्सा के वैश्विक ज्ञान केंद्र के रूप स्थापित हो। आर्थिक समेकन के महत्वपूर्ण कदम के तौर पर प्रस्तावित क्षेत्रीय उन्नत चिकित्सा पर्यटन केंद्र के रूप में पांच आयुष केंद्र स्थापित किये जाएंगे। इससे एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल स्थानक बनेंगे जो उन्नत स्वास्थ्य चिकित्सा को पारंपरिक स्वास्थ्य प्रणाली, स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं और पुनर्वास (शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से सामान्य जीवन में वापस लाना) में मदद करेंगे। इस पहल से आयुष चिकित्सक, थेरेपिस्ट (प्रशिक्षित चिकित्सा सहायता पेशेवर), योग प्रशिक्षक और संबंधित पेशेवरों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार उत्पन्न होने की संभावना है। राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा - एनएसक्यूएफ केयर गिवर प्रशिक्षण कार्यक्रम में योग और स्वास्थ्य देखभाल शामिल करने से - अगले साल डेढ़ लाख केयर गिवर तैयार किये जा सकेंगे, बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल अर्थव्यवस्था में आयुष से जुड़े कौशल को मुख्यधारा में लाया जाएगा और अग्रिम और वृद्धावस्था देखभाल सेवाओं को मजबूती




मिलेगी। श्री जाधव ने कहा कि पिछले एक दशक में, माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आयुष में अभूतपूर्व संस्थागत विकास, वैश्विक पहचान, डिजिटल विस्तार और अनुसंधान में प्रगति हुई है। यह बजट उसी मजबूत नींव पर आधारित है, जिसमें विस्तार से आगे बढ़कर एकीकरण, गुणवत्ता वृद्धि और वैश्विक एकीकरण की ओर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णायक क्षण है जहां पारंपरिक चिकित्सा पद्धति पूरक के रूप में नहीं, बल्कि भारत के स्वास्थ्य देखभाल भविष्य के अभिन्न अंग के रूप में देखा जा रहा है। श्री जाधव ने बजट घोषणाओं के व्यापक आर्थिक प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि ये स्वास्थ्य नीति को ग्रामीण आजीविका, निर्यात वृद्धि, युवा रोजगार और उद्यमिता से जोड़ती हैं - जिससे भारत साक्ष्य-आधारित समग्र स्वास्थ्य सेवा के वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा है। केंद्रीय आयुष मंत्री ने अटूट समर्थन और दूरदर्शी दृष्टिकोण के लिए माननीय प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह बजट स्वस्थ, आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर पर सम्मानित भारत के एकीकृत स्वास्थ्य सेवा को संस्थागत बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है।

# रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता : महंत तुरंत नाथ

## महंत मोनी बाबा तुरंत नाथ ने किया रक्तदान शिविर तथा भण्डारे का शुभारंभ

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

तोशाम श्री गोरक्ष शक्ति पिठ निर्माणधीन तोशाम बहल रोड रोढ़ां बाल योगी गोरखनाथ मंदिर में 1 फरवरी को रविवार को पन्द्रह वां विशाल भण्डारा एवं कुस्ती दंगल सहित पांचवां रक्तदान शिविर तथा आंखों व दांतों का निःशुल्क कैंप लगाया गया ! महंत मोनी बाबा तुरंत नाथ ने रक्तदान शिविर तथा भण्डारे का शुभारंभ किया। हर साल रक्तदान शिविर का आयोजन करवाने वाले समाजसेवी सुनील उर्फ शाका रोढां. ने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता । रक्त मानव शरीर की सभी क्रियाओं के लिए सबसे आवश्यक पदार्थ है भारत में रोजाना हजारों लोगों को रक्त कि आवश्यकता होती है इस लिए रक्तदान महादान है और मानवता कि सच्ची सेवा है। उल्लेखनीय है कि



महंत बाबा तुरंत नाथ ने 108 बार रक्तदान कर चुके हैं।

एक दिवसीय कुश्ती दंगल का हुआ समापन ।

एक दिवसीय कुश्ती दंगल में पहलवानों ने पुरा दम खम लगाया सेकंडों खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने दांव पेंच दिखाएं। हर वर्ष की भांति इस बार भी लड़कों व लड़कियों कि कुश्ती दंगल हुआ। महंत बाबा तुरंत नाथ ने कहां कि युवा का राष्ट् के निर्माण में अहम योगदान होता है

इस दौरान सोमबीर बूरा सचांलक न्यू किसान डेयरी, समाजसेवी सुनील उर्फ शाका रोढ़ां, नोजवान, नरेश बूरा, कलदिप बूरा , अमित, बाबा का सेवक रमेश बूरा, महावीर , प्रशोतम सेठ, धर्मवीर,कृष्ण, राजेन्द्र, सचिन पत्रकार, दिवान, नवीन बूरा, रामभक्त बूरा, सुखविर फोजी, महावीर नाई, मन्दीप बूरा, हंसराज, दिपक फोजी,आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया संत शिरोमणि जगतगुरु श्रीगुरु रविदास महाराज जी का 649वां अवतार दिवस

**दैनिक समाज जागरण**

कालांवाली 2फरवरी (सुरेश जोरासिया) संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी का 649 वां अवतार दिवस श्री गुरु रविदास सभा एवं ग्राम वासियों के सहयोग से श्रीगुरु रविदास धर्मशाला में मनाया गया' इस अवसर पर रेनू शर्मा जिलाध्यक्ष जिला डबवाली, नगर पालिका अध्यक्ष महेश झोरड, लवली गर्ग, संजीव सिंगला, महेश आजाद वीर सिंह अन्य समाजसेवीयों ने विशेष तौर पर शिरकत की। सभा की और से उनका भव्य स्वागत किया गया' रेनू शर्मा ने सभी ग्राम वासियों को सतगुरु श्री गुरु रविदास महाराज जी के प्रकाश उत्सव पर बधाई दी' सभा की ओर से धर्मशाला के निर्माण के लिए सहयोग करने कि अपील की' उन्होंने कहा कि समाज की मांग



उचित व वाजिव है हम मुख्यमंत्री से मिलकर इस कार्य को पूरा करवाऐ गऐ जितना संभव हो सका कार्य करवाया जाऐगा' सभी ग्रामीणों ने उनका धन्यवाद किया और जय गुरूदेव धन गुरूदेव का जयघोष से सारा परिसर भक्तिमय हो गया' गुरुजी का लंगर अटूट बरताया गया' महिलाओ के द्वारा भजन कीर्तन किया गया। अतिथियों को समृति चिन्ह देकर सम्मानित कर तहदिल से आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर प्रधान अश्विनी नुना उपाध्यक्ष सुरेश जोरासिया नरेश (काला)रितिक, लालचंद, अशोक डमोलिया जोतराम, पंच चांद राम, टेकचंद बलवीर एवं अन्य ग्रामवासी मौके पर मौजूद रहे'

# अरुण वधावन पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

भटिंडा, 2 फरवरी : पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित कपूर द्वारा व्यापार मंडल के नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। श्री कपूर ने इस अवसर पर श्री कपूर ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन में अरुण वधावन को (स्टेट वाइस प्रेसिडेंट, बठिंडा), वेद प्रकाश कक्कड़ को वाइस प्रेसिडेंट,राज कक्कड़ को ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी, जसविंदर भाटिया को सेक्रेटरी, करण लाड़ी को एग्जीक्यूटिव मेंबर,परवीन गोयल (बठिंडा) को एग्जीक्यूटिव मेंबर,परमिंदर पम्मा स्टेट एडवाइजर, बंटी खेड़ा स्टेट सेक्रेटरी, संजीव खेड़ा जिला उपाध्यक्ष श्री मुक्तसर साहिब, पोपी बांसल स्टेट सेक्रेटरी, जसपाल सिंह दरगन, परदीप कुमार हैप्पी काठपाल ठपाल जलालाबाद को भी एग्जीक्यूटिव मेंबर के रूप में शामिल किया गया है। उधर अपनी



नियुक्ति के बाद अरुण वधावन ने कहा कि पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करता रहा है और आने वाले समय में भी संगठन हर छोटे-बड़े व्यापारी की आवाज सरकार तक पहुंचाने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि आज व्यापार जगत कई तरह की समस्याओं से जूझ रहा है, जैसे टैक्स सिस्टम, महंगाई, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की प्रतिस्पर्धा और स्थानीय व्यापार को हो रहा नुकसान, ऐसे में संगठन की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब में व्यापारियों की एकता को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी, ताकि सभी व्यापारी एक मंच पर आकर अपनी समस्याएं खुलकर रख सकें। नई कार्यकारिणी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह टीम सिर्फ पदों तक सीमित न रहकर, जमीनी स्तर पर काम करेगी और हर व्यापारी के सुख-दुख में साथ खड़ी रहेगी।अरुण वधावन ने यह भी कहा कि संगठन का लक्ष्य युवाओं को व्यापार से जोड़ना, नए उद्यमियों को मार्गदर्शन देना और सरकार के साथ संवाद स्थापित कर व्यापार के लिए अनुकूल नीतियां बनवाना है।

अंत में कपूर ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन को और सशक्त बनाने के लिए सभी पदाधिकारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और व्यापारियों के हितों के लिए एकजुट होकर काम करें।

# हरि शंकर वर्मा ने रेलवे बोर्ड के सदस्य (परिचालन और व्यवसाय विकास) का पदभार संभाला

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,2 फरवरी : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा सोमवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि 1987 बैच के भारतीय रेलवे यातायात सेवा अधिकारी, श्री हरि शंकर वर्मा ने रेलवे बोर्ड के सदस्य (परिचालन और व्यवसाय विकास) तथा भारत सरकार के पदेन सचिव का पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व, वह रेलवे बोर्ड में महानिदेशक (सुरक्षा) के पद पर कार्यरत थे। अपने गौरवशाली करियर के दौरान, श्री वर्मा ने भारतीय रेलवे में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है, जिनमें शामिल हैं।अपर मंडल रेल प्रबंधक मध्य रेलवे, मुंबई, मंडल रेल



प्रबंधक सेलम मंडल, दक्षिण रेलवे, मुख्य यात्री यातायात प्रबंधक मध्य रेलवे, मुंबई,प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक हुबली, दक्षिण पश्चिम रेलवे, महानिदेशकः भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान लखनऊ इन सभी पदों पर रहते हुए श्री वर्मा ने कई नए रिकॉर्ड और उपलब्धियाँ स्थापित कीं।

**सुरक्षा के क्षेत्र में योगदान**

महानिदेशक (सुरक्षा), रेलवे बोर्ड के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान भारतीय रेलवे के सुरक्षा रिकॉर्ड ने नई ऊंचाइयों को छुआ। प्रक्रिया सुधार पर उनके विशेष ध्यान के कारण, परिणामी दुर्घटनाओं की संख्या में भारी कमी आई है।

**सम्मान और विशेषज्ञता**

पुरस्कार उन्हें दो बार माननीय रेल मंत्री पुरस्कार और महाप्रबंधक स्तर पर कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।प्रशिक्षणः उन्होंने सिंगापुर, मलेशिया और इटली से प्रबंधन का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। विशेषज्ञताः उन्हें रेलवे यातायात और प्रबंधन के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ के रूप में जाना जाता है।

# मोदी की यात्रा ने पंजाब में एकता और समावेशी विकास का संचार किया : सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो ,2 फरवरी :राष्ट्रीय भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं अधिवक्ता सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल भूखड़ी कलां ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की डेरा सचखंड बल्लांन जालंधर की ऐतिहासिक यात्रा ने पंजाब के हृदय को गहराई से स्पर्श किया है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि रविदासिया समाज के प्रति सम्मान, मान्यता और विश्वास का एक सशक्त नैतिक संदेश है जिनका आध्यात्मिक और सामाजिक योगदान पंजाब की आत्मा में रचा बसा है।ग्रेवाल ने कहा कि इस पवित्र केंद्र में प्रधानमंत्री की उपस्थिति एक साधारण शिष्टाचार से कहीं अधिक थी। यह करुणा, विनम्रता और राष्ट्रीय एकता से प्रेरित एक सच्चा जनसंपर्क था। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम समाज के विभिन्न वर्गों के बीच विश्वास को मजबूत करते हैं और यह स्पष्ट संदेश देते हैं कि भारत की प्रगति में समाज का हर वर्ग समान भागीदार है। ग्रेवाल ने बताया कि पंजाब एक महत्वपूर्ण सीमावर्ती राज्य होने के नाते लंबे समय से नए आत्मविश्वास, आर्थिक गति और स्थायी सामाजिक सौहार्द की आकांक्षा रखता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की यह संवेदनशील यात्रा आशा का संचार करती है, निवेश को प्रोत्साहित करती है और समावेशी शासन में विश्वास को और सुदृढ़ करती है। यह लोगों को यह विश्वास दिलाती है कि उनकी आवाज, उनकी आस्था और उनका भविष्य वास्तव में मायने रखते हैं।उन्होंने आगे कहा कि बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की शाश्वत विचारधारा से प्रेरित यह यात्रा इस बात की पुनः पुष्टि करती है कि दलितों और पिछड़े वर्गों के लिए समानता, गरिमा और अवसर भारत की विकास यात्रा के केंद्र में हैं। ग्रेवाल ने कहा कि जो समुदाय कभी हाशिये पर धकेल दिए गए थे वे स्वयं को राष्ट्र के भविष्य में एक सम्मानित हितधारक के रूप में देख रहे हैं।ग्रेवाल ने कहा कि यह सशक्त क्षण एकता, करुणा और सहभागी विकास के एक ऐतिहासिक मील के पत्थर के रूप में याद किया जाएगा। अपने हृदय से और पंजाब की सामूहिक चेतना की ओर से उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का गहरा आभार व्यक्त किया जिन्होंने आशा, सौहार्द और एकजुटता का ऐसा प्रेरणादायक संदेश दिया जो आने वाली पीढ़ियों को निरंतर मार्गदर्शन देता रहेगा।

# राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक भारद्वाज ने अपने बड़े भाई सुरेश शास्त्री की सेवानिवृत्ति पर की गीता भेंट

**- शिक्षा जगत में ही नहीं बल्कि हर वर्ग के लिए सुरेश शास्त्री हैं प्रेरणा**

**- शिक्षक की प्रेरणादायी विदाई में केवल विद्यार्थी ही नहीं बल्कि शिक्षक व ग्रामीणों की हुई नम आंखें**

**- सेवानिवृत्त सुरेश शास्त्री ने विदाई से पहले विद्यालय के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों को करवाया सह भोज**

**- विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री तो विद्यालय को की अलमारी भेंट**

**- मिड डे मिल व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को किया कंबल व नगद राशि भेंट कर दिया सम्मान**

**- सांस्कृतिक कला से जुड़े विद्यार्थियों को दिए नगद पुरस्कार**

**- शिक्षक की विदाई पर फुट फूट कर रोए चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी**

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी,2 फरवरी । भिवानी में लंबे समय से शिक्षा जगत व धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सादगी को समर्पित रहे शिक्षाविद् सुरेश शास्त्री ने अपने जीवन की साधना को शिक्षा के माध्यम से समाज तक पहुंचाया है। पैतृक गांव झाड़ली ब्राह्मणों वाली से आरंभ हुआ उनका यह प्रेरक सफर भिवानी और महेंद्रगढ़ के शिक्षा जगत में एक सशक्त पहचान बनाई । संस्कृत विषय के प्रति उनकी निष्ठा, अनुशासन और मूल्य-आधारित शिक्षण ने असंख्य विद्यार्थियों के जीवन को दिशा दी है। भिवानी से शिक्षा जगत से जुड़े शिक्षाविदो ने सुरेश शास्त्री के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान के साथ शुभकामना दी। शास्त्री ने विद्या नगर में लक्ष्मी मिडल स्कूल का कई वर्ष संचालन कर शिक्षा का पौधा लगाया और फिर उन्हें शिक्षा विभाग में शिक्षा दीक्षा देने का अवसर प्राप्त हुआ।

सेवानिवृत्त हुए शिक्षाविद सुरेश शास्त्री का सेवा-काल 1997 में भिवानी से प्रारंभ हुआ, जहां टीटानी और सिरसी में 89 डे के आधार पर लगभग 6 माह की अस्थायी सेवा दी। इसके पश्चात 22 मई 1998 को महेंद्रगढ़ के डुलाना में उन्होंने स्थायी रूप से सेवा शुरू की। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जासावास में 2 वर्ष 2 माह पीजीटी संस्कृत तथा बलाना में भी 2 वर्ष 2 माह सेवा प्रदान की। 28 वर्षों के दीर्घ शिक्षण अनुभव में उनका सर्वाधिक समय–लगभग 19 वर्ष–डुलाना में टीजीटी संस्कृत के पद पर व्यतीत हुआ, जो उनकी निरंतरता और समर्पण का साक्ष्य है। शिक्षा, समाज, खेल राजनितिक व धार्मिक संस्थाओं से पहुंचे प्रबुद्ध व्यक्तियों व परिजनों व ग्रामीणों व नगर वासियों ने सम्मानित किया। किसी ने गीता रामायण जैसा ग्रन्थ भेंट किया तो किसी ने फूलों और नोटों की माला, धार्मिक पटका, रामदरबार, राघा कृष्ण व शिव जी की प्रतिमा व लोई से सम्मान किया।

भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज के बड़े भाई शिक्षाविद सुरेश शास्त्री का मानना है कि शिक्षा के पवित्र उद्देश्य के सामने किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं। उन्होंने अपने पूरे करियर में किसी दबाव या विषयगत समझौते से दूर रहकर विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत



समर्पण के साथ शिक्षित किया। उनके लिए कक्षा केवल पाठ्यक्रम पूरा करने का स्थान नहीं, बल्कि संस्कार, संस्कृति और चरित्र निर्माण की प्रयोगशाला रही है। उनका उद्देश्य है कि विद्यार्थी न केवल परीक्षा में सफल हों, बल्कि समाज के जिम्मेदार, संस्कारवान और संवेदनशील नागरिक बनें।

इस अवसर पर पूर्व विधायक सीताराम यादव, बसपा नेता ठाकुर अतरलाल, डिप्टी डीईओ राजेंद्र प्रसाद, खंड शिक्षा अधिकारी जगमाल सिंह, आरपीएस ग्रुप चेयरप्रशन पवित्रा यादव, नगर परिषद अध्यक्ष रमेश सैनी, मोदा आश्रम के प्रधान सुधीर दीवान, महंत बचनाई नाथ महाराज, रैड क्रॉस कोऑर्डिनेटर राजेश शर्मा झाड़ली ने कहा प्रवक्ता सुरेश शास्त्री ने शिक्षा जगत में 28 वर्ष का सफर अच्छी छवि के साथ पूर्ण किया है। यह शिक्षकों के लिए ही नहीं बल्कि हर संस्थान के लिए बड़ी प्रेरणा है। जिन्होंने कभी भी शिक्षा सेवा के बीच कोई किसी प्रकार का दबाव व समझौता नहीं किया।

इस अवसर पर भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि मेरे बड़े भाई सुरेश शास्त्री का सफर संघर्ष से भरा हुआ रहा है। जिन्होंने भिवानी और महेंद्रगढ़ दोनों जिलों में शिक्षा ग्रहण कर दोनों जिलों में लंबे समय सेवा दी यह बड़े गर्व की बात है। उनसे शिक्षा ग्रहण कर सैंकड़ों विद्यार्थियों को समय समय पर नई उड़ान मिली है।

गौरतलब है कि सेवानिवृत्त सुरेश शास्त्री ने विदाई से पहले विद्यालय के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों सह भोज करवाया और विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री तो विद्यालय को शिक्षक दस्तावेज अलमारी भेंट की है, मिड डे मिल व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को कंबल व नगद राशि भेंट कर सम्मान दिया है। वहीं सांस्कृतिक कला से जुड़े विद्यार्थियों को दिए नगद पुरस्कार दिया। इस प्रकार की प्रेरणादायी विदाई पर विद्यार्थियों के साथ साथ शिक्षक, मिड डे मिल व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी और ग्रामीण फूट फूट कर रोने लगे, इससे यही प्रतीत होता है कि एक शिक्षक यदि वह अपने कर्तव्य का पालन करता है तो समाज उन्हें किस प्रकार से सर आंखों पर बैठाता है, जिसके लिए विद्यानगर वाशी रहे शिक्षाविद सुरेश शास्त्री समाज में एक उदाहरण है, जिनके सादगी भरे जीवन व उनकी शिक्षा से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस अवसर पर भिवानी से शिक्षक टीम दल विजय शास्त्री, मिताथल से सुभाष शास्त्री, भिवानी से संजय शास्त्री, रामधान शास्त्री भिवानी , पूर्व विधायक सीताराम यादव,बसपा नेता ठाकुर अतरलाल, आरपीएस ग्रुप चेयरप्रशन पवित्रा यादव, नगर परिषद अध्यक्ष रमेश सैनी, महंत बचनाई नाथ महाराज , डिप्टी डीईओ राजेंद्र प्रसाद यादव , मोदा आश्रम के प्रधान सुधीर दीवान , महेंद्रगढ़ रामलीला परिषद के पूर्व प्रधान अतुल दीवान, प्राचार्य स्वतंत्र कुमार,कष्ट निवारण समिति के सदस्य राजेंद्र भारद्वाज, रेड क्रॉस कोऑर्डिनेटर राजेश शर्मा झाड़ली वाले, नगरपालिका पूर्व प्रधान रीना बंटी, व्यापार मंडल के प्रधान सुरेंद्र बंटी, बिजली विभाग से एसडीओ प्रमोद शर्मा, समाजसेवी मुकेश भारद्वाज,आरपीएससी शिक्षण संस्थान के प्राचार्य किशोर तिवारी, प्राचार्य अजीत सिंह यादव, प्रवक्ता धूप सिंह , बिजेंद्र प्रधान, प्रवक्ता दीपक शर्मा , युधिष्ठिर कुमार, पूर्व प्राचार्य कैलाश यादव, प्रवक्ता सुनील शर्मा , प्रवक्ता राजपाल यादव, प्रवक्ता सतीश शर्मा, हसला प्रधान अरविंद यादव, सतन सिंह यादव, सुनील लांबा, प्रवक्ता दिनेश शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज, हरियाणा पुलिस से पवन फौजी, कृष्ण कुमार शर्मा, विनय भारद्वाज, विकास उर्फ विक्की भारद्वाज, निखिल शर्मा, बलाना सरपंच वीरेंद्र सिंह, झाड़ली सरपंच सुरेश कुमार, पूर्व सरपंच संजय कुमार, समाजसेवी राधेश्याम शर्मा, प्रसिद्ध लोक गायक सतीश कुमार, सीताराम शर्मा, संदीप गुर्जर, धर्मेंद्र भारद्वाज , सुमित्रा देवी,सामाजिक कार्यकर्ता अंजु शर्मा, नव्या भारद्वाज, आरोही भारद्वाज, ललित कुमार, रविन्द्र खानपुर, नवीन दादरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति विदाई समारोह पर आयोजित प्रेरणा दिवस कार्यक्रम में शामिल रहे।

# मास्टर ब्लॉक फैक्ट्री परिसर में एसडीएम मनोज दलाल ने किया जाल का पौधारोपण

## स्वर्गीय श्री श्यौनारायण जी एवं स्वर्गीय श्रीमती बदामा देवी जी की पावन स्मृति को नमन करते हुए किया गया पौधारोपण

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 2 फरवरी। मास्टर ब्लॉक फैक्ट्री परिसर में सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वर्गीय श्री श्योनारायण जी एवं स्वर्गीय श्रीमती बदामा देवी जी की पावन स्मृति को नमन करते हुए पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान एसडीएम लोहारू श्री मनोज दलाल ने आज परिसर में जाल का पौधा रोपित किया। उन्होंने स्वर्गीय श्री रघुनारायण जी को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन समाजसेवा, नैतिक मूल्यों एवं सरलता का प्रतीक रहा है। उनकी स्मृति में किया गया यह पौधारोपण भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। एसडीएम श्री दलाल ने जाल के वृक्ष की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जाल का पेड़



अत्यंत दीघार्यु होता है, जिसकी आयु 5000 वर्षों से भी अधिक मानी जाती है। यह वृक्ष ऑक्सीजन का भरपूर मात्रा में उत्सर्जन करता है तथा पर्यावरण को शुद्ध रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर मास्टर राजकुमार चहड़िया द्वारा एसडीएम लोहारू श्री मनोज दलाल को एक पौधा भेंट स्वरूप प्रदान किया गया, जिसे पर्यावरण संरक्षण के प्रति सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक बताया गया। कार्यक्रम में मास्टर राजकुमार चैहड़िया, लालचंद चैहड़िया, कर्मवीर चैहड़िया, पवन पंघाल, रजिस्ट्रार बीआरसीएम, प्रदीप श्योराण, संदीप श्योराण, महेश चहड़िया, प्रवीन गाड़ा, संदीप खरसू सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

# केंद्रीय बजट से देश व प्रदेश में विकास योजनाओं एवं परियोजनाओं को मिलेगी मजबूती : सुनील शर्मा

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 2 फरवरी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार नौवां बजट पेश कर जो व्यवस्थाएं रखी है जो एक ओर नए उत्थानोयुक्त अध्याय के शुरूआत कहा जा सकता है। जिला बजट टोली के सदस्य, सीएम विंडो इमीनेंट पर्शन तथा जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा बहल ने बजट पर चर्चा में बताया कि केंद्रीय बजट 2026 को सुना। बजट आम आदमी, गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है तथा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करता है। यह बजट दूरदर्शी सोच पर आधारित है, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार सृजन, आत्मनिर्भर भारत, तकनीकी सशक्तिकरण, समावेशी विकास और आर्थिक अनुशासन को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि लगभग 7 प्रतिशत की निरंतर आर्थिक वृद्धि दर वैश्विक परिस्थितियों में भारत की आर्थिक ताकत को दशार्ता है। देश व प्रदेश में विकास योजनाओं व परियोजनाओं को मजबूती मिलेगी तथा पब्लिक सुविधाओं और शिक्षा- चिकित्सा, खेल, खेत खलिहान व व्यापार की समृद्धि व खुशहाली का परिचायक है



# आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के संपूर्णता 2.0 अभियान के तहत जारी छ इंडिकेटर के शत प्रतिशत टारगेट 15 मार्च तक पूरे करें अधिकारी : उपायुक्त साहिल गुप्ता

## -उपायुक्त साहिल गुप्ता ने राजकीय कन्या महाविद्यालय में आकांक्षी ब्लॉक बहल तथा लोहारू के संपूर्णता अभियान-2.0 कार्यक्रम को किया संबोधित

## - आकांक्षी ब्लॉक बहल तथा लोहारू के मानक कार्यक्रमों के शत प्रतिशत टारगेट 15 मार्च तक हासिल करने पर दिया जोर

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**(महेन्द्र जावला बहल)**

बहल,02 फरवरी। उपायुक्त साहिल गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के संपूर्णता 2.0 अभियान के तहत जारी छ इंडिकेटर के शत प्रतिशत टारगेट निर्धारित अवधि 15 मार्च तक पूरे करें। उन्होंने कहा कि जिला भिवानी के आकांक्षी ब्लॉक बहल तथा लोहारू के लोगों का जीवन स्तर बेहतर हो और सामाजिक व आर्थिक विकास हो। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, आधारभूत ढांचा तथा सामाजिक विकास के सभी टारगेट पूरे किए जाए।

उपायुक्त साहिल गुप्ता सोमवार को बहल के राजकीय कन्या महाविद्यालय में आकाशी ब्लाक कार्यक्रम संपूर्णता 2.0 अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी आपसी ताल में स्थापित कर आकाशी ब्लॉक बहल तथा लोहारू ब्लॉक में 6 इंडिकेटर दिए गए हैं जिसको निर्धारित समय पर पूरा किया जाए





ताकि जिला भिवानी के लोहारू और बहल ब्लॉक प्रदेश में अव्वल स्थान पर रहे। इस अभियान का उद्देश्य जिले व खंड स्तर पर विकास से जुड़े प्रमुख संकेतकों में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करना है।

उपायुक्त साहिल गुप्ता ने कहा कि संपूर्णता अभियान-2.0 के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, पेयजल, कृषि और सामाजिक सुरक्षा जैसी मूलभूत सेवाओं को जरूरत मंद तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आकांक्षी खंड कार्यक्रम के तहत निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि संपूर्णता अभियान-2.0 के तहत आगामी 14 अप्रैल 2026 तक विभिन्न विभागों द्वारा प्रभावी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन्म के समय सभी नवजात शिशुओं का वजन करना, गांवों व शहरों में टीबी के मरीजों की पहचान कर उनका इलाज शुरू करना, पीएचसी द्वारा अपने अंतर्गत आने वाले ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस मनाया जाएगा। सभी स्कूलों व आंगनवाड़ियों में शौचालयों को क्रियाशील करना, पशुपालन विभाग द्वारा सभी पशुओं का टीकाकरण करना सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएं।

इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे संपूर्णता अभियान-2.0 के दौरान अपने-अपने विभागों से संबंधित योजनाओं व गतिविधियों की प्रगति की नियमित समीक्षा करें तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने उपस्थित से भी अपील की कि वे सरकारी योजनाओं की जानकारी लेकर उनका अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

उपयुक्त साहिल गुप्ता ने उपस्थित लोगों को संपूर्णता अभियान 2.0 के सभी इंडिकेटरों को संतृप्त करने के लिए कार्य करने और सकारात्मक योगदान देने और अपने ब्लॉक को स्वस्थ, समर्थ और समृद्ध बनाने के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई।

एसडीम एसडीम मनोज दलाल दलाल उपायुक्त का स्वागत करते हुए भरोसा दिलाया कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत जो विभिन्न विभागों के मानको के टारगेट निर्धारित गए हैं वे निर्धारित अवधि में पूरे करवाए जाएंगे और समय-समय पर समीक्षा भी जाएगी। सभी विभागों द्वारा निर्धारित समय अवधि में टारगेट पूरे कर लिए जाएंगे।

उपायुक्त साहिल गुप्ता ने आकांक्षी ब्लॉक बहल तथा लोहारू से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। आकांक्षी खंड कार्यक्रम के संपूर्णता अभियान 2.0 के सभी मानकों को निर्धारित समय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने एक-एक करके महिलाएं बाल विकास ,कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पशुपालन आदि विभागों के अधिकारियों से आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के इंडिकेटरो की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए की सभी टारगेट निर्धारित समय होती तक पूरे किए जाए ताकि बहल तथा लोहारू ब्लॉक के लोगों का जीवन स्तर बेहतर हो सामाजिक और आर्थिक विकास हो।

कार्यक्रम में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा शिक्षाप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर एसडीएम मनोज दलाल, डीडीपीओ सोमवीर कादयान,सिविल सर्जन डॉ रघुवीर शांडिल्य, सीएमजीजीए ऋषव रंजन, जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया, एसडीओ डॉ राजकुमार बेनीवाल, बीडीपीओ अमित कुमार , बीडीपीओ मोहित श्योराण, एसएमओ डॉ संजीव गोयल, खंड शिक्षा अधिकारी दर्शना श्योराण, एसईपीओ जयसिंह,डॉ दलबीर सिंह, एबीएफ नीरज बागड़ी,पंचायत समिति के अध्यक्ष विजय फोगाट, वाइस चेयरमैन प्रमिला मान , सरपंच साधुराम पनियार, प्राचार्य कुलदीप पंघाल, वीरेंद्र लाम्बा, सुरेंद्र श्योराण,कर्मवीर चैहड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# टोल प्लाजा पर हुए विवाद में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की त्वरित व निष्पक्ष कार्यवाही, दो नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा टोल प्लाजा पर हुए विवाद के सम्बन्ध में त्वरित, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत कार्यवाही की गई है। प्रकरण- दिनांक 01.02.2026 को समय करीब 15:10 बजे वादी श्री मती आरती पाण्डेय सपरिवार अपने वाहन संख्या UP64 AU 9142 (टोयोटा ग्लैंजा) से रॉबर्ट्सगंज से चोपन की ओर जा रही थीं। थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत स्थित लोढ़ी टोल प्लाजा पर अगली गाड़ी का मैसेज प्राप्त न होने एवं टोल क्रॉस न हो पाने के कारण लेन संख्या-03 में कुछ वाहन खड़े हो गए, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ। उक्त कारण से कुछ मिनटों की देरी होने पर श्रीमती आरती पाण्डेय सपरिवार एवं टोल कर्मियों के मध्य कहासुनी हो गई, जो बाद में विवाद एवं मारपीट में परिवर्तित हो गई। वादी श्रीमती आरती पाण्डेय पुत्री राजकुमार पाण्डेय, निवासी सिविल लाइन रोड, कचहरी, रॉबर्ट्सगंज, थाना रॉबर्ट् र्सगंज, जनपद सोनभद्र द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना रॉबट ्र्सगंज पर मु0अ0सं0-87/2026, धारा 191(2), 109(1), 115 (2),352, 351(3), 74 बीएन एस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना से सम्बन्धित दोनों नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रेत्तर विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-1. रामजी तिवारी पुत्र जय नारायण तिवारी, निवासी भौली कुरारा, जनपद हमीरपुर (उ0प्र0) 2.सर्वेश यादव पुत्र शिव शंकर यादव, निवासी करमीशिपुर मालीपुर, जनपद अम्बेडकर नगर (उ0प्र0), वांछित अभियुक्तगण- 7-8 टोल कर्मी नाम-पता अज्ञात।गिरफ्तार करने वाली टीमः प्र0नि0 रामस्वरूप वर्मा थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र मय हमराह, उ0नि0 विनोद कुमार यादव चौकी प्रभारी चुर्क थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र मय हमराह, 3. उ0नि0 उमाशंकर यादव चौकी प्रभारी लोढ़ी थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र मय हमराह । सोनभद्र पुलिस जनसामान्य से शांति, संयम एवं कानून का पालन करने की अपील करती है।

# कोटेदार की मनमानी, ग्रामीणों का प्रदर्शन, अंगूठा लगवाने के बाद राशन नहीं देने का आरोप

**दो से तीन महीने का अंगूठा लगाने पर एक महीने का दिया जाता राशन**
**कोटेदार कर रहा है गरीब आदिवासियों का शोषण, कालाबाजारी की संभावना**

**विजय शंकर पाण्डेय/ समाज जागरण**




खलियारी /सोनभद्र। जिले के अति पिछड़े ब्लॉक नगवां के ग्राम पंचायत बाकी में सरकारी सस्ते गल्ले कि दुकान संचालक के ऊपर सीयरिया टोला के ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाया ग्रामीणों का कहना हैं कि हमलोग सीयरिया से लगभग तीन कोलोमीटर बाकी गांव में राशन लेने के लिए जाते हैं उसके बाद भी कोटेदार के द्वारा नेटवर्क का बहाना बनाकर हमलोगों को वापस कर दिया जाता है कई बार प्रयास के बाद किसी तरह अंगूठा लगता भी है तो दुकानदार राशन नहीं देता दुकान संचालक कहता है अगले महीने में दोनों महीने का ले जाइए गा दुसरे महीने जाने पर पता चला कि एकही महीने का राशन सरकार ने भेजा लाचारी में एकही महीने का लेकर आना पड़ता है सरकार गरिबों के लिए चाहे कितना भी प्रयास कर लें लेकिन कोटेदार उनसे एक कदम आगे चलते हुए गरिबों के नेवाले डकार ही लेते है और अधिकारी जांच के नाम पर खानापूर्ति करते हुए चल देते हैं। जीरो टार्लेंस की नीति पर काम करने वाली योगी सरकार में कोटेदार को नहीं है कोई भय हर महीने बड़ी मात्रा में गरीबों का राशन डकार रहा है कोटेदार गरीब अनपढ़ होने का भरपूर फायदा उठाते हुए कोटेदार संयोजित तरीके से लूट मचा रहा है लाजिक समझिए जैसे कार्ड धारक ने अंगूठा लगाया वैसे ही ऑनलाइन राशन खारिज हो जाता है और कोटेदार कहता है कि जाओ अगली बार गल्ला मिलेगा इस तरह से हर महीने कई लोगों के हिस्से का राशन बचाकर कालाबाजारी करता है अगर जांच भी की जाय तो पकड़ में नहीं आ सकता है। गरीब आदि वासी डरके मारे विरोध भी नही कर पाते है की कही कोटेदार हमारा राशन न रोक दे। फुलझरिया पति घुरहू सिंह धर्मशीला पति ओमप्रकाश ने आरो लगाया कि हम लोगों से लगातार तीन महीने तक अंगूठा लगवा लिया गया उसके बाद एक एक महीने का राशन दिया गया इस तरह के इस गांव में कार्ड धारकों के साथ शोषण किया गया रामचरन छोटे लाल ने बताया कि कइ लोगों ने जब इसका विरोध किया तो कोटेदार के कुछ बोलते हुए राशन कार्ड कटवाने तक कि धमकी देते हुए जहा जाना हो वहां जा सकते हो इन सभी कारणों से पीड़ित होकर कर के ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी सोनभद्र से मांग किया कि ग्राम पंचायत बाकी के सरकारी सस्ते गल्ले कि दुकान कि उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्रवाई करें ताकि हम गरीब जन मानस को हर महिने समय से राशन मिल सके प्रदर्शन करने वालों में कुमारी पति राम चेला , ममता पति चन्द्र गुलाब, रामरती पति राजकुमार रजिया पति रामबे लाश, धर्म शीला रामप्रसाद पुत्र भोला, देवनरायन बिजेंद्र मोती मुन्ना आदि लोग मौजूद थे।

अब देखना है कि इस मामले की जांचकर भ्रष्ट कोटेदार के विरुद्ध जांचकर कोई कार्यवाही होती है या अधिकारी गरीबों के हक का राशन डकारने वाले कोटेदार को बचाने का प्रयास करती है जो भी हो ये तो जांच के बाद ही पता चलेगा।

# यूपी 64 सोनभद्र की प्राइवेट गाड़ियों का टोल मुक्त होः डॉक्टर धर्मवीर तिवारी

## महिला अधिवक्ता के साथ टोल कर्मियों द्वारा की गई मारपीट की घटना निंदनीय

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र। लोढ़ी टोल प्लाजा पर रविवार को जिस तरह से एक महिला अधिवक्ता व उनके साथ ओबरा जा रहे लोगों के साथ टोल कर्मियों द्वारा मारपीट की गयी वह बेहद शर्मनाक एवं निंदनीय है। यह कहना है बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष डा0 धर्मवीर तिवारी का। डॉक्टर तिवारी ने कहा कि जिस स्थान पर टोल प्लाजा स्थापित किया गया है वह पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा कि चूंकि रावट्र्सगंज सोनभद्र जनपद का मुख्यालय है जहाँ हर दिन सैकड़ों लोग अपने काम से कलेक्ट्रेट व विकास भवन के अलावा कचहरी तथा तहसील आते हैं, जिन्हे मुख्या लय पहुँचने के पहले टोल का किराया चुकाना पड़ता है। इतना ही नहीं जहाँ एक तरफ प्रशासन पर्यटन को बढ़ावा देने की बात करता है, वहीं स्थानीय लोगों को इको पॉइंट तक जाने के लिए भी सोचना पड़ता है, क्योंकि उन्हें पहले टोल चुकाना पड़ता है। डा0 तिवारी ने कहा कि चूंकि जिला आदिवासी बाहुल्य है, जहां लोगों के पास इतने पैसे नहीं होते कि वे टोल का किराया चुका सके। पूर्व जिलाध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि प्रशासन को चाहिए कि यूपी 64 नम्बर की सभी प्राईवेट गाड़ियों को टोल मुक्त करना चाहिए, ताकि रोजमर्रा के काम से मुख्यालय आने वाले सभी लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने रविवार की घटना को बेहद दुःखद एवं शर्मनाक बताते हुए कहा कि टोल प्लाजा पर तैनात ऐसे उपद्रवी कर्मचारियों को तत्काल हटाया जाय जो लोगों के साथ दुर्व्यवहार व मारपीट करते हैं ।

उन्होंने कहा कि यहाँ पर कुछ अधिकारी शासन को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं जिनके मंसूबे को कभी पूरा नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि सोनभद्र की भौगोलिक व आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण वस्त्र 64 की गाड़ियों को लोढ़ी टोल फ्री किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि आवश यकता पड़ी तो इस विषय पर जिले के प्रभारी मंत्री से भी बात की जाएगी।

# भागवत कथा सुनने से धुंधकारी राक्षस को मिला भगवतधाम : मनीष शरण जी महाराज

## - उरमौरा स्थित गायत्री भवन परिसर में भागवत कथा सुनने को जुटे श्रद्धालु

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। उरमौरा स्थित गायत्री भवन परिसर में अयोध्या धाम से आए कथा व्यास मनीष शरण जी महाराज ने सोमवार को प्रथम दिवस की चर्चा में भागवत जी के महात्म की कथा सुनाते हुए कहा कि भागवत जी की कथा सुनने से धुंधकारी जैसे राक्षस को भी भगवतधाम मिला। महराज जी ने बताया कि हमारे पूर्वजों ने एक नियम बनया कि जब भी किसी ग्रन्थ या किसी भी हिन्दू सनातन से जुड़े कार्यक्रम का आयोजन होता है तो सबसे पहले उसके महात्मय जानना चाहिए। उन्होंने कहा कि धुंधकारी जैसे पतित ब्रह्म राक्षस जो पाप से ग्रसित हो गया था और अपने समस्त व्यवहार से तेजहीन हो गया था उसे भी भागवत जी की कथा सुनने से भगवतधाम मिला और उसे मुक्ति मिली। इस अवसर पर कथा के मुख्य यजमान वरिष्ठ अधिवक्ता पवन मिश्र, आचार्य विनय कुमार शुक्ल, महेश शुक्ल, पंडित बद्री प्रसाद मिश्र समेत भक्तगण, महिलाएं और बच्चे भी मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के दोषी जग नारायण खरवार को कठोर उम्रकैद

## - करीब साढ़े सात वर्ष पूर्व डगडहरा जंगल में गाय चराने गई 12 वर्ष 3 माह की नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म का मामला

- एक लाख रुपए अर्थदंड, न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी
- अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। करीब साढ़े सात वर्ष पूर्व डगडहरा जंगल में गाय चराने गई 12 वर्ष 3 माह की नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्याया धीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी जगनारायण खरवार को कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जो उसके शेष प्राकृतिक जीवन काल के लिए कारावास रहेगा। उसके ऊपर एक लाख रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक ओबरा थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता की मां ने 23 जुलाई 2018 को ओबरा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 22 जुलाई 2018 को शाम 4 बजे उसकी नाबालिग बेटी गाय चराने डगडहरा जंगल में गई थी जहां पर अकेला पाकर जगनारायण खरवार पुत्र रामदेव निवासी पनारी टोला सेमरतर, थाना ओबरा, जिला सोनभद्र ने जबरन दुष्कर्म किया और जान मारने की धमकी देकर चला गया। इस तहरीर पर ओबरा पुलिस ने एफ आईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, 8 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी जगनारायण खरवार (35) वर्ष को कठोर उम्रकैद जो उसके शेष प्राकृतिक जीवनकाल के लिए कारावास होगा एवं एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

अर्थदंड न देने पर 6 माह की अति रिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी व नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# जनता की आवाज को प्राथमिकताः एसपी ने जनता दर्शन में समस्याएं सुनकर दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता, संवेदन शीलता एवं धैर्यपूर्वक सुना गया। जनता दर्शन में उपस्थित फरि यादियों द्वारा भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, धोखा धड़ी सहित अन्य पुलिस संबंधी समस्याओं से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को अवगत कराया गया। पुलिस अधी क्षक सोनभद्र द्वारा प्रत्येक फरियादी की समस्या को व्यक्तिगत रूप से सुनते हुए संबंधित अधि कारियों को निष्पक्ष, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश यक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने अधि कारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का निस्तारण संवेदन शीलता, पारदर्शिता एवं कानून के दायरे में किया जाए तथा किसी भी फरियादी को अनावश यक रूप से परेशान न किया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि जिन प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही अपेक्षित है, उनमें तत्काल प्रभाव से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से आमजन की समस्याओं को सीधे सुनकर समाधान करने का उद्देश्य पुलिसझ्जन संवाद को सशक्त बनाना तथा आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास को और अधिक मजबूत करना है।

# तीर्थराज प्रयाग माघ मेले में गुप्तकाशी सेवा शिविर में हुए विविध आयोजनः रवि प्रकाश चौबे

- 4 जनवरी से एक फरवरी तक चला कार्यक्रम
- गुप्तकाशी सेवा ट्रस्ट नाको सोनभद्र द्वारा किया गया आयोजन

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। गुप्तकाशी सेवा ट्रस्ट नाको सोनभद्र उत्तर प्रदेश द्वारा प्रकृति संरक्षण पंचतत्व रक्षार्थ तिर्थराज प्रयाग मे माघ माह पर्यन्त गुप्तकाशी सेवा शिविर का विशाल आयोजन किया गया।जिसमे नवदिवसीय श्रीराम कथा 4 जनवरी से 12 जनवरी तक श्रीश रामानुज वैष्णव दास जी काशी के मुखारबिन्द से सम्पन्न हुई। 8 जनवरी से 13 जनवरी तक श्रीमद्भा गवत कथा विनय मधुकर महाराज श्री अयोध्या जी के मुखार बिन्द से हुई। 14 जनवरी से 19 जनवरी तक कथावाचिका सुनिता पाण्डेय गुप्त काशी के मुखारबिन्द से हुई। 19 जनवरी से 27 जनवरी तक श्रीमद् देवी भागवत महापुराण की कथा कथावाचक बाल व्यास श्रीमते रामानु जाचार्य रामचंद्राचार्य जी महाराज बक्सर के मुखारबिन्द से हुई। 27 जनवरी से 29 जनवरी तक अमृताभिषेक श्री अयोध्या जी के मुखारबिन्द से सत्संग कथा हुई। 30 जनवरी से 1 फरवरी तक शिव महापुराण की कथा विश्व की द्वितीय किन्नर कथावाचक हेमलता सखी जी महामण्डलेश्वर सखी अखाड़ा वृंदावन के मुखारबिन्द से हुई।

प्रकृति संरक्षण पंचतत्व रक्षार्थ विश्व कल्याण हेतु गुप्त नवरात्रि मे नवदिवसीय श्री शतचण्डी महायज्ञ 19 जनवरी से 27 जनवरी तक आचार्य स्वामी राजीव लोचनाचार्य जी महाराज व पांच विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा सम्पन्न हुई। 28 जनवरी को सैकडो पूज्य साधू संत महंत प्रकृति प्रेमियों के सानिध्य मे मेला क्षेत्र से होते लेटे हनुमान जी तक प्रकृति संरक्षण पंचतत्व रक्षार्थ जन जागरण संदेश यात्रा निकाली गयी।

14 जनवरी को खाटू श्याम महोत्सव मनाया गया एवं मास पर्यन्त भोजन प्रसाद सत्संग व अथर्ववेद धूपन चिकित्सा के माध्यम से सेवा कार्य सम्पन्न हुआ। शिविर का आयोजन संस्थापक रवि प्रकाश चौबे ने एवं शिविर का संचालन वरिष्ठ समाज सेवी रमेश चतुर्वेदी ने किया। इस अवसर पर सोनभद्र सहित अन्य जनपदों व राज्यों से आये लोगो ने सेवा शिविर का लाभ लिया।

# आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर की अध्यक्षता में 20 फरवरी को पेंशन अदालत का आयोजन

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह ने अवगत कराया है कि आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर की अध्यक्षता में दिनांक 20.02.2026 को उनके कार्यालय सभागार में अपराह्न 02:00 बजे पेंशन अदालत का आयोजन किया गया है। विन्ध्या चल मण्डल के सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों के पेंशन सम्बन्धी समस्याओं का निवारण इस अदालत में किया जाना है। उक्त अदालत में निम्न मामले सुने जायेगें- राजकीय कार्या लयों से सेवानिवृत्त कर्मियों के ऐसे मामले, जिनकी पेंशन / ग्रेच्युटी स्वीकृत न हुयी हो, पेंशन के त्रुटिपूर्ण निर्धारण के विरूद्ध पेंशनर द्वारा दिये गये प्रत्यावेदन पर विचार, सेवानिवृत्त के उपरान्त यदि वेतन आदि का पुनरीक्षण किया गया है, तो तद्नुसार पेंशन पुनरीक्षण के मामले ऐसे प्रकरण जिनके निस्तारण में प्रशासनिक विभाग और पेंशन विभाग में मतभेद हो, तथा ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में लम्बित हो परन्तु पेंशनर उसे अदालत से बाहर निस्तारित कराने के इच्छुक हो तथा ऐसे पेंशनरों के प्रकरण जो माननीय उच्च न्यायालय में लम्बित है, प्रकरण लम्बित रहने की स्थिति में उन पर विचार नही किया जा सकता, तथा पेंशनरों की अन्य शिकायतों के संबंध में। पेंशन अदालत में वाद दाखित करने हेतु आवेदन-पत्र का प्रारूप विन्ध्याचल मण्डल, के जिला कोषागारों में उपलब्ध है। उक्त आवेदन पत्र तीन प्रतियों में भरकर सम्बन्धित जनपद के मुख्य / वरिष्ठ कोषाधिकारियों के कार्यालय में दिनांक-09.02.2026 के अपराह्न 03:00 बजे तक उपलब्ध करा दें। अपूर्ण आवेदन पत्रों एंव अन्तिम तिथि के पश्चात आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

# कृषकों के बुढ़ापे की आर्थिक सुरक्षा कवच है प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। किसान देश की अर्थव्य वस्था की रीढ़ होते है। उनके उत्थान, सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा के लिए देश के मा० प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कई योजनायें संचालित की है। सरकार प्राकृतिक संसाधनों- मृदा, जल एवं कृषि सम्बन्धी जैव विविधता के समुचित संरक्षण देश/प्रदेश की कृषि उत्पादन नीतियों के विनिर्माण एवं क्रियान्वयन तथा संसाधनों को अक्षुण्य बनाये रखते हुए उत्तरोत्तर वृद्धि परक उत्पादन के आयाम विकसित करने के लिए सतत प्रयासरत है। प्रदेश सरकार कृषि विकास की दर को गति प्रदान करने के साथ-साथ फसलो त्पादन तथा उत्पादकता में वृद्धि करने हेतु कई नीतियाँ/योजनाये संचालित की है, जिससे प्रदेश के किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर उनके जीवन स्तर को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से ऊपर उठाया जा सके। किसानों के हित में भारत सरकार ने प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना संचालित किया है, जिसके अंतर्गत किसानों को वार्षिक रु० 6,000/- प्राप्त होते है। इससे सरकार ने किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। उसी तरह केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना आरम्भ किया है। जिसके अंतर्गत किसानों को 60 वर्ष के उपरान्त रु० 3,000/- मासिक अर्थात 36 हजार रुपए सालाना पेंशन दी जाती है। केन्द्र सरकार की इस योजना को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश में लागू कर किसानों को लाभान्वित कर रहे हैं। किसानों को वृद्धावस्था में किसी के सामने रूपयों के लिए हाथ न फैलाना पड़े, वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर रहे, उनका मान-सम्मान बना रहे, सरकार ने इस पर विशेष ध्यान दिया है।

प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के तहत प्रदेश के सभी किसान लाभ ले सकते हैं। जिन किसानों की आयु 18 से 40 वर्ष तक है, वे किसान इस योजना के अंतर्गत पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के बाद किसान को प्रत्येक माह प्रीमियम जमा करना होता है। 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले किसान को प्रतिमाह 55 रुपए एवं 40 वर्ष की आयु के किसान को रू0 200/- महीना प्रीमियम जमा करना होता है। इस योजना के तहत 50 प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान किसान द्वारा एवं 50 प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान सरकार द्वारा किया जाता है। यदि प्रदेश का कोई किसान स्वैच्छिक रूप से प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना का लाभ लेना चाहता है और वह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभार्थी है तो उसके रजिस्ट्रेशन के लिए किसी तरह के कागजी कार्यवाही की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि उसके सभी कागजात प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में संलग्न है। प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए किसान अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र पर जाकर पंजीकरण करवा सकते हैं।

प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना प्रदेश के लघु एवं सीमान्त कृषकों सहित सभी किसानों को सामाजिक सुरक्षा कवच उपलब्ध कराने एवं वृद्धावस्था में उनकी आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वैच्छिक रूप से पुरुष व महिला दोनों के लिए 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर रू0 3000 प्रति माह दिये जाने की एक सुनिश्चित मासिक पेंशन योजना है। यह एक स्वैच्छिक एवं अंशदायी पेंशन योजना है। प्रदेश में इस योजनान्तर्गत दिसम्बर, 2025 तक 2.52 लाख से अधिक किसान लाभार्थियों को कार्ड उपलब्ध कराया जा चुका है। प्रदेश सरकार अधिक से अधिक कृषकों को इस योजना से लाभान्वित करा कर उन्हें आर्थिक रूप आत्मनिर्भर बना रही है।

# उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या का आगमन 04 फरवरी को

## महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायतों की सर्किट हाउस सभागार में करेंगी सुनवाई

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी प्रोटो काल ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग माननीया श्रीमती गीता विश्वकर्मा जी का आगमन 04 फरवरी,2026 को जनपद में होगा इस दौरान वह मा0 सदस्या द्वारा 04 फरवरी, 2026 को दोपहर 11.00 बजे महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायतों की सुनवाई सर्किट हाउस सभागार में करेंगी, इस दौरान जनपद में महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी देगीं उसके पश्चात मा0 सदस्या सामुदा यिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बालिका/महिला गृह व आगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करेंगी। इस दौरान वह प्राथमिक व समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी लेगीं एवं आगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण कर केन्द्रो पर भी उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेगीं।

# साइबर क्राइम के क्षेत्र में सोनभद्र पुलिस की बड़ी सफलता

**माह जनवरी 2026 में साइबर ठगी के पीड़ितों को ₹23,12,636/- की धनराशि कराई गई वापस**

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा साइबर ठगी से पीड़ित नागरिकों को शीघ्र न्याय एवं राहत प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में साइबर अपराध के विरुद्ध सघन एवं निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल साइबर क्राइम) अनिल कुमार के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी (सहायक नोडल साइबर क्राइम) के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय साइबर सेल/साइबर क्राइम पुलिस थाना एवं जनपद के समस्त थानों पर गठित साइबर हेल्प डेस्क द्वारा अत्यंत सजगता, तकनीकी दक्षता एवं अथक प्रयासों के साथ कार्यवाही की गई। पुलिस की निरंतर, सुनियोजित एवं समयबद्ध कार्यवाही के परिणाम स्वरूप विगत माह दिसम्बर 2025 में साइबर ठगी से प्रभावित पीड़ितों की कुल ₹16,61,352/- की धनराशि तथा *माह जनवरी वर्ष 2026 में दिनांक 01.01.2026 से 31.01.2026 तक साइबर ठगी के कुल 48 पीड़ितों की कुल ₹23, 12,636/- की राशि पीड़ितों के मूल बैंक खातों में सकुशल वापस कराया गया है। यह उल्लेखनीय सफलता जनपदीय साइबर सेल द्वारा NCRP



पोर्टल पर सतत निगरानी, साइबर हेल्पलाइन 1930 पर प्राप्त शिका यतों पर त्वरित संज्ञान, संदिग्ध खातों को तत्काल होल्ड कराना, डिजिटल एवं तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण तथा विभिन्न बैंकों से निरंतर समन्वय स्थापित कर प्राप्त की गई है। जनपद सोनभद्र पुलिस साइबर अपराधों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति के तहत न केवल अपरा धियों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही कर रही है, बल्कि साइबर ठगी से पीड़ित आमजन की धनराशि सुरक्षित वापस दिलाने हेतु पूरी प्रतिबद्धता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। जनपद सोनभद्र पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा cyberc rime. gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

## पिसौर फीडर से सात घण्टे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। आज 3 फरवरी को तरना से निर्गत पिसौर फीडर पर जर्जर तार को बदलने हेतु सुबह 10 बजे से शाम 5:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। पिसौर फीडर के अंतर्गत आने वाले ग्राम जिसमें अहिरान, चमाव, सभईपुर, घमहापुर ,छतरीपुर, चुप्पेपुर, हटिया, घोड़हा, चमाव पश्चिमपुर की आपूर्ति बंद रहेगी।

सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है की सुबह में ही अपने पानी सहित अन्य आवश्यक कार्य निपटाकर सहयोग करने का कष्ट करेंगे।

उक्त आशय की जानकारी एसडीओ श्रीपत तिवारी व दीपू प्रजापति ने दी है।

## रंजिश को लेकर भेलखा में मारपीट में दो घायल

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागाँव थाना क्षेत्र के हरहुआ चौकी अंतर्गत भेलखा गांव में आपसी रंजिस में हुई मारपीट में दो घायल हो गए।

भेलखां गांव में रविवार को हुए मारपीट के घटनाओं में घायल पक्षों ने विपक्ष के हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भेलखां गांव में हुई पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी चंदन, रामसजीवन,राजू, कुसुम,अनीता, गणेश और लालू ने मिलकर नमन और उसकी मां प्रमिला देवी को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

## तालाब पर अवैध कब्जा खाली करने का दिया आदेश

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। राजातालाब तहसील क्षेत्र के लहिया गांव में तालाब पर अवैध कब्जे को उप जिलाधिकारी राजा तालाब द्वारा मुक्त कराए जाने का आदेश दिया गया है।उक्त तालाब पर गांव के ही बृजलाल पुत्र मुन्नीलाल का कब्जा था। सरकारी अधिवक्ता विजय कुमार पांडेय ने बताया कि नेवढ़िया लहिया गांव में तालाब के दो गाटे थे। पास में ही भीटा और बंजर की भी भूमि थी।उस पर गलत तरीके से नाम चढ़ा लिया गया था।भूमि की नवैयत भी बदल दी गई थी। ग्रामीण और ग्राम प्रधान की शिकायत के बाद जांच हुआ तो मामला प्रकाश में आया।तालाब को समतल कर दिया गया था और उस पर धान और गेहूं लगाये जा रहे थे। उप जिलाधिकारी ने मामले की शिकायत के बाद जांच कराई तो वस्तु स्थिति सामने आई। उप जिलाधिकारी राजातालाब शांतनु कुमार सिनसिनवार ने 30 जनवरी के अपने आदेश में उक्त तालाब को कब्जा मुक्त मुक्त किए जाने और उसे एक बार फिर से ग्राम सभा का नाम चढ़ाए जाने का आदेश दिया है।

## आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क नेत्र परिक्षण का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बडागांव वाराणसी में आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल एवं बजाज परिवार रविन्द्रपुरी द्वारा स्वर्गीय कैसर चन्द्र बजाज के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला अंधता निवारण कार्यक्रम




के अन्तर्गत निःशुल्क नेत्र परिक्षण एवं मोतियाबिन्द जांच का शिविर आयोजित किया गया ।परीक्षण के लिए कुल 165 मरीज शिविर में आये जिसमें से 68 लोगों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चुना गया। 43 लोग शुगर और बी.पी.की समस्या से ग्रसित थे, उन्हें अगले शिविर में आने के लिए कहा गया है। मरीजों को शंकरा हॉस्पिटल बस द्वारा ले जाया गया, अस्पताल में उनके रहने और आपरेशन की निःशुल्क व्यवस्था की गई।शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल से पंकज त्रिपाठी और उनकी टीम ने मरीजों की जांच-पड़ताल की।साथ ही बजाज परिवार से अजीत, संगीता, गरिमा और हर्ष ने शिविर जुट कर शिविर को संपन्न कराया।उक्त जानकारी आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल वाराणसी के कैंप आउटरिच एडमिन संदीप सिंह ने दी।

## आरटीई के तहत प्राइवेट स्कूलों में एडमिशन के लिए आज से ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009 की धारा 12(1)(ग) के अंतर्गत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को गैर सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 तथा पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। जिसके एडमिशन के लिए दो फरवरी से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे आपको बता दें कि अलाभित समूह में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग, एचआईवी अथवा कैंसर पीड़ित अभिभावक के बच्चे, निराश्रित तथा बेघर बच्चे सम्मिलित हैं। दुर्बल वर्ग में अंत्योदय कार्डधारक, पेंशन प्राप्तकर्ता तथा वार्षिक आय एक लाख रुपये तक वाले परिवार शामिल होंगे। आयु की गणना 1 अप्रैल से की जाएगी। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी तथा आधार कार्ड, आधार लिंक बैंक खाता व आवश्यक प्रमाणपत्र अनिवार्य होंगे। आवेदन केवल निवास क्षेत्र की ग्राम पंचायत या वार्ड के विद्यालय में ही मान्य होगा। एक से अधिक आवेदन करने पर सभी निरस्त माने जाएंगे। किसी भी समस्या के लिए जनपद स्तर पर दूरभाष संख्या 05422-983598 या संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय हरहुआ से संपर्क किया जा सकता है। यह जानकारी पंकज कुमार खंड शिक्षा अधिकारी हरहुआ के द्वारा दी गयी है।

## 253 श्रमिकों को 1.45 करोड़ की डीबीटी सहायता वितरित।

### देश को आगे बढ़ाने में गरीब मजदूरों,श्रमिकों का अहम योगदान:त्रिभुवन राम विधायक

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। क्षेत्र के चोलापुर बाजार स्थित आदर्श राष्ट्रीय इंटर कॉलेज प्रांगण में आज सोमवार शाम श्रमिक जागरूकता एवं हितलाभ वितरण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 253 श्रमिकों को एक करोड़ 45 लाख रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय मंत्री अनिल राजभर व विधायक त्रिभुवन राम ने श्रीमती फातिमा देबी को 15 लाख 24 हजार का चेक से सम्मानित किया।अन्य लाभार्थियों को चेक व प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तत्वावधान में किया गया। मंत्री अनिल राजभर व विधायक त्रिभुवन राम ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि देश को आगे बढ़ाने में गरीब मजदूरों और श्रमिकों का अहम योगदान है। सरकार गरीबों और श्रमिकों की सेवा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और




सरकारी खजाने पर पहला अधिकार श्रमिकों का है।

उन्होंने बताया कि सरकार गर्भावस्था से लेकर मृत्यु के बाद तक श्रमिक परिवारों की चिंता कर रही है। श्रमिक की मृत्यु पर सरकार सवा दो लाख रुपये की सहायता देती है, जबकि विधवा को पांच लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। बेटियों की शादी के लिए एक लाख रुपये का अनुदान दिया जाता है। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पांच लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।मनरेगा पर चर्चा करते हुए मंत्री व विधायक ने कहा कि अब 125 दिन रोजगार की गारंटी दी गई है और 15 दिन के भीतर मजदूरी न मिलने पर ब्याज सहित भुगतान किया जाता है। उन्होंने कहा कि डीबीटी प्रणाली से बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है, जिससे श्रमिकों को पूरा लाभ मिल रहा है। अधिक से अधिक श्रमिकों से पंजीयन कराने की अपील की।

कार्यक्रम में अजगरा विधायक त्रिभुवन राम सहित श्रम विभाग के अधिकारी महेश कुमार पांडेय, अविनाश कुमार प्रवक्ता अनिल सिंह, बीडीओ शिवनारायण सिंह, आनंदशील अंबेडकर, पप्पू भास्कर, जितेंद्र तिवारी, सुमित सहित क्षेत्रीय सम्माननी प्रधान गण सैकड़ों श्रमिक गरीब लाभार्थी उपस्थित रहे।

## आम बजट विकसित भारत की दिशा में समावेशी विकास का रोडमैप :आशुतोष मिश्रा

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी बजट 2026-27 को लेकर भाजपा हरहुआ मण्डल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा'अजय'ने कहाकि यदि सोच जमीनी हो और इरादा पक्का तो मंजिल पहुंच से बाहर नहीं होती। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नौवीं बार आम बजट पेश करके एक इतिहास रच दिया है। सरकार का फोकस केवल आर्थिक बृद्धि तक सीमित नहीं बल्कि 'विकसित भारत 'के व्यापक लक्ष्य पर है। इसमें सबका साथ ,सबका विकास साफ झलक रहा है। महिला सशक्तिकरण भी बजट का प्रमुख स्तम्भ बनकर उभरा है। युवाओं को राष्ट्र की धुरी मानते हुए बजट में स्टार्ट अप,स्किल डेवलपमेंट नई तकनीकों खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर विशेष बल दिया गया है।

गरीबों के उत्थान के साथ-साथ स्वस्थ समाज, सुशिक्षित समाज, जनसँख्या नियोजन, नारी



सशक्तिकरण, गरीबी उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण , एवम जलसंरक्षण ,आत्मनिर्भर भारत ,सशक्त भारत,युवा शक्ति ,अन्नदाता किसान भाग्यविधाता, सहकारिता से आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में यह बजट जनहित में है हर वर्ग,सम्प्रदाय ,जाति , धर्म ,अमीर -गरीब के हित में एक बड़ा कदम साबित होगा।

लेकिन! विरोधियों को यह बजट दिशाहीन ,दूरदृष्टिहीन, कार्यवाहीहीन और जन विरोधी लग रहा है। इसे महिला ,किसान,शिक्षा ,स्वास्थ्य विरोधी बता अपनी कमजोरी देश के सामने रख रहे हैं।

वैसे बजट में देश के सर्वांगीण विकास और विकसित भारत के लिए मजबूत नींव रखी गई है जो भविष्य में देश और आम लोगों के हित मे साबित होगा।

उक्त बाते सोमवार को सातो महुआ ,सरायकाजी , हरहुआ स्थित कैंप कार्यालय पर कार्यकताओं के बीच कही।

हरहुआ मण्डल सहित क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं और विभिन्न संगठनात्मक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने 'आम बजट परिचर्चा' में भाग लिया। प्रमुख रूप से भाजपा वरिष्ठ नेता कपिलनारायन पांडेय, जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह ,अरुणेंद्र सिंह, व्यापार मंडल महामन्त्री हरहुआ वीरेंद्र गुप्ता,महामन्त्री अनिल पांडेय,मनोज पटेल, अपरबल सिंह,सुश्री पूजा सेठ, श्रीमती सपना कुमारी ,श्रीमती सोनाली पांडेय,अरुण तिवारी ,अरविंद कुमार सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## पीएचसी हरहुआ ओपीडी में ठंड बढ़ने से रोगियों की संख्या बढ़ी,दी सावधानियां बरतने का सुझाव।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। मौसम में लगातार ठंड व गलन बढ़ने से पीएचसी हरहुआ पर ओपीडी में मौसमी रोगियों में बढोत्तरी हुई है।

ओपीडी में प्रभारी चिकित्साधिकारी हरहुआ डॉ0 सन्तोष कुमार के अनुसार इन दिनों शीतकाल ठंड व गलन के मौसम में अधिकतर ,ठंड लगने, पेट दर्द ,बुखार खांसी ,जुकाम,दर्द सहित स्किन के मरीज अधिक हैं।

खांसी के लिए एम्ब्रोकसोल हाइड्रोक्लोराइड सीरप कारगर दवा उपयोग के संग मरीजों को अन्य दवा के साथ गर्म भोजन, गुनगुना पानी सहित ठंड से बचाव की जानकारी दी। कुल ओपीडी में 222 मरीजों



का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी गई।

एआरवी के प्रथम और द्वितीय डोज के 58मरीजों को टीके लगाए गए व 25 जांच हुई। रविवार रात से सोमवार शाम तक 10 प्रसव सामान्य रूप से हुए। प्रसव कक्ष में जच्चा-बच्चा के लिए रूम हीटर की व्यवस्था कराई गई है।

ओपीडी में पीएचसी हरहुआ प्रभारी संग चिकित्सक डॉ0नन्द आसरे ,डॉ0 मनु चतुवेर्दी फार्मासिस्ट राकेश कुमार व विद्या प्रकाश दुबे, एचईओ सतीश गुप्ता,अपर शोध अधिकारी श्री नाथ यादव,एचआई लक्ष्मीनारायण, अप्टोमेट्रिक्स नदीम अली, बीसीपीएम संगीता, लैब टेक्नीशियन सूरज कुमार,कार्यालय सहायक पंकज कुमार सिंह,वार्ड ब्याय व स्टाफ नर्स अंजना सिंह व रोजमेरी बोथा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित होकर सेवारत रहे।

## विकास खण्ड सेवापुरी के न्याय पंचायत बाराडीह में लगा शिक्षा चौपाल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। बेसिक शिक्षा को जन सामान्य से जोड़ने के उद्देश्य लिए हुए सेवापुरी विकासखंड के न्याय पंचायत बाराडीह के कंपोजिट विद्यालय कालिकाधाम पर न्याय पंचायत स्तरीय एक शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सेवापुरी विधायक प्रतिनिधि अदिति पटेल और विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय कुमार यादव एवं खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह शामिल हुए। अतिथियों का कंपोजिट विद्यालय कालिकाधाम के प्रधानाध्यापक ने अंग वस्त्र से आच्छादित कर स्वागत व अभिनंदन किया । इसके उद्घाटन को करते हुए मुख्य अतिथि अदिति पटेल ने यह बताया कि शिक्षा एक अनमोल धन है इसे बच्चों को हासिल करने के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करना चाहिए दूसरी ओर विशिष्ट अतिथि संजय कुमार यादव ने यह बताया कि विद्यालयों की स्थिति पुराने



समय से काफी बदला है और बच्चे उत्साह पूर्वक अध्ययन कर रहे हैं आप सभी इन्हें पढने -लिखने में सहयोग कर एक निपुण छात्र बनाएं। खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने कहा सरकार का मुख्य उद्देश्य है सबको शिक्षा मिले जिसे हम सभी को एक जुट हो कर पूरा करना चाहिए जिससे सभी बच्चे शिक्षित हो पाए।कार्यक्रम के प्रारंभ में नोडल शिक्षक संकुल कमला प्रसाद ने सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और अपने न्याय पंचायत में विद्यालयों के स्तर पर चल रही विभागीय योजनाओं एवं शैक्षिक कार्यक्रम से अवगत कराया।इसी क्रम विनोद सिंह,चंद्रभान सिंह,तूफानी सहित अन्य प्रधानाध्यापक भी अपने विद्यालय में इन योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में अभिभावकों की इस चौपाल में विस्तार से चर्चा किया इस अवसर पर न्याय पंचायत बाराडीह के चयनित विद्यालयों के बच्चों को निपुण प्रमाण पत्र एवं अभिभावकों को शॉल माला पहनाकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक अभिभावक उपस्थित रहे साथ ही न्याय पंचायत से समस्त प्रधानाध्यापक भी उपस्थित रहे।

## लाखन आर्मी टीम बलरामपुर द्वारा महाराजा छीता पासी जी का जयंती मनाया गया

**दैनिक समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बलरामपुर विकास खण्ड हरैया सतघरवा शिवपुरा के परसहवा (मदार गढ़) में महाराजा छीता पासी जी की जयंती बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया ओंकार नाथ चौधरी ने कहा कि लाखन आर्मी टीम श्रावस्ती पासी समाज में तमाम उपजातियों को एक साथ आने की जरूरत है हमें खानपान रोटी बेटी का संबंध बनाना चाहिए हम जब अपने समाज को एकजुट करना होगा हमें अपने बच्चों को शिक्षित बनाने

की जरूरत है पासी समाज को एकजुट होकर समाज को आगे बढ़ाने का प्रयास करना होगा। गांव-गांव, घर-घर जाकर कार्यक्रम आयोजित कर सरकारी गैरसरकारी योजनाओं से जोड़ कर लाभ दिलाने का प्रयास करना चाहिए लाखन आर्मी टीम का मुख्य उद्देश्य है कि गरीबों, मजदूरों को सरकारी गैरसरकारी योजनाओं से जोड़ कर आगे बढ़ाना एवं हम सबको मिलकर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की ओर



ध्यान देना लाखन आर्मी टीम श्रावस्ती के जिलाध्यक्ष विद्याराम पासी ने कहा कि पासी समाज को एकजुट करके अपने हक अधिकारों के प्रति जागरूक करना होगा अपने समाज में जन्मे राजाओं एवं महाराजाओं के इतिहास के बारे में बताना होगा राजा, राजा महाराजा कोई एक जाति धर्म का नहीं होता है वो सभी समाज को एक साथ लेकर चलने का काम करता है लाखन आर्मी टीम बहराइच के जिलाध्यक्ष राममनरान ने कहा कि पासी समाज नशा जैसी बुराइयों को त्याग करने की जरूरत है एवं बच्चों को शिक्षा से जोड़ना होगा।

**पासी मनोज कुमार चौधरी**

मंडल अध्यक्ष देवीपाटन मंडल गोंडा ने कहा कि हम सभी युवाओं को लाखन आर्मी टीम को मजबूत बनाना होगा कार्यक्रम में लाखन आर्मी टीम के उपप्रचारक मनीष कुमार पासी, लाखन आर्मी टीम बलरामपुर के जिलाध्यक्ष बेचू दयाल पासी, रामशंकर पासी, लाखन आर्मी टीम श्रावस्ती के कोषाध्यक्ष जगदीश पासी, आदि के साथ-साथ सैकड़ों पासी समाज एवं अन्य समाज के सम्मानित कार्यकताओं ने प्रतिभाग किया

## माननीय विधायक श्री पल्टूराम ने बालश्रम न कराने की लोगों से अपील

**दैनिक समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बलरामपुर माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी की प्राथमिकता वाले कार्यों में से एक उत्तर प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाना के क्रम में आज सदर विधायक श्री पलटू राम ने वीडियो मैसेज के द्वारा लोगों से अपील किया की बाल श्रम ना कारण बाल श्रम एक सामाजिक बुराई वह कानून अपराध है बाल श्रम से बच्चों का भविष्य खराब होता है बच्चों की शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास रुक जाता है बच्चे देश के भविष्य होते हैं अतः अगर बच्चों का विकास नहीं होगा तो देश का विकास नहीं हो सकता है माननीय विधायक जी ने कहा की जनपद बलरामपुर आकांक्षी जनपद



है और इसको 2026 तक बाल श्रम मुक्त कर लेना है अतः बलरामपुर जनपद के सभी लोगों से अपील है कि वह किसी भी बच्चे से बाल श्रम ना कराए अगर कहीं कोई भी बच्चा बाल श्रमिक के रूप में आपको दिखता है तो उसकी सूचना 1098 पुलिस विभाग और श्रम विभाग को तत्काल दें। इसी क्रम में जनपद बलरामपुर को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए श्रम विभाग के नेतृत्व में मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान तथा ब्रिटिश एशियाई इंडिया फाउंडेशन की टीम जमीनी अस्तर पर कार्य कर रही है जो गांव-गांव और शहर शहर जाकर लोगों से बाल श्रम नो करने की अपील कर रही है। पिछले 20 जनवरी 2026 को माननीय जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में एक बैठक की गई जिसमें बाल श्रम के जितने भी स्टेकहोल्डर हैं एजुकेशन डिपार्टमेंट महिला व बाल कल्याण विभाग पुलिस विभाग पंचायती राज विभाग के अधिकारियों ने बैठक में प्रभात किया और सारे लोगों ने इस जनपद को बाल श्रम मुक्त करने में सहयोग प्रदान करने की सहमति दी

## आदर्श सेवा क्लब करीमुद्दीन पुर के मैदान पर राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

### - प्रयागराज की टीम ने जीता उद्घाटन मैच

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के आदर्श सेवा क्लब करीमुद्दीनपुर के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शानदार शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रमुख समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त अभियंता अरविंद राय ने दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर अपने संबोधन में अरविंद राय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म मिलता है। इससे खेल प्रतिभाओं को निखारने के साथ-साथ आपसी भाईचारा और टीम भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। उन्होंने स्व०राम बचन राय मास्टर साहब को नमन करते हुए कहा की आपके द्वारा खेल और खिलाड़ीयों के लिए ग्रामीण क्षेत्र में आदर्श सेवा क्लब के रूप में एक मशाल जलाई थी उसे जलाने में यहां कमेटी के लोग



लगे हैं। उन्होंने कमेटी के प्रति आभार एवं शुभकामनाएं दी।

प्रथम दिवस का उद्घाटन मुकाबला पुलिस लाइन प्रयागराज और गाजीपुर जनपद के गडार के बीच खेला गया।जिसमें दोनों टीमों के बीच काफी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। पहले सेट में प्रयागराज ने 25-14 से जीत दर्ज की, जबकि दूसरे सेट में 25-19 से गड़ार को पराजित कर मैच अपने नाम किया। कार्यक्रम में पहुंचे डाक्टर सानंद सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और मैच को प्रारंभ कराया। उन्होंने अपने संबोधन में स्व०मंगला राय एवं



स्व०राम बचन राय को नमन करते हुए इस शानदार कार्यक्रम की सराहना की और आयोजन समिति को बधाई दी।निर्णायक की भूमिका में सत्येंद्र पांडे और धनंजय राय रहे। इस अवसर पर डाक्टर दिनेश चन्द्र राय, ब्रजभूषण राय चुन्ना,राजेश राय पूर्व प्रधान,लल्लन पाण्डेय, सन्तोष गुप्ता प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर कृष्ण पुरी करीमुद्दीनपुर,कृष्णा यादव,रमेश चन्द्र राय,अनिल राय, दिनेश राय गुड्डू, सत्यनारायण राय, सुभाष सिंह कुशवाहा,विक्की तिवारी, लाल जी राय,अमित राय, मोहम्मद अलीम, फैयाज अहमद प्रधान प्रतिनिधि, अनिल राय सदस्य जिला पंचायत, रविन्द्र राय, दिनेश राय,पं श्याम राज तिवारी, दिनेश वर्मा, रणजीत राय, नरेन्द्र नाथ राय पूर्व प्रधानाचार्य, सत्यदेव राय पूर्व प्रधानाचार्य, समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति की ओर से विनोद राय ह्यगुड्डू ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

## एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने किया सड़क का लोकार्पण

**दैनिक समाज जागरण**

वाराणसी। सोमवार को रोहनिया विधानसभा के अमराखैरा में कृष्णा स्वीट से लेकर होरीलाल तथा महेंद्र सिंह के घर तक सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण सदस्य विधान परिषद व भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने



सविधि पूजन के साथ किया। लोकार्पण कार्यक्रम में विकास



प्राधिकरण के अधिकारी व भाजपा नेता गोविंददास गुप्ता,राम मिलन मौर्य,गौरव सिंह,सुधीर वर्मा राजू आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## योगी सरकार की दूरदर्शी पहल से रेशम उद्योग को नई उड़ान, 'सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स' का हुआ शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ, 02 फरवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के पारंपरिक और ग्रामीण उद्योगों को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इसके तहत, रेशम उद्योग के सुदृढ़ीकरण, शुद्ध रेशमी वस्त्रों की पहचान तथा आमजन को रेशम उत्पादन की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराने के उद्देश्य से प्रदेश में सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स की स्थापना की गई है।

**स्थानीय कारीगरों को उपलब्ध होगा सीधा बाजार**

सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स में सॉइल टू सिल्क की समस्त विधाओं, नर्सरी विकास, शहतूत वृक्षारोपण, रेशम कीट पालन, कोया उत्पादन, धागाकरण से लेकर साड़ी एवं परिधान निर्माण तक का चरणबद्ध और व्यावहारिक प्रदर्शन किया जाएगा। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को यह समझाना है कि शुद्ध रेशम क्या होता है, उसकी गुणवत्ता कैसे पहचानी जाए और बाजार में उपलब्ध नकली या मिश्रित रेशम से कैसे भेद किया जा सकता है। यह केन्द्र न केवल प्रशिक्षण और जागरूकता का माध्यम होगा, बल्कि एक्जीबिशन, मार्केटिंग कम सेल सेंटर के रूप में भी कार्य करेगा, जहां शुद्ध रेशमी वस्त्रों और परिधानों का सीधा विक्रय किया जाएगा। इससे स्थानीय बुनकरों, कारीगरों, किसानों और स्वयं सहायता समूहों को सीधा बाजार उपलब्ध होगा।

# पांच दिवसीय करियर मेला का आयोजन

**समाज जागरण**

अमलाई समग्र शिक्षा अभियान सेकेंड्री एजु केशन के निदेर्शानुसार 27 से 31 जनवरी 2026 तक पांच दिवसीय करियर मेला एवं करियर काउंसलिंग के आयोजन के पालन में दिनांक 27 जनवरी 2026 को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल अमलाई कलरी में करियर मेले के प्रथम दिवस कार्यक्रम करियर मेले का उद्घाटन,करियर जागरूकता का आयोजन, करियर मेला एवं करियर काउंसलिंग का परिचय एवं विभिन्न शैक्षणिक संकायों की जानकारी एवं संक्षिप्त परिचय दिया गया एवं ऑनलाइन करियर काउंसलिंग मार्ग दर्शन कार्यक्रम दिनांक 27/1/2026 के माध्यम से 12:00से 2:00 बजे तक लाइव प्रसारण बच्चों को दिखाया गया करियर मेला एवं करियर काउंसलिंग का मुख्य उद्देश्य




विद्यार्थियों को शैक्षणिक, व्यवसायिक ,कौशल आधारित यूनिसेफ द्वारा वेबीनार के माध्यम से जीवन कौशल कैरियर योजना कैरियर कार्ड एवं विद्यार्थियों के भविष्य की तैयारी पर मार्गदर्शन एवं शासकीय सेवाओं से संबंधित करियर विकल्पों की जान कारी प्रदान कराया गया कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा नवमी से 12वीं के छात्रों को सम्मिलित किया गया कार्यक्रम का समापन 31 जनवरी 2026 को किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य जेरमिना एक्का, शिक्षकगण श्री एसके त्रिपाठी श्रीमती वर्षा ठाकुर श्रीमती रश्मि गुप्ता लाल बहादुर नापित जमील अहमद श्रीमती शिवानी सोनी श्रीमती स्वाति दरियाव श्रीमती प्रमिला जांगड़े अंकुश गुप्ता एवं अतिथि शिक्षक विद्यार्थी गण सम्मिलित हुए ।

# केंद्रीय बजट पर सियासी घमासान तेज

## भाजपा ने बताया विकसित भारत का रोडमैप, कांग्रेस बोली- मध्य प्रदेश को फिर मिला झुनझुना

**समाज जागरण**

शहडोल /अनूपपुर वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट के संसद में प्रस्तुत होते ही राजनीतिक प्रति क्रियाओं का दौर तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने बजट को विकसित भारत 2047 की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया, वहीं कांग्रेस नेताओं ने इसे आम जनता, किसानों और मध्य प्रदेश के लिए निराशाजनक करार दिया।

**अपार अवसरों का राजमार्ग है बजट - राकेश**

भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राकेश गुप्ता ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट भविष्य के स्वर्णिम अवसरों का राजमार्ग है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा, स्वास्थ्य, शिक्षा, इंफ्रा स्ट्रक्चर और मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है और 2047 के विकसित भारत की नींव को सशक्त करता है।

**किसान-युवा-महिला को समर्पित बजट - चीनी**

नगर परिषद बरगवां अमलाई के पार्षद भाजपा युवा नेता पवन चीनी ने बजट को दूरदर्शी और विकासो न्मुखी बताते हुए कहा कि यह मध्यम वर्ग, किसान, युवा, महिला और गरीब कल्याण को समर्पित है।उन्होंने ₹12 लाख तक की आय को कर-मुक्त करने को मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत बताया।किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन, MSME और स्टार्टअप्स को आसान ऋण जैसे प्रावधानों को रोजगार सृजन में सहायक बताया।

**बजट केवल आंकड़े नहीं, विकास का रोडमैप**

भाजपा नेत्री अध्यक्ष नगर पालिका परिषद धनपुरी रविंदर कौर छावड़ा ने बजट को गांव, गरीब, मजदूर, किसान, महिला और युवाओं के हित में ऐतिहासिक बताया।उन्होंने कहा कि यह बजट आर्थिक विकास को गति देने, जन-आकांक्षाओं को पूरा करने और सबका साथसबका विकास के संकल्प पर आधारित है। स्वास्थ्य क्षेत्र में एक लाख से अधिक प्रशिक्षित विशेषज्ञ तैयार करने, मेडिकल टूरिज्म के लिए पांच नए क्षेत्रीय हब और आयुर्वेदिक साइंसेज के नए कॉरिडोर को उन्होंने ऐति हासिक कदम बताया।

**कांग्रेस का हमला : मध्य प्रदेश के साथ अन्याय**

भरोसे के बदले निराशा मिली- गुड्डू चौहान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनूपपुर गुड्डू चौहान ने बजट को मध्य प्रदेश के साथ उपेक्षा का दस्तावेज बताया। उन्होंने कहा कि राज्य ने भाजपा को पूरा समर्थन दिया, लेकिन बजट में न बड़ी सिंचाई परियोजना है, न औद्योगिक पैकेज और न ही आदिवासी अंचलों के लिए कोई विशेष घोषणा।

उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, ग्रामीण विकास और सामाजिक कल्याण के बजट में कटौती का हवाला देते हुए इसे विकास के लिए गंभीर संकेत बताया।

**आम जनता से कटा हुआ बजट - आशीष त्रिपाठी**

नगर परिषद अनूपपुर क्षेत्र कांग्रेस के युवा नेता आशीष त्रिपाठी ने बजट को निराशाजनक और दिशाहीन करार देते हुए कहा कि इसमें बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की समस्याओं का कोई ठोस समाधान नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट समाधान का नहीं, बल्कि प्रचार का दस्तावेज है और कांग्रेस इसका हर स्तर पर विरोध करेगी।

**निष्कर्ष**

केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर एक ओर भाजपा इसे अमृतकाल का मजबूत आधार बता रही है, वहीं कांग्रेस इसे कटौती और उपेक्षा का बजट करार दे रही है। आने वाले दिनों में बजट को लेकर सियासी बहस और तेज होने के आसार हैं।

# कमिश्नर ने नगरीय प्रशासन के कार्यों की समीक्षा कर दिए सख्त निर्देश

**समाज जागरण**

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभाकक्ष में शहडोल संभाग में नगरीय प्रशासन द्वारा किये जा करें विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने शहडोल संभाग के समस्त मुख्य नगपालिका अधिकारियो को निर्देश दिए कि नगरीय निकायो द्वारा किये जा रहे समस्त विकास कार्यो में प्रगति लाते हुए यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्यो न करने वाले ठेकेदारो को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही करें एवं पूर्ण कार्यों का भुगतान लंबित न रहे यह भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग के पार्कों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जाए तथा नगरीय निकायो में स्थापित की जाने वाली पानी टंकिया निर्धारित मापदंडो के अनुसार स्थापित करे । उन्होंने कहा कि अमृत-2.0 के तहत किये जा रहे वाटर बॉडी के कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करें। कमिश्नर ने अमृत 2.0 के तहत स्वीकृत जल प्रदाय योजना, वाटर वॉडी निर्माण योजना तथा पार्क निर्माण योजना की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन निकायों में कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, वहां सभी समस्याओं का निराकरण कर कार्य शीघ्र प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें एवं एजेन्सी द्वारा कार्यों में शिथिलता बरतने पर पैनाल्टी भी लगाई जाए। कमिश्नर ने अनूपपुर जिले के नगर परिषद बरगंवा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामशरण तिवारी को कार्यों के भुगतान पर लापरवाही बरतने पर निलंबित करने एवं सी.एम.ओ. एवं एकाउटेंड से रिकवरी के भी निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन आरपी मिश्रा, कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशासन अरविंद शर्मा सहित शहडोल संभाग के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं इंजीनियर्स उपस्थित रहें।

# उमंग अनिल गुप्ता की पहल रंग लाई, जैतहरी की लाइब्रेरी से MP Police और Air Force तक पहुंचे छात्र

**समाज जागरण अनूपपुर**

जैतहरी नगर परिषद द्वारा संचालित डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम लाइब्रेरी एंड स्मार्ट क्लासेस क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए निरंतर सफलता का केंद्र बनती जा रही है। यहां अध्ययनरत छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जैतहरी नगर का नाम रोशन किया है। हाल ही में लाइब्रेरी में अध्ययन कर रहे श्री अंकित राठौर का चयन मध्यप्रदेश पुलिस में हुआ है। वहीं श्री मनजीत राठौर ने एनडीए परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडियन एयर फोर्स में ऑल इंडिया छठवीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बना है। इन दोनों उपलब्धियों से नगर में खुशी का माहौल है और युवाओं में नई प्रेरणा देखने को मिल रही है।

इन सफल छात्रों को बधाई देने के लिए नगर परिषद कार्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जहां नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता ने दोनों छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा संचालित यह लाइब्रेरी केवल पढ़ाई का स्थान नहीं बल्कि युवाओं के सपनों को साकार करने का माध्यम बन रही है। उन्होंने यह भी बताया कि परिषद का उद्देश्य हर वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की







तैयारी के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता ने आगे कहा कि आने वाले समय में लाइब्रेरी में और अधिक आधुनिक संसाधन, डिजिटल स्टडी मटेरियल और मार्गदर्शन कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे ताकि क्षेत्र के विद्यार्थी बड़े शहरों की तरह अपने ही नगर में बेहतर तैयारी कर सकें। दोनों छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय लाइब्रेरी के शांत वातावरण, स्मार्ट क्लासेस और नगर परिषद के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि यदि यह लाइब्रेरी उपलब्ध नहीं होती तो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना उनके लिए कठिन हो जाता। उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता और सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

स्थानीय नागरिकों ने भी नगर परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए इसे युवाओं के भविष्य निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। लोगों का कहना है कि इस प्रकार के शैक्षणिक केंद्र छोटे नगरों में प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देते हैं। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम लाइब्रेरी एंड स्मार्ट क्लासेस आज जैतहरी के युवाओं के लिए आशा की किरण बन चुकी है, जहां से निकलकर विद्यार्थी देश की सेवा और विभिन्न प्रतिष्ठित पदों तक पहुंच रहे हैं। इस सफलता से आने वाली पीढ़ी को भी मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा मिलेगी।

# चचाई थाना प्रभारी सुन्द्रेश सिंह ने राष्ट्रीय खेल मंच पर बढ़ाया मध्यप्रदेश का मान

## पुणे में आयोजित सुपर मास्टर्स गेम्स में बैडमिंटन कांस्य पदक जीतकर रचा गौरवपूर्ण इतिहास

**समाज जागरण**
**विजय तिवारी अनूपपुर।**

जहां एक ओर थाना प्रभारी के रूप में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाई जा रही है, वहीं दूसरी ओर खेल के मैदान में देशभर के दिग्गज खिलाड़ियों को टक्कर देकर पदक जीतना – यह कारनामा कर दिखाया है चचाई थाना प्रभारी सुन्द्रेश सिंह ने। महाराष्ट्र के पुणे शहर में 27 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित आठवें राष्ट्रीय सुपर मास्टर्स गेम्स में सुन्द्रेश सिंह ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया, जिससे न केवल अनूपपुर जिला बल्कि पूरा मध्यप्रदेश पुलिस विभाग गौरवान्वित हुआ है। राज्य से राष्ट्रीय स्तर तक सफलता की उड़ान सुन्द्रेश सिंह का चयन उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल प्रदर्शन के आधार पर हुआ था। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर देशभर के अनुभवी खिलाड़ियों के बीच उन्होंने धैर्य, रणनीति और फिटनेस का जबरदस्त परिचय दिया।

कई कड़े मुकाबलों से गुजरते हुए




उन्होंने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया और अंततः कांस्य पदक जीतकर मंच पर तिरंगा लहराया।

डयूटी के साथ खेल – अनुशासन की मिसाल बताया जाता है कि सुन्द्रेश सिंह नियमित पुलिस कार्यों के बीच समय निकालकर अभ्यास करते रहे। सुबह की दौड़, शाम की प्रैक्टिस और छुट्टियों का सही उपयोग – यही उनकी सफलता का मंत्र बना। उनकी यह उपलब्धि यह साबित करती है कि सही समय प्रबंधन और दृढ़ इच्छाशक्ति से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। पुलिस महकमे में खुशी की लहर इस गौरवपूर्ण सफलता पर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, सह कर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है। कई अधिकारियों ने कहा कि सुन्द्रेश सिंह ने वर्दी की गरिमा को खेल के मैदान में भी ऊंचा किया है। युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बने थाना प्रभारी स्थानीय नागरिकों और युवाओं में इस उपलब्धि को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। लोगों का कहना है कि अगर पुलिस अधिकारी इतने व्यस्त जीवन में राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत सकते हैं, तो युवा भी मेहनत से अपने सपनों को हकीकत बना सकते हैं।

# प्रबंधन की दमनकारी नीतियों के विरोध में संयुक्त मोर्चा का आंदोलन

**जोहिला क्षेत्र में श्रमिकों में व्यापक असंतोष**

**समाज जागरण**

उमरिया --- देश की मिनी रत्न कंपनी साउथ इस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड जोहिला क्षेत्र में श्रमिकों के जायज और संक्षिप्त 72 मांगों को लेकर पिछले सात दिनों से आंदोलन में बैठे हुए हैं, लेकिन प्रबंधन के कानो में जूं नहीं रेंग रही हैं। प्रबंधन के इस श्रमिकों के बीच में असंतोष भडक रहा है। बताया जाता है कि एस ई सी एल जोहिला क्षेत्र में जब से तत्कालीन महाप्रबंधक के कार्य शैली से जब तब आये दिन आंदोलन में होते रहे हैं, लेकिन इस कार्य शैली से व्यथित होकर जोहिला क्षेत्र के सभी श्रमिक संगठन आज आंदोलन की राह पकड लिये हैं ।

विदित होवे की जोहिला क्षेत्र में



औद्योगिक संबंधों को महाप्रबंधक के अडियल रवैये के कारण शून्य हो गयें है और महाप्रबंधक के कृत्यों से श्रमिक संगठनों से कई बार अपमान के घूंट पीकर रह गया। श्रमिक संगठन के सीटू श्रमिक संघ के संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य ने प्रबंधन के कार्यों की निंदा करते हुए भष्ट्राचार, ठेका श्रमिको का प्रबंधन शोषण करते हुए उनके हाजिरी का अथाह पैसा लूटने में प्रबंधन जुटा हुआ है। कंचन ओपन कास्ट खदान में सुरक्षा नियमों की अनदेखी का मामला उठाते हुए कहा की प्रबंधन श्रमिकों की जान के साथ खेल रहा है। सीटू नेता ने शुद्ध जल पीने को भी नहीं मिलता है। विंध्या क्षेत्र में आज तीन दशक से पानी के शुद्ध पानी न मिल पाना, एस ई सी एल प्रबंधन के भष्ट कार्यशैली को उजागर रख दिया है । उल्लेखनीय है कि जोहिला क्षेत्र में सडकों की हालात जर्जर हो गयी है, लेकिन प्रबंधन इस काम में लीपापोती कर उनके नाम पर जब तब भारी धांधली कर मामले को रफा -दफा कर दिया जाता है। आज के आंदोलन में संयुक्त मोर्चा की ओर से अशोक पाण्डेय बी एम एस, बिहारी लाल पटेल एच एम एस, पारस नाथ एटक, दिलीप सोनी इंटक, कुंजमणि वर्मा सीटू का जत्था क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे। आंदोलन का आज सातवा दिवस है और इसी क्रम में संयुक्त मोर्चा प्रबंधन की दमनकारी नीतियों के विरोध में अनशन रत है। आज आंदोलन स्थल पर एक आम सभा रखी गयी जिसे श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए प्रबंधन के काले कारनामे पर प्रकाश डाला। आज के आम सभा में अमृत लाल विश्वकर्मा सीटू, प्रीतम पाठक इंटक नागैन्द्र सिंह बी एम एस, राम कुंअर प्रजापति इंटक, अशोक पाण्डेय एटक, एस डी सिंह सीटू, मो फजल एटक नौमी शरण यादव बी एम एस अरूण मिश्रा एच एम एस आदि श्रमिक नेताओं की भागीदारी देखी गयी । श्रमिक संगठन ने प्रबंधन से आग्रह किया है कि शीघ्र जायज मांगो को स्वीकार कर लागू करें वरना क्षेत्र में और उग्र आंदोलन छेडा जायेगा। इस सबके बाद भी प्रबंधन की कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। ध्यान देने योग्य है कि भारतीय जनता पार्टी की देश की सरकार चल रही है फिर भी उसकी अनुषांगिक मजदूर संघ बी एम एस को भी जोहिला क्षेत्र के प्रबंधन के श्रमिक विरोधी नीतियों के चलते हडताल का रास्ता अख्तियार करना पड रहा है,

जो बेहद निराशा जनक माना जा रहा है। श्रमिकों के हित बध्द सरकार श्रमिकों के हित में कब तक कदम उठायेगी, यह भविष्य के गर्त में छिपा हुआ है।

# शहडोल के वनांचल में 'वन-देवी' को दी गई अंतिम विदाई: मुस्तैदी के साथ जाँच जारी

**समाज जागरण**

शहडोल। प्रकृति के प्रहरी और जंगलों के गौरव 'बाघ' की सुरक्षा के लिए हमारा वन विभाग सदैव संकल्पित है। हाल ही में सोशल मीडिया पर प्रसारित बाघों की मृत्यु से जुड़ी खबरों के बीच, उत्तर वन मण्डल की कमान संभाल रहीं श्रीमती तरूणा वर्मा (भा.व.से.) ने वास्त विक स्थिति स्पष्ट करते हुए विभाग की सजगता का प्रमाण दिया है।

**रणनीतिक तत्परता और जांच**

बीते 1 फरवरी 2026 को जय सिंहनगर परिक्षेत्र के ग्राम करपा (बीट बनचाचर) की राजस्व भूमि पर एक मादा बाघिन का पार्थिव शरीर मिलने की सूचना प्राप्त हुई। खबर मिलते ही वन विभाग ने किसी कुशल रणनीतिकार की तरह मोर्चा संभाला: * घेराबंदी: NTCA और मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक के निदेशों का पालन करते हुए तत्काल पूरे क्षेत्र को सुरक्षित घेरे में लिया गया। * सर्च ऑपरेशन: शिकार या साजिश की हर संभावना को खंगालने के लिए डॉग स्क्वाड के साथ चप्पा-चप्पा छाना गया। * विशेषज्ञ परीक्षण: वन्यजीव चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. राजेश तोमर (BTR) और डॉ. अभय सिंह (STR) की देखरेख में पोस्टमार्टम संपन्न कराया गया

**सम्मानजनक विदाई (अंतिम संस्कार)**

एक योद्धा की भांति, उस मादा बाघिन का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय अनुशासन और गरिमा के साथ किया गया। इस भावुक क्षण में मुख्य वन संरक्षक श्री महेन्द्र प्रताप सिंह, वनमण्डलाधिकारी श्रीमती तरूणा वर्मा, तहसीलदार श्रीमती सुषमा धुर्वे, सरपंच और क्षेत्र संचालक श्री अनुपम सहाय सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**न्याय की ओर कदम**

वन विभाग ने इस मामले में वन अपराध प्रकरण दर्ज कर लिया है। साक्ष्यों को सुरक्षित रखने के लिए पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की गई है। विभाग स्पष्ट करता है कि वन्यजीवों की सुरक्षा में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जाँच की कार्यवाही निरंतर जारी है।

# आमंत्रण कार्ड में दिखाई दी गुटबाजी

**समाज जागरण राजीव कुमार**

अनूपपुर। प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 फरवरी 2026 को अनूपपुर जिले के नगर पालिका परिषद पषान में लोकार्पण समारोह संपन्न होना है। लोकार्पण समारोह में छपाई गए आमंत्रण कार्ड से ही यहां की गुटबाजी साफ दिखाई दे रही है। जन चर्चा के मुताबिक वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष की पटरी बिल्कुल बैठ नहीं रही है जिसका खामियाजा यह हुआ कि आमंत्रण कार्ड में नगर पालिका के उपाध्यक्ष तक का नाम नहीं है जबकि यह लोकार्पण समारोह उन्हीं के वार्ड में हो रहा है। इसके अलावा यह भी चर्चा है कि नगर पालिका के अध्यक्ष ने अपने चहेते पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष का नाम भी विशिष्ट अतिथि में दर्ज कराया है जबकि अनूपपुर विधानसभा एवं कोतमा विधानसभा क्षेत्र से कई वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। आगामी नगर पालिका चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से भी होना है लेकिन जिस प्रकार से गुटबाजी अभी से चालू हो गई है यह पार्टी के लिए नुकसानदायक भी हो सकता है। वैसे भी इस नगर पालिका क्षेत्र में गुटबाजी कोई

नई बात नहीं है यहां कई वर्षों से यही हो रहा है लेकिन जिला मुख्यालय में बैठे नेताओं द्वारा कभी भी गुटबाजी को समाप्त करने की दिशा में ठोस पहल नहीं की गई जिसका परिणाम यह रहा की इस नगर पालिका क्षेत्र में खेमीबाजी बढ़ती ही गई।

# कानपुर में विस्फोट से झुलसे चार बच्चे , जांच में जुटी सचेंडी पुलिस

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां से सचेंडी थाना क्षेत्र में हुए विस्फोट में चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं । उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है । इनमें से 2 बच्चे के चेहरे की पूरी खाल जल गई। पुलिस और फोरेंसिक विस्फोट किससे हुआ इसकी जांच में जुटी है। घटना संचेड़ी थाना क्षेत्र का है।

इस विस्फोट में घायल हुए बच्चों का नाम निहाल, करिया, ऋषि और कृष्णा है। इसमें निहाल और करिया सगे भाई हैं। इन सभी की उम्र 7 से 8 साल है। ये सभी बच्चे दोपहर 12 बजे शौंच करने के लिए एक साथ घर से निकले थे। मौके पर पहुंची पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक वहां से लौटने के दौरान बच्चों को रास्ते में राख की तरह पॉलीथीन में कोई विस्फोटक मिला। बच्चे उसे उठा लाए। घर के बाहर बच्चों ने आग जलाई और उसमें पॉलीथीन रखी। वैसे ही उसमें विस्फोट हो गया। जिससे बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। जिसके बाद परिवार के लोग पास के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इन सभी का प्राथमिक उपचार कराने के लिए जिला अस्पताल उर्सला में एडमिट करा गया गया है। बच्चों को इलाज चल रहा है। पुलिस को निहाल के पिता दीनू वही ने बताया कि बच्चे कही से कूड़ा बिनकर लाये थे उस कूड़े में एक पन्नी में कुछ विस्फोटक पदार्थ था। बच्चों ने आग जलाई और पालीथीन उसमें डाल दी। इसके बाद उसमें विस्फोट हो गया। विस्फोट में चार बच्चे झुलस गए। जिस जगह घटना हुई। वहां करीब 150 से अधिक लोग रहते हैं। डीसीपी वेस्ट ने बताया कि पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच के लिए विस्फोट वाली जगह और जहां पर विस्फोटक मिला था दोनों जगह जांच की है। विस्फोटक किस तीव्रता का और क्या था इसकी जांच के लिए पॉलीथीन का सैंपल लिया गया है। फिलहाल विस्फोटक वहां कैसे पहुंचा पुलिस द्वारा इसकी भी जांच की जा रही है।

# आगामी शबे-बरात पर्व को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु जनपद में पीस कमेटी बैठकों का आयोजन

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। आगामी त्यौहार शबे-बरात के दृष्टिगत जनपद में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आज दिनांक 02.02.2026 को जनपद के राजपत्रित अधिकारीगण एवं थाना प्रभारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में मुस्लिम धर्मगुरुओं एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों के दौरान उपस्थित धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों से त्यौहार को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं परंपरागत तरीके से मनाने की अपील की गई। साथ ही, सार्वजनिक स्थलों पर अनुशासन बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने, किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना को



साझा न करने तथा आपसी भाईचारे को सुदृढ़ बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा, विवाद अथवा आपात स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके। जनपद पुलिस द्वारा कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सतत गश्त एवं निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। पीस कमेटी के सदस्यों द्वारा पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा गया कि शबे-बरात पर्व आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांति के साथ मनाया जाएगा। जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे त्यौहार के दौरान शांति बनाए रखें, प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की सूचना अथवा समस्या के लिए नजदीकी थाना अथवा पुलिस हेल्पलाइन 112 से संपर्क करें।

# सोनभद्र पुलिस की माह जनवरी 2026 में बड़ी सफलता

## CEIR पोर्टल के माध्यम से 151 खोए मोबाइल फोन (कीमत लगभग ₹30 लाख) बरामद कर स्वामियों को लौटाए

**समाज जागरण/**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में साइबर अपराध की रोकथाम, खोए/गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी तथा आमजन को त्वरित तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद सोनभद्र पुलिस को माह जनवरी 2026 में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। इस अभियान के तहत सर्विलांस सेल, एसओजी टीम तथा जनपद के समस्त थानों की संयुक्त टीमों द्वारा CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल के माध्यम से तकनीकी विश्लेषण एवं सतत मॉनिटरिंग करते हुए कुल 151 मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग ₹30 लाख है, सफलतापूर्वक ट्रेस कर बरामद किए गए। बरामद किए गए सभी मोबाइल फोन को विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए



उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। अपने बहुमूल्य मोबाइल पुनः प्राप्त होने पर नागरिकों द्वारा अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा जनपद सोनभद्र पुलिस की तत्परता, पारदर्शिता एवं जनहितकारी कार्य शैली की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व माह दिसंबर 2025 में भी सोनभद्र पुलिस द्वारा 253 खोए मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को लौटाए गए थे। लगातार दो माह में मिली यह सफलता जनपद पुलिस की तकनीकी दक्षता, अथक प्रयास एवं आमजन के प्रति संवेदनशील कार्यशैली को दशार्ती है।

पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा इस सराहनीय उपलब्धि हेतु सर्विलांस सेल, एसओजी टीम एवं संबंधित थाना प्रभारियों/कर्मचारियों के कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार जनसेवा के लिए प्रोत्सा हित किया गया।

# ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए राष्ट्रीय रणनीति और रोडमैप

पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास एवं प्रचार, जिसमें ग्रामीण पर्यटन शामिल है, संबंधित राज्य सरकार/केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) प्रशासन द्वारा किया जाता है। आदिवासी क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, पर्यटन मंत्रालय ने 'आदिवासी क्षेत्रों में होमस्टे का विकास' (स्वदेश दर्शन योजना का उप-योजना) के लिए राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासनों द्वारा प्रस्ताव तैयार करने के लिए दिशानिर्देश और टेम्पलेट जारी किए हैं, जो प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान (पीएम-जुगा) के अंतर्गत है। इस पहल का उद्देश्य आदिवासी क्षेत्रों में होमस्टे विकसित करना है ताकि जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा मिले और आदिवासी समुदायों के लिए आजीविका के अवसर बढ़ें। दिशानिदेशों में होमस्टे मालिकों के लिए तकनीकी कौशल विकास और प्रशिक्षण पर भी ध्यान दिया गया है। इस पहल के तहत 1000 होमस्टे विकसित किए जाएंगे, जिसमें ग्राम समुदाय की आवश्यकताओं के लिए अधिकतम ड्ट5 लाख, प्रत्येक घरेलू इकाई के लिए दो नए कमरों के निर्माण के लिए अधिकतम ड्ट5 लाख और प्रत्येक घरेलू इकाई के मौजूदा कमरों के नवीनीकरण के लिए अधिकतम ₹3 लाख का समर्थन शामिल है।पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक अनुभव को बेहतर बनाने और पर्यटन स्थलों को टिकाऊ एवं जिम्मेदार गंतव्यों में बदलने के लिए स्वदेश दर्शन 2.0 योजना की उप-योजना के रूप में 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' के लिए दिशानिर्देश तैयार किए हैं। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से भारत का समग्र प्रचार करता है। चल रही गतिविधियों के हिस्से के रूप में ग्रामीण होमस्टे और ग्रामीण पर्यटन का प्रचार भी किया जाता है।

# ऐसे 5 फर्मेंटेड फूड जिनसे मजबूत होती है गट हेल्थ, डाइट में करें शामिल

**हमारी सेहत का सीधा रिश्ता पेट से जुड़ा होता है. अगर पेट सही न हो तो शरीर में समस्याएं आने लगती हैं. लेकिन वहीं, अगर पाचन तंत्र सही तरीके से काम कर रहा हो तो जरूरी पोषक तत्व भी मिल जाते हैं और इम्यूनिटी सिस्टम भी मजबूत रहता है. इसके अलावा एनर्जी और मूड भी बेहतर रहता है. लेकिन आज कल लोगों की डाइट काफी अनहेल्दी हो गई है. बाहर का जंक फूड खा-खाकर लोगों ने अपनी गट हेल्थ बिगाड़ ली है, जिससे गैस, कब्ज और ब्लोटिंग की समस्या होना आम हो गया है.**



गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए कई ऐसी चीजें हैं जिन्हें आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं, जिनमें सबसे असरदार हैं फर्मेंटेड फूड्स. ये ऐसे फूड्स है जिनमें नेचुरली बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक्स) की संख्या बढ़ती है. जो पाचन को सुधारने में मदद करते हैं. चलिए जानते हैं किन फर्मेंटेड फूड को आप अपनी डाइट में शामिल करके गट हेल्थ को बेहतर बना सकते हैं.

## चेडर चीज़ का करें सेवन

चेडर चीज़ स्वाद में तो लाजवाब होती ही है, साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर भी होती है. इसमें प्रोटीन, फैट, कैल्शियम, फास्फोरस और विटामिन के2 भी पाया जाता है. इसमें कैल्शियम होने की वजह से हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है. वहीं, विटामिन के5 हार्ट हेल्थ को हेल्दी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इतना ही नहीं, ये आंतो के कामकाज को भी बेहतर बनाने में हेल्प करता है, जिससे पाचन बेहतर रहता है.

## प्रोबायोटिक अचार भी है लिस्ट में

गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए प्रोबायोटिक अचार भी काफी फायदेमंद होता है. इसमें बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक) होता है जो अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने का काम करता है. हालांकि, ध्यान रखें कि सिर्फ फर्मेंटेड और नमक के पानी में बने अचार ही प्रोबायोटिक्स प्रदान करते हैं और गट हेल्थ को बेहतर बनाने में हेल्पफुल हैं.



## किमची भी है अच्छा ऑप्शन

किमची पत्ता गोभी के पत्ते से बनी कोरिया की एक बेहद पॉपुलर डिश है. इसे भी फर्मेंट करके बनाया जाता है, जिसकी वजह से इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को बेहतर करते हैं. इसका सेवन करने से कब्ज , गैस और पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है.



## दही भी है फायदेमंद

NCBI की रिसर्च के मुताबिक, दही भी गट हेल्थ को बेहतर बनाने में मददगार है. इसमें मौजूद प्रोबायोटिक अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं. इससे पाचन दुरुस्त होता है और गट माइक्रोबायोम को बैलेंस करता है. दही में मौजूद Lactobacillus और Bifidobacterium इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में हेल्प करते हैं.

## गट हेल्थ के लिए कांजी

कांजी भी गट हेल्थ के लिए एक बेनिफिशियल ड्रिंक है. इसमें नेचुरली प्रोबायोटिक पाए जाते हैं, जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को दुरुस्त करने में मदद करते हैं. इससे पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है. ये ड्रिंक एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर से भरपूर होती है, जो आंत को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं.

# फेस्टिव सीजन में मिठाई बनाते समय अपनाएं ये टिप्स

**फेस्टिवल सीजन यानी घर में खुशियां, रौनक और सबसे जरूरी मिठाइयों की मिठास. दिवाली से लेकर भाई दूज सभी त्यौहार या किसी खास अवसर पर कुछ लोग घर पर मिठाई बनाते हैं. हालांकि कई बार मिठाइयों का स्वाद या टेक्सचर सही नहीं आता, जिससे पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है. ऐसे में मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.**

धनतेरस से फेस्टिव सीजन की शुरुआत हो जाएगी और भाई दूज तर देशभर में इसकी धूम देखने को मिलेगी. इस दौरान सभी अपनों घरों को डेकोरेट करते हैं. हर खुशी, सौभाग्य और फेस्टिवल के मौके पर लोग एक दूसरे का मुंह मीठा करवाते हैं. सभी तरह के त्यौहार और पूजा में भी मिठाइयां को भाग भगवान को लगाया जाता है और प्रसाद के रूप में यह बहुत महत्वपूर्ण होती है. इसी तरह दिवाली पर भी लोग एक दूसरे को घर मिठाइयां और गिफ्ट्स देने जाते हैं. मिठाइयों की दुकानों में इस दौरान बहुत भीड़ देखने को मिलती है, उसी तरह कई जगहों से मिलावट की खबरें में सामने आती हैं.

मिठाई बनाते समय कुछ मिलावटखोर अपने फायदे के लिए इसमें मिलावट करते हैं. जिसे खाने के बाद व्यक्ति की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है. ऐसे में कई लोग घर पर मिठाई बनाने के बारे में सोचते हैं. लेकिन मिठाई का टेस्ट सही नहीं आ पाता है. दरअसल कई बार छोटी-छोटी गलतियों की वजह से स्वाद या बनावट खराब हो जाती है. इसलिए मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.




## सही क्वालिटि के इंग्रीडिएंट्स

सबसे जरूरी बात कि मिठाई बनाने में उपयोग किए जाने वाले इंग्रीडिएंट्स जैसे कि दूध, खोया, मावा, घी, बेसन, चीनी और ड्राई फ्रूट्स यह सभी अच्छी क्वालिटि के हों. बासी या फिर खराब इंग्रीडिएंट्स मिठाई का स्वाद बिगड़ सकते हैं. ताजा दूध और मावा, ताजा देसी घी और साफ चीनी का उपयोग करें. आप बिना मसाले वाले गुड़ का भी उपयोग कर सकते हैं.

## सही क्वांटिटी

मिठाई या फिर कोई भी खाने की चीज बनाते समय इंग्रीडिएंट्स को नाप तौल कर डालना बहुत मायने रखता है. सभी को देखकर रेसिपी के अनुसार माप कर ही डालें. कोई चीज ज्यादा या कम होने से स्वाद खराब हो सकता है. जैसे कि लड्डू बनाते समय घी कम डाला को वह सख्त बनेंगे और ज्यादा डालने से वह बहुत ज्यादा सॉफ्ट बन सकते हैं.

## चीनी की चाशनी का सही टेक्सचर

रसगुल्ला, बर्फी, गुलाब जामुन और जलेबी जैसी मिठाइयों के लिए चाशनी जरूर बनाई जाती है. ऐसे में पहले इसे बनाने की विधि को सही से समझें. 1 तार वाली चाशनी का उपयोग गुलाब जामुन, जलेबी और इमरती और मीठी बूंदी के लिए किया जाता है, तो मिठाई चाशनी को एब्जॉर्ब कर लेती है. वहीं 2 तार चाशनी यूज , गुझिया, मठरी और शकर पारे में डाला जाते हैं, जो परोसते समय ऊपर चढ़ाई जाती है. 3 तार चाशनी का उपयोग बूरा, बर्फी या बताशे बनाने के लिए किया जाता है.

## खोया या मावा घर पर बनाएं

अगर संभल हो तो खोया या मावा बाजार से लाने की बजाय घर पर बनाएं. यह ज्यादा ताजा और शुद्ध होता है और इससे मिठाई का स्वाद भी बेहतर होगा. दूध को धीमी आंच पर लगातार चलाते हुए गाढ़ा करें. जब तक वह मावे जैसा गाढ़ा न हो जाए, पकाते रहें. ध्यान रखें दूध कढ़ाई पर न चिपके.

## ज्यादा मात्रा में न बनाएं

अगर आप पहली बार कोई मिठाई बना रहे हैं, तो कम मात्रा में बनाएं. इसका स्वाद और टेक्स्चर चेक करें. इससे इंग्रीडिएंट्स खराब नहीं होंगे और आप उसमें सुधार भी कर सकेंगे. मिठाई को एयरटाइट कंटेनर में रखें. मिठाई बनाते समय बर्तन और किचन की सफाई का विशेष ध्यान रखें.

## अपनाएं ये टिप्स

ज्यादातर मिठाइयों धीमी आंच पर पकाई जाती हैं. जिससे कि उनका स्वाद खराब न हो. खोया या बेसन को भूनते समय आंच कम रखें, वरना यह जल सकता है. घी में तले वाली मिठाइयां जैसे कि गुलाब जामुन को धीमी आंच पर ही तलें, ताकि वो अंदर तक ठीक से पक जाए. इसके साथ ही सही बर्तन का उपयोग करें.

# किशनगंज में इंटरमीडिएट परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



किशनगंज जिले में इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा 2026 के पहले दिन सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त माहौल में सम्पन्न हुई। जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। परीक्षा के दौरान एसडीएम अनिकेत कुमार, एसडीपीओ गौतम कुमार एवं साइबर डीएसपी रवि शंकर ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने केंद्राधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रथम पाली में कुल 2446 परीक्षार्थी आवंटित थे, जिनमें से 2398 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 48 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। वहीं द्वितीय पाली में कुल 382 परीक्षार्थियों में से 363 उपस्थित हुए तथा 19 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। किसी भी परीक्षा केंद्र से निष्कासन अथवा कदाचार की कोई सूचना नहीं मिली। परीक्षा के सफल एवं सुचारु संचालन को लेकर सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई थी। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

# किशनगंज में यातायात व्यवस्था में बदलाव, दो फरवरी से लागू

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 234 के तहत अधिसूचना जारी करते हुए शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से 2 फरवरी 2026 से नई यातायात व्यवस्था लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार बहादुरगंज मोड़ से एनएच-327 की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों के लिए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। नई व्यवस्था के तहत बहादुरगंज से पूर्णियाँ की ओर जाने वाले सभी वाहन बहादुरगंज मोड़ से बाईं ओर मुड़कर ओवरब्रिज के नीचे से खगड़ा रेलवे फाटक होते हुए एनएच-327 पर पहुंचेंगे और वहां से सीधे कानकी, दालखोला एवं पूर्णियाँ की ओर जाएंगे। वहीं बहादुरगंज से किशनगंज बस स्टैंड एवं सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन बहादुरगंज मोड़ से बाईं ओर टर्न लेकर ओवरब्रिज के नीचे से खगड़ा रेलवे फाटक होते हुए एनएच-327 पर पहुंचेंगे। इसके बाद इमाम बुखारी यूनिवर्सिटी के पास बने यू-टर्न से किशनगंज बस स्टैंड एवं सिलीगुड़ी की ओर जाएंगे। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने स्पष्ट किया है कि नई यातायात व्यवस्था का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह बदलाव शहर में जाम की समस्या को कम करने और यातायात को अधिक सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

# जनता के लिए विशेष सुविधाः हर सोमवार और शुक्रवार अधिकारियों से सीधे मिलें

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



2 फरवरी : बिहार सरकार की सात निश्चय-3: सबका सम्मान - जीवन आसान योजना के तहत किशनगंज जिले में जनता की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने सभी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनता को सरकारी सेवाओं में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस योजना के तहत अब हर सोमवार और शुक्रवार को लोग सीधे संबंधित अधिकारियों से मिलकर अपनी शिकायतें प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित दिनों में अधिकारी जनता से सम्मान और संवेदन शीलता के साथ मिलेंगे और शिकायतों का त्वरित निस्तारण करेंगे। यदि कोई अधिकारी अनुपस्थित हों, तो उनके अधिकृत अधिकारी जनता से मिलेंगे। साथ ही, सभी कार्यालयों में जनता के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल और शौचालय जैसी सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएँगी। प्राप्त शिकायतों को पंजी में दर्ज किया जाएगा और उनका नियमित अनुश्रवण किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने इस आदेश का अक्षरशः पालन करने और जनता की शिकायतों का समय पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जनता से अनुरोध है कि अपने आवश्यक मामलों के लिए सोमवार और शुक्रवार को संबंधित कार्यालयों में जाएँ।

# पटना के पालीगंज में निकली भव्य शोभा यात्रा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज के समीप धरहरा गांव में शिव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जानकारी के अनुसार पटना जिले के पालीगंज प्रखण्ड स्थित धरहरा गांव में ग्रामीणों की ओर से शिव मंदिर जा जीर्णोद्धार कराया गया है। जिसमे शिव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को मंदिर परिसर से भब्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसके दौरान डीजे की धुन पर जय श्रीराम का नारेवाजी तथा जयघोष करते हुए सैकड़ो महिला व पुरुष श्रद्धालुओ ने सिर पर कलश लेकर चल रहे थे। यह यात्रा पालीगंज बाजार से होकर निरखपुर, फतेहपुर, सेहरा व चंदोस होते हुए मठिया गांव स्थित पुनपुन नही पहुंचे। जहां पंडितों ने मंत्रोच्चार कर श्रद्धालुओ को जलभरि कराया। जहां से श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश लेकर धरहरा गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में लौट गए। वही वाराणसी काशी जी से पहुंचे यज्ञाचार्य श्री मनजंय दीक्षित ने पूरे बिधि विधान के साथ मंत्रोच्चारण के साथ पूजा पाठ तथा पंचदिवसिय संगीतमय श्रीराम कथा महामहोत्सव की शुरूआत कराया। जिसकी जानकारी देते हुए यज्ञ के संरक्षक चंद्रसेन कुमार वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत दो फरवरी अर्थात दिन सोमवार को की गई है जिसकी पूणार्हुति सात फरवरी दिन शनिवार को भंडारे का साथ कराई जाएगी। इस दौरान प्रतिदिन संध्या के समय अयोध्या धाम से आये संत प्रभुदासजी महाराज के द्वारा संगीतमय श्रीराम कथा की प्रस्तुति की जाएगी। शोभायात्रा के दौरान पूर्व मुखिया चंद्रसेन कुमार वर्मा, शिव दयाल प्रसाद, जवाहर गुप्ता सहित दर्जनों कार्य कर्ताओ ने सक्रिय भूमिका निभाया।

# बालिकाओं के लिए सुरक्षित भविष्य : एचपीवी टीकाकरण अभियान जारी

## 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से सुरक्षा का जीवनभर का कवच

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



2 फरवरीः महिलाओं में गंभीर और जानलेवा कैंसरों में से एक गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव के लिए किशनगंज में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य देने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। जिले के सभी प्रखंडों में विद्यालय और समुदाय स्तर पर विशेष टीकाकरण कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। बालिकाओं को एचपीवी का टीका दो डोज में दिया जाता है, जिससे उन्हें गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से संपूर्ण सुरक्षा मिल सके।

सोमवार को जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार ने बहादुरगंज प्रखंड में अभियान का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि बालिकाओं और अभिभावकों को टीके का महत्व और दोनों डोज की अनिवार्यता समझाई जाए। सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि किशोरावस्था में दिया गया एचपीवी टीका बालिकाओं को जीवनभर गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से सुरक्षित रखता है। टीकाकरण के बाद बालिकाओं को कुछ समय निगरानी में रखा जाता है, ताकि किसी भी असुविधा पर तुरंत चिकित्सा सहायता मिल सके। एचपीवी संक्रमण लंबे समय तक बिना लक्षण रह सकता है, लेकिन किशोरावस्था में टीकाकरण कराने से सर्वाइकल कैंसर की संभावना लगभग समाप्त हो जाती है। स्वास्थ्य विभाग का यह अभियान बालिकाओं को स्वस्थ, सुरक्षित और कैंसर-मुक्त भविष्य देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पटना के पालीगंज में सड़क किनारे खड़े पेड़ में बाइक सवार ने मारी टक्कर

## एक कि हुई मौत, दो घायल रेफर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव के पास सड़क किनारे खड़े पेड़ में सोमवार को एक बाइक अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया। इस हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गयी जबकि दो बाइक सवार गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह एक तेज रफ्तार बाइक पालीगंज रानितलाब मुख्य सड़क से होकर गुजर रही थी। अभी



वह पटना जिले के पालीगंज थाना अंतर्गत फतेहपुर गांव के पास पहुंच ही था कि अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी पेड़ सड़ टकरा गई। इस हादसे में बाइक पर सवार तीन युवकों ने सड़क पर गिरकर गम्भीर रुप से घायल हो गया। जिसे देख आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे तथा घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने लगे। इसी दौरान एक घायल की मौत रास्ते मे ही हो गया। जबकि दो घायलों की गम्भीर स्थिति को देख प्राथमिक इलाज के बाद पालीगंज अस्पताल से पटना पीएमसीएच भेजा गया है। वही मृतक की पहचान पालीगंज थाना क्षेत्र के पैपुरा गांव निवासी प्रभु पासवान के पुत्र रवि पासवान के रूप में हुआ है। जबकि घायलों की पहचान कमलेश राम के 22 वर्षीय पुत्र गौतम कुमार व प्रमोद पासवान के पुत्र शिव कुमार के रूप में हुआ है। पुलिस के अनुसार मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दी गयी है। मामले की जांच की जा रही है।

# बिहार बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 की हुई शुरूआत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा सोमवार यानी 2 फरवरी से शुरू हो गई। यह परीक्षा 13 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा के पहले ही दिन राज्यभर में सख्ती, अव्यवस्था और भावुक दृश्य एक साथ देखने को मिले। सुबह नौ बजे सभी परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार बंद कर दिए गए, जिसके बाद कई परीक्षार्थी बाहर ही रह गए। छात्राएं देर से आने के कारण फूट-फूट कर रोती दिखीं। परीक्षा को नकलमुक्त और अनुशासित बनाने के लिए बोर्ड ने इस बार बेहद कड़े इंतजाम किए हैं। राज्य के 1,762 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में इंटरमीडिएट की परीक्षा कराई जा रही है। पहले दिन पहली पाली में जीवविज्ञान और दूसरी पाली में अर्थशास्त्र की परीक्षा आयोजित की गई। बोर्ड के निर्देश के अनुसार सुबह नौ बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाना था। इसी नियम के चलते कई जिलों में छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पटना के बांकीपुर गर्ल्स हाई स्कूल, गांधी मैदान स्थित केंद्र पर एक छात्रा के लेट होने पर उसकी मां गेट के बाहर हाथ जोड़कर गार्ड से विनती करती नजर आई, लेकिन नियम के कारण प्रवेश नहीं मिल सका। परीक्षा के दौरान नकल रोकने के लिए बोर्ड ने इस बार सुरक्षा जांच को और सख्त कर दिया है। जिलों के परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के जूते उतरवा दिए गए। ठंड के मौसम में छात्रों को नंगे पांव परीक्षा देनी पड़ी। छात्रों की बेल्ट तक उतरवाई गई। पटना के शास्त्रीनगर स्थित कन्या मध्य विद्यालय में प्रवेश से पहले मुस्लिम छात्राओं का हिजाब हटवाया गया, जिसे लेकर अभिभावकों में नाराजगी भी देखने को मिली। इस बार बोर्ड ने छात्राओं के लिए विशेष मॉडल परीक्षा केंद्र भी बनाए हैं। इन केंद्रों को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया है। यहां केवल छात्राएं ही परीक्षा दे रही हैं। बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में इस वर्ष कुल 13,17,846 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इनमें 6,75,844 छात्राएं और 6,42,002 छात्र हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली सुबह और दूसरी पाली दोपहर बाद शुरू हो रही है। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखा गया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले कई स्तरों पर जांच से गुजरना पड़ा। प्रवेश पत्र और आधार कार्ड की जांच के बाद ही अंदर जाने की अनुमति दी गई। पेंसिल बॉक्स या पाउच ले जाने पर रोक लगाई गई है। परीक्षार्थियों को केवल हाथ में कलम, पेंसिल और जरूरी कागजात ले जाने की अनुमति मिली। परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। न तो परीक्षार्थी और न ही निरीक्षक मोबाइल लेकर जा सकते हैं। केवल केंद्राधीक्षक को विशेष परिस्थितियों में मोबाइल रखने की अनुमति है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इस बार प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिका में भी नई व्यवस्था लागू की है। प्रत्येक विषय में 50 प्रतिशत प्रश्न वस्तुनिष्ठ यानी बहुविकल्पीय होंगे। वर्णनात्मक प्रश्नों में भी विकल्प दिए गए हैं। उत्तर पुस्तिका और उत्तर अंकन पत्रक पर बारकोड अंकित रहेगा, जिससे जांच के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी की संभावना कम हो जाएगी। परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र और उत्तर पत्रक समझने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय भी दिया गया है। इस दौरान केवल प्रश्न पढ़ने की अनुमति होगी, उत्तर लिखना मना रहेगा।

# सेवानिवृत शिक्षक को दी गई विदाई

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ ।प्रखंड के खरना पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय भांडेरी के पूर्व प्रधानाध्यापक प्रवीण पाठक सोमवार को सेवानिवृत हो गए।सेवानिवृत शिक्षक को समारोह पुर्वक विदाई दी गई। खरना पंचायत की मुखिया निर्मला देवी एवं शिक्षकों ने सेवानिवृत प्रधानाध्यक प्रवीण पाठक को शिक्षा के क्षेत्र में उनके निष्ठा ,ईमानदारी एवं और दूरदर्शिता की प्रशंसा किया।उन्हें अंगवस्त्र



व बुके भेंटकर कर विदाई दी गई।वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके सुखद, दिघार्यु एवं उज्वल भविष्य की कामना की।मौके पर मुखिया निर्मला देवी, पंसस चांदमुनी हेंब्रम,वार्ड सदस्य विमला देवी,शिबू सोरेन विद्यालय के शिक्षक,छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# दुबई में फंसे झारखंड के 14 मजदूर, सरकार से लगाई वतन वापसी की गुहार

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़,दैनिक समाज जागरण।**



विष्णुगढ़ ।झारखंड के प्रवासी मजदूर एक बार फिर विदेश में फंस गए हैं ।झारखंड के गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो के 14 प्रवासी मजदूर इस बार दुबई में फंसे हुए हैं ।कंपनी के द्वारा मजदूरों के बीच काम के बदले मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है ।साथ ही समय से अधिक काम कराया जा रहा है ।इससे मजदूरों को वहां रहने एवं खाने-पीने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।विदेश में फंसे मजदूरों ने एक वीडियो भेजकर अपनी पीड़ा को साझा करते हुए सरकार से मदद की अपील की है ।प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले सिकन्दर अली को मजदूरों ने वीडियो भेजा है ।मजदूरों के द्वारा भेजे गए वीडियो को उन्होंने मीडिया के साथ साझा किया है ।सामाजिक कार्यकर्ता सिकन्दर अली ने केंद्र और राज्य सरकार से मजदूरों के सकुशल वतन वापसी के लिए ठोस कूटनीतिक पहल करने की मांग की है ।उन्होंने कहा कि विदेशों में फंसने वाले मजदूरों का यह कोई पहला मामला नहीं है ।इससे पहले भी कई बार प्रवासी मजदूर ज्यादा पैसे कमाने की लालच में विदेश जाकर फंस चुके हैं ।काफी मशक्कत के बाद उनकी वतन वापसी कराई गई। इसके बावजूद प्रवासी मजदूर पुरानी घटनाओं से सबक नहीं ले रहे हैं ।गिरिडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के मधगोपाली पंचायत (दूधपनिया गांव) निवासी प्रवासी श्रमिक विजय कुमार महतो की मौत 23 अक्टूबर 2025 को सऊदी अरब में हुई है ।घटना के तीन माह बाद भी शव अभी तक देश नहीं लाया जा सका है और न ही परिजनों को मुआवजा मिला है ।दुबई में फंसे मजदूरों में गिरिडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिचाकी के रोशन कुमार और अजय कुमार,बगोदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत के तिरला के राजेश महतो और मंडरो, डुमरडेली के अजय कुमार। बोकारो जिले के पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कंजकीरो के डालेश्वर महतो। हजारीबाग जिले के बिष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत खेदाडीह के जागेश्वर महतो और फालेन्द्र महतो, सिरैय के बैजनाथ महतो, पारजोरिया के दिलीप महतो,गंगाधर महतो और त्रिलोकी महतो, चकचुको बसरिया के दीपक कुमार, गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत के गोरहर के रोहित महतो और सेवा महतो शामिल हैं ।ये सभी मजदूर पिछले ऑक्टूबर 2025 को ईएमसी की कंपनी में ट्रांसमिशन लाइन में काम करने के लिए दुबई गए थे,लेकिन पिछले तीन महीने से किसी भी मजदूर को ठीक से वेतन नहीं मिला है ।जिसकी वजह से सभी मजदूर खाने के लिए मोहताज हो गए हैं।

# सांसद सामूहिक विवाह कार्यक्रमः पदमा से 5 वर और 2 कन्याओं का चयन

## ●गरीब परिवारों के लिए आशा और सम्मान का प्रतीक बना आयोजन●

**पंकज कुमार पाठक, दैनिक समाज जागरण**




पदमा -हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद मनीष जायसवाल द्वारा विगत कई वर्षों से संचालित सामूहिक विवाह कार्यक्रम गरीब, असहाय और जरूरतमंद परिवारों के लिए उम्मीद की एक मजबूत किरण बनकर उभरा है। इसी क्रम में वर्ष 2026 का सामूहिक विवाह समारोह आगामी 8 फरवरी को रामगढ़ में आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इस भव्य सामाजिक आयो जन के अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र से 101 जोड़ों का विवाह सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं और चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसी कड़ी में पदमा प्रखंड से 5 वर एवं 2 कन्याओं का चयन किया गया है। चयनित परिवारों में इस खबर के बाद से ही खुशी का माहौल है। आर्थिक तंगी के कारण विवाह को लेकर चिंतित रहने वाले माता-पिता के चेहरों पर अब सुकून और संतोष साफ झलक रहा है। कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का सबसे बड़ा सहारा बताया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम न केवल बेटियों के सम्मान और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक मजबूत पहल है, बल्कि समाज में समानता और सामाजिक सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है। ग्रामीणों ने सांसद मनीष जायसवाल के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को भी सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर प्रदान करते हैं। यह कार्यक्रम केवल विवाह नहीं, बल्कि संवेदन शील नेतृत्व और सामाजिक जिम्मे दारी का जीवंत उदाहरण है।

# कुकडू प्रखंड में संपूर्णता अभियान 2.0 का भव्य शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ः कुकडू प्रखंड परिसर में सोमवार को संपूर्णता अभियान 2.0 का उद्घाटन समारोह प्रखंड प्रमुख प्रतिमा बाला पातर की गरिमामयी अध्यक्षता में विधिवत रूप से आयोजित किया गया। यह अभियान 28 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य प्रखंड स्तर पर समग्र विकास को गति प्रदान करना है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं की रचनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी धरनी प्रमाणिक के स्वागत भाषण से हुआ। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया। आकांक्षी प्रखंड फेलो सागर कुमार ने संपूर्णता अभियान 2.0 का विस्तृत परिचय देते हुए इसके छह प्रमुख संकेतकों पर प्रकाश डाला तथा अभियान के उद्देश्यों एवं कार्ययोजना की जानकारी दी। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी राजश्री ललिता बाखला ने अपने संबोधन में अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंतर-विभागीय समन्वय एवं सामुदायिक सहभागिता से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन



पर विशेष बल दिया। इसके उपरांत प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी हरेलाल महतो ने प्रखंड स्तरीय प्रतिबद्धता एवं कार्ययोजना प्रस्तुत की, वहीं पीएचईडी के कनीय अभियंता सुनील बाखला ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। साथ ही विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों, जिनमें ICDS की आंगनवाड़ी सेविकाएँ, कृषि विभाग के BTM, शिक्षा विभाग के MIS तथा स्वास्थ्य विभाग की सहियाएँ शामिल थीं, ने अपने-अपने विभाग की कार्ययोजनाएँ प्रस्तुत कीं। अध्यक्षीय संबोधन में प्रखंड प्रमुख प्रतिमा बाला पातर ने सभी विभागों से समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया तथा अभियान को सफल बनाने में जनसहभागिता की अहम भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा शपथ ग्रहण समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने संपूर्णता अभियान 2.0 के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# मीडिया कप क्रिकेट का आगाज, हुडको एकादश ने डिमना एकादश को आठ विकेट से हराया

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता ,बिकाश**




जमशेदपुर : कीनन स्टेडियम में सोमवार से मीडिया कप क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मुकाबले में हुडको एकादश ने डिमना एकादश को आठ विकेट से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डिमना एकादश ने निर्धारित 15 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 108 रन बनाए। टीम की ओर से अमजद ने 21 गेंदों पर 32 रन और शेखर ने 29 गेंदों पर 22 रन की पारी खेली। हुडको की ओर से गेंदबाजी में जीतेंद्र और रंधीर को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हुडको एकादश ने मात्र 13.2 ओवर में दो विकेट खोकर 113 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। राघवेंद्र ने 38 गेंदों पर शानदार 42 रन बनाए, जबकि जीतेंद्र ने 22 गेंदों पर 22 रन का योगदान दिया। डिमना की ओर से राज प्रसाद और सुरेंद्र को एक-एक विकेट मिला। राघवेंद्र को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। इससे पूर्व उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें टाटा स्टील के वीपी-सीएस डी.बी. सुंदर रामम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं विधायक सरयू राय, शेखर डे तथा टीएस यूआई एसएल के प्रबंध निदेशक अतुल भटनागर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अपने संबोधन में डी.बी. सुंदर रामम ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि खेल भावना से ही खेल को आगे बढ़ाया जा सकता है। विधायक सरयू राय ने पत्रकारों द्वारा की गई इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन आपसी मेल-जोल और खेल भावना को बढ़ावा देते हैं। शेखर डे ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ भाईचारे को भी मजबूत करती हैं। अतुल भटनागर ने भी मीडिया कप क्रिकेट आयोजन की प्रशंसा की। समारोह में प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, महासचिव विनय पूर्ती और कोषाध्यक्ष अजय महतो ने अतिथियों को पौधा और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर टाटा स्टील खेल विभाग के प्रमुख मनीष सिन्हा, कृपाल सिंह, संजय कुमार मिश्रा, सतीश सिंह, दैनिक भास्कर के संपादक कुमार भवानंद, प्रभात खबर के संपादक संजय मिश्रा, चमकता आईना के संपादक जयप्रकाश राय, आनंद कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन न्यू इस्पात मेल के संपादक बृजभूषण सिंह ने किया। अतिथियों ने मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और मैच के शुभारंभ की घोषणा की।